वर्ष-31, अंक- 283, पृष्ठ-12 | श्रावण शुक्ल पक्ष 06, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
30 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10




## एक नजर

### पलामू एसीबी की टीम ने रोजगार सेवक को पांच हजार रुपए घूस लेते किया गिरफ्तार

**लातेहार।** पलामू एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लातेहार के मनिका प्रखंड के बरवैया पंचायत के रोजगार सेवक चंदन कुमार को 5000 रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने रोजगार सेवक को मनिका स्थित डेरा से ही उसकी गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम अपने साथ पलामू ले गई। इसकी पुष्टि विभाग के वही एसीबी डीएसपी ने बताया कि सूअर शेड निर्माण पूरा हो गया था। पैसे निकासी के लिए रोजगार सेवक के द्वारा 5000 रुपए घूस मांगा गया था। लेकिन लाभुक घूस नहीं देना चाहता था। उन्होंने इसकी सूचना एसीबी टीम को दी। एसीबी के टीम ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की। एसीबी टीम की कार्रवाई के बाद प्रखंड व जिले के कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

# बाघ सुरक्षित रहेंगे तो हमारे जंगल भी जीवित रहेंगे : राधाकृष्ण किशोर

- बेतला में भव्य रूप से मना 16वां विश्व व्याघ्र दिवस, बाघ संरक्षण पर हुआ मंथन
- वन्यजीव संरक्षण, मानव-बाघ संघर्ष और पुनर्वास योजनाओं पर हुई चर्चा, मंत्रियों और अधिकारियों ने साझा किए विचार

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेतला।** लातेहार के बेतला राष्ट्रीय उद्यान परिसर में मंगलवार को पलामू व्याघ्र परियोजना के तत्वावधान में 16वां अंतरराष्ट्रीय विश्व व्याघ्र दिवस समारोह भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, जीप अध्यक्ष, डिप्टी डायरेक्टर पी जेना एवं जीप सदस्य संतोषी शेखर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पलामू टाइगर प्रोजेक्ट के क्षेत्र निदेशक सह मुख्य वन संरक्षक एवं भारतीय वन सेवा के अधिकारी केएसआर नटेश, मुख्यमंत्री प्रधान संरक्षक अशोक कुमार सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से संबोधन में कहा कि विश्व व्याघ्र दिवस का उद्देश्य बाघों के संरक्षण और उनके प्रति आम जनमानस में जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि पलामू टाइगर रिजर्व, जो देश के प्रारंभिक नौ टाइगर प्रोजेक्ट में शामिल रहा है, इस वर्ष इस महत्वपूर्ण आयोजन का केंद्र बना।

**संवाद और समाधान पर केंद्रित रहा आयोजन :** कार्यक्रम के दौरान वन्यजीव संरक्षण, घटती बाघों की संख्या, मानव-बाघ संघर्ष जैसी चुनौतियों पर विशेषज्ञों के साथ गहन संवाद और मंथन हुआ। साथ ही स्कूली बच्चों, वनकर्मियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय ग्रामीणों को बाघों के महत्व और संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया।

इस दौरान पूर्व क्षेत्र के 20 गांवों व कस्बों को पुनर्वासित करने की योजना की जानकारी भी दी गई, जिसकी शुरूआत हो चुकी है। डिप्टी डायरेक्टर पी जेना ने कहा कि हर वर्ष 29 जुलाई को विश्व भर में व्याघ्र संरक्षण और जागरूकता के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय टाइगर डे मनाया जाता है। इसी कड़ी में पलामू टाइगर रिजर्व, जो देश के पहले नौ टाइगर प्रोजेक्ट्स में शामिल रहा है। इस वर्ष समारोह का आयोजन बेतला नेशनल पार्क में हो रहा है। वन्यजीव संरक्षण, बाघों की घटती संख्या, मानव-बाघ संघर्ष की चुनौतियों और समाधान पर विशेषज्ञों द्वारा चर्चा जरूरत है। साथ ही ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और वन कर्मियों को भी जागरूक करने की जरूरत है ताकि आने वाले समय में बाघों की संख्या में बढ़ोतरी हो।

विश्व बाघ दिवस के अवसर पर पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला में आयोजित समारोह में पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि आज का दिन हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि प्रकृति की रक्षा करना अब केवल वन विभाग या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पलामू टाइगर रिजर्व का इतिहास गौरवशाली रहा है, लेकिन अब यहां बाघों की संख्या घट रही है। इसके लिए मुख्य रूप से मनुष्य जिम्मेदार है, जिसने पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की, जानवरों का बसेरा छीना और प्राकृतिक संसाधनों का अति उपयोग किया। डीआईजी ने चेताया कि अगर समय रहते हम नहीं चेते, तो हालात और भी भयावह होंगे। पहले जहां 25 फीट पर जलस्तर मिल जाता था, अब वह 100 फीट नीचे चला गया है। यह संकट आने वाले समय में जल और जीवन दोनों को प्रभावित करेगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में सिल्ली से एक बाघ को रेस्क्यू कर पलामू लाया गया, जिसमें प्रशासन और वन विभाग की सराहनीय भूमिका रही। लेकिन यह केवल एक कदम है, जब तक हम सब मिलकर प्रयास नहीं करेंगे, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं। डीआईजी ने कहा कि विकास के नाम पर जो पेड़ काटे जा रहे हैं, उससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है।

शेष पेज 11 पर...

### बेतला पार्क जैव विविधता का अद्भुत संगम

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि, बाघ हमारे पारिस्थितिक तंत्र की रीढ़ हैं। जब तक बाघ सुरक्षित रहेंगे, हमारे जंगल भी जीवित रहेंगे। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि बेतला राष्ट्रीय उद्यान झारखंड का गौरव है। इसे पर्यटन के नक्शे पर और सशक्त रूप से स्थापित करने के लिए सरकार कृतसंकल्प है। बाघों का संरक्षण पर्यावरण के साथ-साथ पर्यटन को भी नई दिशा देगा। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा, बेतला भारत के पहले बाघ परियोजनाओं में शामिल है, इसकी गरिमा को बनाए रखने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। पुनर्वास योजनाओं के साथ-साथ स्थानीय समुदाय की भागीदारी भी जरूरी है।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




# बस व ट्रक की टक्कर में छह कांवरियों की मौत, 30 घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** देवघर - बासुकीनाथ मुख्य पथ पर मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया चौक के समीप श्रद्धालुओं से भरी बस और गैस सिलेंडर लोड ट्रक के बीच भीषण टक्कर में 5 श्रद्धालु सहित बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे में 30 श्रद्धालु घायल भी हो गए हैं। मृतकों में बिहार के अलग–अलग चार जिलों की महिलाएं और एक किशोर के अलावा मोहनपुर थाना क्षेत्र निवासी बस चालक शामिल है। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सबों को बेहतर इलाज के लिए देवघर एम्स रेफर कर दिया गया है। हादसे में घायल श्रद्धालुओं के अनुसार सभी श्रावणी मेले की तीसरी सोमवारी पर देवघर में बाबा वैद्यनाथ पर जलार्पण करने के बाद मंगलवार अहले सुबह यात्री बस से बासुकीनाथ जा रहे थे। उसी दौरान रास्ते में अनियंत्रित ट्रक और बस में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई।

शेष पेज 11 पर...



### देवघर की घटना पीड़ादायक : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "देवघर से बासुकीनाथ जा रही कांवरियों की बस दुर्घटना में कई श्रद्धालुओं के निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। मैं शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं तथा बाबा भोलेनाथ से घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं।" झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे अत्यंत व्यथित करने वाली घटना बताया है।

### देवघर बस हादसे पर सीएम हेमंत सोरेन ने जताया शोक



**रांची।** देवघर जिले के मोहनपुर प्रखंड में मंगलवार की सुबह हुए भीषण सड़क हादसे को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा दुख जताया है। यह हादसा जमुनिया चौक के पास उस समय हुआ जब कांवड़ियों से भरी बस गैस सिलेंडर लदे ट्रक से टकरा गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताया और एक्स पोस्ट कर हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### देवघर सड़क हादसे पर पीएम ने जताया शोक

**नई दिल्ली/रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के देवघर में हुए दर्दनाक सड़क हादसे पर दुख जताया है। मंगलवार को देवघर में कांवड़ियों को ले जा रही बस हादसे का शिकार हुई, जिसमें 5 श्रद्धालुओं की जान चली गई, जबकि 20 से अधिक घायल हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देवघर की दुर्घटना पर कहा, "झारखंड के देवघर में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं को अपनी जान गंवानी पड़ी है, उनके परिजनों के प्रति मेरी गहरी शोक-संवेदनाएं।

### मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख सहायता राशि देगी सरकार

झारखंड सरकार ने देवघर जिले के मोहनपुर में मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसे के मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख और घायलों के लिए 20-20 हजार रुपए की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी मंगलवार दोपहर देवघर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। मंगलवार की सुबह कांवरियों से भरी बस और गैस सिलेंडर से लदे ट्रक के बीच हुई टक्कर में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि 23 अन्य घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब बाबा बैद्यनाथ धाम में जलार्पण के बाद सभी कांवरिए बासुकीनाथ की ओर जा रहे थे। घटना के फौरन बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों का समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता दी जाए। गंभीर रूप से घायल सात श्रद्धालुओं को एम्स देवघर में भर्ती कराया गया है, जहां उनके इलाज की विशेष व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने देवघर सदर अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया और इलाज की स्थिति की समीक्षा की।

## जामताड़ा में पुल धंसा, 150 से भी अधिक गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा



**जामताड़ा।** जामताड़ा और देवघर जिला मुख्यालयों को जोड़ने वाला दक्षिण बहाल पुल मंगलवार को पानी के तेज बहाव में ध्वस्त हो गया। पुल धंसने से जामताड़ा जिला मुख्यालय से 150 से भी अधिक गांवों का संपर्क भी पूरी तरह बंद हो गया है।

यह पुल 1980 में बोल्डर के सहारे बनाया गया था। इसे जामताड़ा की लाइफलाइन लाइन माना जाता है। इसके ध्वस्त हो जाने से आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। यह पुल 18 जुलाई को भारी बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद से उस पर सिर्फ दोपहिया वाहनों को चलने की अनुमति थी, लेकिन मंगलवार को यह पूरी तरह धंस गया।

इसके बाद हर तरह के वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। यह इलाका राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का है। लोगों ने पुल ध्वस्त होने की सूचना उन्हें भी दी है। अब 100 से अधिक गांवों को जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए 15 से 20 किलोमीटर लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। पहले यह दूरी केवल आधा किलोमीटर थी। इसका सीधा असर छात्रों, मजदूरों और मरीजों पर पड़ा है। कई छात्र स्कूल और कॉलेज नहीं जा पा रहे हैं। मजदूरी करने वाले लोग भी शहर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

कई गांवों के लोग इसी पुल से होकर जामताड़ा सदर अस्पताल पहुंचते थे। मरीजों को अस्पताल पहुंचने में परेशानी हो रही है। यह पुल जामताड़ा और देवघर को जोड़ता था। रोजाना हजारों की संख्या में वाहन इस पर चलते थे। अब यातायात पूरी तरह बाधित है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। लोगों को क्षतिग्रस्त पुल के पास जाने से रोका जा रहा है, क्योंकि नदी में बहाव तेज है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। एसडीएम अनंत कुमार ने बताया कि बैरिकेडिंग के निर्देश दिए गए हैं। वैकल्पिक रूट ठीक करने और नए पुल के निर्माण को लेकर विभाग से पत्राचार हो रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करने और नया पुल बनाने की मांग की है।

## झारखंड के कई क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं : मुख्य सचिव

- अमेरिका झारखंड में निवेश और सहयोग के लिए इच्छुक: कैली जाइल
- झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और निवेश पर मुख्य सचिव के साथ अमेरिकी काउंसलेट जेनरल की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और निवेश को लेकर मंगलवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी के साथ अमेरिकी काउंसलेट जेनरल की विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान खनन, पर्यटन, कृषि, ऊच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन, श्रम शक्ति इत्यादि क्षेत्रों में सहयोग और निवेश की संभावनाएं तलाशी गईं। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि झारखंड के कई क्षेत्रों में निवेश और सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने राज्य की प्राकृतिक संसाधनों को विस्तार से बताया। साथ ही यहां की श्रम शक्ति को हुनरमंद बनाकर कैसे योजनाओं के माध्यम से वृहद आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है, उस पर प्रकाश डाला। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण में आये बड़े बदलाव को रेखांकित किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे मुख्यमंत्री की पहल से मईयां सम्मान योजना से

शेष पेज 11 पर...

## इंडिया

# 2024 में आवारा कुत्तों के काटने के 37 लाख मामले चेतावनी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हजारीबाग में आवारा कुत्तों ने 20 से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया और ऐसे मामले झारखंड से लेकर देश के कोने-कोने में हैं । मुंबई, दिल्ली जैसे बड़े शहर हों या कोई छोटा कस्बा या गांव ही क्यों न हो आवारा कुत्तों के काटने के मामलों की बाढ़ सी आ गई है ।सोशल मीडिया में एक वायरल वीडियो में दिख रहा है कि एक छोटा वेवश बच्चे को आवारा कुत्तों का झुंड तब तक काटता है जबतक एक महिला आकर उसे बचाती नहीं । आए दिन न्यूज चैनलों से लेकर सोशल मीडिया और हमारे व्हाट्सएप ग्रुप्स में ऐसे वीडियो आते हैं। जिनको देखकर गुस्सा भी आता है और मन में भय भी होता भी। कि इनका अगला शिकार कहीं हम ना हो जाए ।सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर स्वतः संज्ञान लिया जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा, बेहद चिंताजनक रिपोर्ट है कि शहरों में आवारा कुत्तों से परेशान लोग और बच्चे इसकी कीमत चुका रहे हैं ।शहरों और बाहरी इलाकों में सैकड़ों कुत्तों के काटने की खबरें आई हैं, जिनसे रेबीज हो रहा है और अंततः छोटे शिशु और बुजुर्ग इस भयानक बीमारी का शिकार हो रहे हैं। इस मामले पर अब देशव्यापी चर्चा हो रही है । हालांकि कुत्ता प्रेमी इन्हें आवारा नहीं बल्कि बेसहारा कुत्ते कहते हैं ।22 जुलाई को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने लोकसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार से सवाल पूछा ।जिसके जवाब में सरकार के आंकड़े बताते हैं कि 2024 में कुत्तों के काटने के 37 लाख 17 हजार 336 मामले सामने आए हैं।। और इस दौरान रैबीज से मरने वालों की संख्या 54 है। देश में 6 करोड़ से ज्यादा ऐसे कुत्ते हैं, जो सड़कों पर और सार्वजनिक स्थानों पर रहते हैं। समाज में लोग आवारा कुत्तों को खाना खिलाते हैं दूध पिलाते हैं, उनको कपड़े पहनाते हैं। और कुछ लोग इनसे नफरत करते हैं गोली तक मार देते थे ।2001 में देश में आवारा कुत्तों लिए पशु प्रजनन नियंत्रण कानून (एबीसी) बना और 2023 में इन्हें संशोधित किया गया ताकि आवारा कुत्तों की संख्या को मानवीय तरीके से नियंत्रित करना और रेबीज़ जैसी बीमारियों की रोकथाम करना है ।एबीसी में उन्हें पकड़कर नसबंदी और टीकाकरण के बाद वहीं वापस छोड़ा जाता है । नगर निगम या पंचायत को एबीसी प्रोग्राम चलाना अनिवार्य है। उन्हें डॉग शेल्टर, वेटरनरी सुविधा और ऑपरेशन थिएटर उपलब्ध कराना होगा। डॉग फीडिंग के लिए विशेष जगह तय की जाए। कुत्तों को अनावश्यक रूप से परेशान या हटाया नहीं जा सकता। जो लोग कुत्तों को खाना खिलाते हैं उन्हें परेशान नहीं किया जा सकता, लेकिन फीडिंग पब्लिक हेल्थ या सेफ़्टी को खतरे में नहीं डालनी चाहिए। अगर कोई कुत्ता इंसानों को बार-बार काटता है, तो उसे पकड़कर शेल्टर में रखा जा सकता है, लेकिन उसे मारा नहीं जा सकता। बिल्ली या कुत्ता काट ले या खरौंच लग जाए तो सरकारी अस्पतालों में सूई अवश्य लें और घाव पर पट्टी बांधने के बजाय साबुन से बार-बार धोने की सलाह विशेषज्ञ देते हैं।



## वाहन की चपेट में आने से 6 साल की बच्ची घायल



**हुसैनाबाद।** मंगलवार को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला छत्तरपुर मुख्य मार्ग में वाहन की चपेट में आने से 6 साल की बच्ची घायल हो गई। बताया जाता है कि जपला छत्तरपुर मुख्य मार्ग के गम्हरिया गांव के समीप नाग बाबा के पास पूजा करने आई 6 वर्षीय बच्ची (आरुषि कुमारी) उसकी माता और चाची नाग पंचमी पर पूजा कर वापस अपने गांव कचरा जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही वाहन से धक्का लगने के कारण आरुषि कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिवार वालों ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। बच्ची की प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बच्ची को खतरे से बाहर बताया है।

# हुसैनाबाद में नागपंचमी को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद, (पलामू)।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में नागपंचमी के अवसर पर नाग बाबा के मंदिरों में मंगलवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जपला-छतरपुर मुख्य सड़क स्थित गम्हरिया गांव स्थित नाग बाबा मंदिर में नाग बाबा के पुजारी छठू प्रजापति ने पुजा अर्चना कराई। इस पूजा को लेकर जनसैलाब देखने को मिला। पूजा में स्थानीय कमेटी के लोगों ने ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए पूजा-अर्चना के लिए बारी-बारी से कतारबद्ध होकर करने की व्यवस्था की है। सुरक्षा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन का भी भरपूर सहयोग रहा। पुलिस ने मुख्य सड़क होने के कारण सड़कों पर वाहनों को धीमी गति से चलने का निर्देश दिया। इधर देवरी स्थित पहाड़ी पर नाग बाबा मंदिर पर भी श्रद्धालुओं का सुबह से ही पूजा करने के लिए लंबी कतार देखी गई।वहीं कई स्थानों पर मेले का भी आयोजन किया गया। अहले सुबह से ही गम्हरिया स्थित नागबाबा मंदिर,देवरी पहाड़ी पर स्थित नागबाबा मंदिर रेड़िया गांव में नागबाबा, कचरा गांव स्थित नागबाबा मंदिर में भीड़ लग गई थी। लोगों ने विधिवत पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, दूध, लावा, नारियल आदि चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इस मौके पर नरेश पासवान,अरविंद कुमार पासवान, अजय कुमार उर्फ बजरंगी पासवान, करम पासवान, शंभू पासवान, शंकर प्रजापति, मुकेश गुप्ता, रंजय साव, कर्मचारी साव, द्वारिका पासवान, पूर्व वार्ड पार्षद सुदर्शन पासवान, विनय प्रजापति, सागर पासवान, रामजवित पासवान,विनय प्रजापति, विमलेश पासवान, हुसैनाबाद थाना एसआई श्रीनिवास शर्मा, चौकीदार शिव पासवान कामता पासवान, दिलीप पासवान, गौतम पासवान सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### भजनियां में नागपंचमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था



**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी-दंगवार मुख्य पथ में भजनियां-पोटो गांव सीमावर्ती नागबाबा मंदिर परिसर में मंगलवार को नाग देवता की पूजा-अर्चना व मेला भ्रमण को लेकर श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ पड़ी। इसमें भारी संख्या में नर-नारी व बच्चे शामिल रहे। कई श्रद्धालुओं ने नाग देवता को लावा-दूध और प्रसाद सामाग्रियां अर्पित कर महावीरी ध्वज और पताका भी स्थापित किए। घोषित तौर पर राशि दान दिया। गांव के पुरोहित पंडित ध्रुव पांडेय के मंत्रोच्चारण और अनुष्ठान के पश्चात मंदिर के मुख्य पुजारी मिंटू शर्मा ने श्रद्धालुओं के चढावे नाग देवता को अर्पित कराए। सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से ग्रामीण पुलिस की तैनाती के साथ पुलिस दल की गश्ती होती रही। श्रद्धालुओं ने मेला में विभिन्न सामाग्रियों की खरीदारी करते हुए सुस्वादु व्यंजन का लुत्फ उठाए। मंदिर निर्माण में बड़े सहयोगी अरुण कुमार सिंह ने भी सपत्नीक नाग देवता की पूजा-पाठ की। इस दौरान लोग उमंग और उत्साह से लबरेज दिखे। सामान्य और खुशनुमा मौसम की वजह से अन्य वर्ष की अपेक्षाकृत अधिक भीड़भाड़ नजर आई। इस दौरान धर्मप्रेमी कामेश्वर सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, जवाहर पासवान, विश्वनाथ मुन्ना चौधरी,अरविंद शर्मा सहित अन्य कई गणमान्य ग्रामीणों ने मौजूद रहकर निगरानी रखी। उन्होंने कहा कि भीमचूल्हा में मकरसंक्राति के बाद सावन मास में नागपंचमी पर इस मंदिर परिसर में लगने वाले दूसरे मेला के रूप में अलग पहचान बन गई है। इस भव्य नाग मंदिर निर्माण में मोहम्मदगंज निवासी अरुण कुमार सिंह और अनिकांत सिंह के बड़े सहयोग सहित आसपास के ग्रामीणों का योगदान मिल रहा है। इस मौके पर पूजा-पाठ और मेला की व्यवस्था को शांतिपूर्ण सुनिश्चित करने में संरक्षक मनजीत कुमार मेहता सहित अनिल मेहता, पप्पू प्रजापति (उपमुखिया), पिंटू शर्मा,नितिश शर्मा,धर्मेंद्र चौधरी, राहुल मेहता, नितिश सिंह, इंद्रजीत पासवान, इंदल पासवान, अवधेश शर्मा, अजय शर्मा और अन्य कई भक्तों का सक्रिय सहयोग बताया गया।

## सलैया में हाथी के कुचलने से महिला की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र रबदा पंचायत के सलैया गांव के परहिया टोला में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में समुंद्री कुंवर उम्र लगभग 50 वर्ष की मौत हो गई। बकरी चराने जंगल की ओर गई महिला को सुबह करीब 7 बजे एक जंगली हथिनी ने कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार हथिनी के साथ उसका बच्चा भी था। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह लगभग 5 बजे एक हथिनी अपने बच्चे के साथ गांव की बस्ती में घुस आई थी और मकई की फसलों को बर्बाद कर रही थी। ग्रामीणों ने शोर मचाकर और समूह बनाकर उसे जंगल की ओर खदेड़ दिया था। आशंका जताई जा रही है कि इसी छेड़छाड़ से उग्र हुई हथिनी ने कुछ ही देर बाद जंगल में महिला पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हमले के बाद हथिनी बच्चे के साथ औरंगा नदी पार कर पीटीआर क्षेत्र में प्रवेश कर गई। मृतका समुंद्री कुंवर पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रही थी। दो साल पहले उसके पति रामदेव परहिया की मौत वज्रपात से हो चुकी थी। अब इस घटना से परिवार पूरी तरह बेसहारा हो गया है।

## जिप मद से बना 3 दुकानें सील

**छतरपुर।** ( पलामू)छतरपुर जिला परिषद से बना हुआ कोयल कमानेटी के समीप 16 दुकान में से 7 दुकान को सील किया गया। इस संबंध में जिला परिषद के कनीय अभियंता लव कुमार ने बताया कि दुकान नंबर एक, दो, तीन, पांच, सात, नव, चौदह, दुकान का भाड़ा 2 लख 1 हजार 8 सौ 94 रुपये बकया है। इसी को लेकर दुकान को सील कर दिया गया है। भाड़ा नहीं चुकता करने पर करवाई करते हुए दूसरे को दुकान आवंटित किया जाएगा। कार्रवाई के समय सीआई अमरकांत कुमार, एसआई राहुल कुमार उपस्थित थे।

## रेलवे प्लेटफॉर्म पर युवक को रील बनाना पड़ा महंगा, रेलवे सुरक्षा बल ने भेजा जेल




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद(पलामू)।** रेल सुरक्षा बल पोस्ट जपला के अधिकारियों ने डीडीयू से प्राप्त निर्देश पर छान बीन शुरू करने के बाद जपला के प्लेटफार्म नंबर 2 व 3 पर अनाधिकृत संदिग्ध अवस्था में विचरण करते हुए युवक से पूछ ताछ करने पर उन्होंने अपना नाम विजय पाल बताया। उन्होंने बताया कि वह हुसैनाबाद थाना के बेल बिगहा गांव का निवासी बताया। उन्होंने किसी तरह का अधिकार पत्र भी प्रस्तुत नहीं किया। उसके विरुद्ध किए गए ट्वीट की तस्वीर के संबंध में पूछने पर उसने स्वीकार किया की तस्वीर उसी की है। उसने यह भी स्वीकार किया की उसने हैदरनगर समेत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रील्स बनाया है। उसने अपनी गलती स्वीकार कर माफी भी मांगी। उसके अपराध को बताते हुए आरपीएफ जपला पोस्ट के उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा, प्रा.आ. कमलेश सिंह यादव, ड्यूटी पर मौजूद एसके मिश्रा ने उसे आरपीएफ जपला पोस्ट पर लाया। उसके विरुद्ध कांड संख्या 192/25 दर्ज किया गया। उसके खिलाफ रेल अधिनियम की धारा 145 एवं 147 दर्ज किया गया है। आरपीएफ जपला पोस्ट के उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा ने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ किए गए ट्वीट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि युवक को आरपीएफ ने महिला यात्री एवं बच्चों की सुरक्षा के साथ अपराधिक गतिविधि निगरानी को लेकर चलाई जा रहे अभियान के दौरान युवक पकड़ा गया। उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा ने बताया कि अनाधिकृत किसी को भी रेलवे परिसर में संदिग्ध पाया गया तो उनके खिलाफ आरपीएफ कार्रवाई करेगा।

## हाथी का दांत बनकर रह गया है तोलरा गांव में बना सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र



**नवीन मेल संवददाता**

**मेदिनीनगर।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत पंचायतों में लाखों की लागत से उपस्वास्थ्य केंद्र भवन बनने के बावजूद विभागीय उदासीनता के बीच यह शोभायमान वस्तु बनकर रह गया है। विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव में सात वर्ष पूर्व उपस्वास्थ्य केंद्र का विशाल भवन बन कर तैयार हैं। लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण यहां न तो किसी चिकित्सक हीं पदस्थापित हो सके और न हीं यहां किसी एएनएम कभी ड्यूटी पर पहुंचती हैं। तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के द्वारा क्षेत्र के समग्र विकास व स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर तोलरा गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र के भवन की स्वीकृति दिलाई गई। साथ हीं भवन निर्माण कार्य संपन्न हो गया। वहीं वर्तमान सरकार के द्वारा इस पर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही और ना हीं किसी भी तरह की स्वास्थ्य सेवा हीं बहाल की गई । नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में घास कांटे आदि के पौधे उग गए हैं। जहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पंचायत के मुखिया रोहित तिवारी के द्वारा की बार इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से करते हुए उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित कराने का प्रयास किया गया। लेकिन किसी के द्वारा संजीदगी नहीं दिखाई गई। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों के लिए ग्रामीण चिकित्सक पर आश्रित रहना पड़ता है। या फिर समुचित इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता है।

### सुविधा उपलब्ध कराने की मांग



**विश्रामपुर** प्रखंड के तोलरा पंचायत के मुखिया रोहित तिवारी के द्वारा पलामू उपायुक्त को आवेदन देते हुए वर्षों से बनकर तैयार उप स्वास्थ्य केंद्र को चालू कराने की मांग किया गया है। अपनी आवेदन में मुखिया के द्वारा उल्लेखित किया गया है कि केवल दिखावे के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र का विशाल भवन बनकर तैयार है। लेकिन आज तक किसी भी चिकित्सक या स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति नहीं की गई। गांव के आसपास कोई अन्य सरकारी स्तर पर इलाज की सुविधा उपलब्ध नहीं है। स्वास्थ्य संबंधित किसी भी तरह की परेशानी को ले जिला मुख्यालय मेदिनी नगर जाना पड़ता है। जो गांव से लगभग 40 किलोमीटर दूर है। मुखिया रोहित तिवारी के द्वारा उपयुक्त पलामू के नाम लिखे आवेदन में एक पद सृजित कराते हुए उप स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित एक चिकित्सक बैठाने की अपील किया गया है। इससे तोलरा पंचायत सहित आसपास के गांव के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकेगा। वहीं मुखिया रोहित तिवारी ने कहा कि विभागीय लापरवाही के कारण उप स्वास्थ्य केंद्र का विशाल भवन होने के बावजूद स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटी-छोटी बीमारियों के लिए भी लोगों को विश्रामपुर व मेदिनीनगर भटकना पड़ रहा। गांव में विशाल भवन बनकर तैयार है तो यहां चिकित्सकीय सुविधा भी उपलब्ध होनी चाहिए। विभाग की लापरवाही के कारण यह समस्या बन गई है।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर शहर भर में निकाली जाएगी विशाल शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** (पलामू)छतरपुर के सरईडीह रोड में बाईपास सर्विस रोड स्थित डॉ बीके यादव के आवास परिसर में मंगलवार को एक बैठक आयोजित की गई । बैठक में आगामी 16 अगस्त दिन शनिवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर देवी-देवताओं की भव्य शोभा यात्रा एवं झांकी का कार्यक्रम निकालने का निर्णय लिया गया। युवा वीर कृष्ण सेना के तत्वावधान में आयोजित.इस कार्यक्रम में भगवान कृष्ण के जीवन पर आधारित झांकी प्रस्तुत की जाएगी और शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरेगी। इस बैठक की अध्यक्षता युवा वीर कृष्ण सेना के अध्यक्ष मनोहर यादव ने की जबकि संचालन संगठन के कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार यादव ने किया। अध्यक्ष मनोहर यादव ने बताया की यह कार्यक्रम छतरपुर के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होगा, जिसमें वे भगवान कृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे, ताकि भक्तजन शांतिपूर्ण तरीके से उत्सव में भाग ले सकें। वहीं सचिव अजय कुमार यादव ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भगवान कृष्ण के जन्म का उत्सव मनाना और भक्तों को उनकी लीलाओं से परिचित कराना है। यह कार्यक्रम छतरपुर के लोगों को एक साथ लाने और धार्मिक उत्साह का वातावरण बनाने में भी मदद करेगा। उपाध्यक्ष पप्पू यादव ने बताया की शोभा यात्रा में झांकी के साथ-साथ, भजन-कीर्तन और पारंपरिक वाद्य यंत्रों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

## लोहरपुरा में पांच दिनों के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के इमामनगर बरेवा पंचायत क्षेत्र के लोहरपुरा गांव में बीते पांच दिनों से टूटकर गिरी 11 हजार वोल्ट की विद्युत आपूर्ति लाइन को दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल कर दी गई है। इससे भदुवा सहित आसपास के दर्जनों गांव टोलों पर लोगों ने राहत की सांस ली है। बताया गया कि पंचायत समिति सदस्य इंदु देवी की पहल पर उसकी सूचना प्रमुख प्रतिनिधि प्रेमतोष सिंह को दिए जाने पर उन्होंने इसे गंभीरता से लिया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने में सफलता पाई है। इस कार्य में तकनीकी सहयोग देने वालों ने विभागीय मिस्त्री प्रवेश राम, मनोज सिंह, मंटू कुमार और गुड्डू पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता रुपेश ठाकुर सहित कई ग्रामीण शामिल हैं।

**अभियान**

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण

## 10 अगस्त को सभी बूथों पर खिलाई जायेगी दवा

- **15 दिनों तक चलेगा अभियान**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर सभी स्वास्थ्य सहियाओं के लिए एक दिनी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनेश कुमार व प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। बतौर प्रशिक्षक एमटीएस धीरेंद्र कुमार तथा एमपीडब्ल्यू अशोक कुमार मौजूद थे। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में तीन प्रकार की दवाइयां लोगों को खिलानी है। बताया गया कि यह कार्यक्रम 10 अगस्त से आयोजित होगा। उस दिन सभी बूथ स्तर पर दवा खिलायी जायेगी। इसके बाद अगले दिन से सभी सहिया अपने-अपने पोषक क्षेत्र के सभी घर में डोर टू डोर जाकर लोगों को यह दवा खिलायेंगी। यह अभियान 15 दिनों तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान फाइलेरिया को लेकर अहम जानकारी दी गयी। बताया गया कि यह मच्छरों के काटने से होता है। इसे हाथी पांव भी कहते हैं। बताया कि किसी गर्भवती महिला व गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यह दवा नहीं देनी है। मौके पर बीटीटी सुमन सिंह, सहिया साथी व सहिया उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### परता के मुरही नाला पुल निर्माण में अनियमितता, कावरियों को हो रही परेशानी

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड के ग्राम परता स्थित मुरही नाला पर निमाणाधीन पुल में भारी अनियमितताओं की शिकायत सामने उभरी है। प्रखंड कांग्रेस कमेटी हैदरनगर के अध्यक्ष सह वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने उपायुक्त पलामू को इस संबंध शिकायत पत्र देकर जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने अपने शिकायत पत्र में उपायुक्त को बताया है कि इसी वर्ष अप्रैल माह में इस पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। किंतु सर्वप्रथम आमजनों के आवागमन निर्वाद्ध जारी रखने के लिए डायवर्सन नहीं बनाया गया। ज्ञात हो कि हैदरनगर प्रखंड के परता-बरेवा मार्ग पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर से दशीशानाथ महादेव मंदिर तक प्रतिवर्ष हजारों कांवड़िये जल चढ़ाने आते जाते हैं। इस मार्ग के बाधित होने से श्रद्धालुओं को इस बार भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। ग्रामीणों की आवाज उठाए जाने के बाद भी अब तक वैकल्पिक आवागमन के।लिए डायवर्सन नहीं बनाया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर दोषी संवेदक और अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### शिक्षकों का जुलाई माह का वार्षिक वेतन वृद्धि सत्यापित

**हुसैनाबाद।** माह जुलाई में वार्षिक वेतनवृद्धि वालों हुसैनाबाद प्रखंड के शिक्षकों का सेवा सत्यापित किया गया। इस मौके पर अजाप्टा प्रखंड सचिव निर्मल कुमार , सहायक अध्यापक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह एवं बीआरसी मीड डे मील प्रभारी अभय सिंह के द्वारा क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। गौरतलब है कि इस प्रखंड में अजाप्टा द्वारा यह कार्य वर्षों से होता आ रहा है, ताकि शिक्षकों को असुविधा नहीं हो ,पठन पाठन पर प्रतिकूल असर नहीं पड़े। साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संवर्द्धन पर प्रखंड सचिव निर्मल कुमार के साथ लंबी बात हुई और क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ने स्पष्ट रुप से कहा कि इसके लिए समान रुप से सभी की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिये। बच्चों एवं अभिभावकों के साथ संबंध मधुर होनी चाहिये। तादात्म्य संबंध स्थापित हो, सतही प्रयास जरुरी है। अजाप्टा के सदस्यों ने कहा कि इस कार्य में बीआरसी हुसैनाबाद मीड डे मील प्रभारी अभय कुमार सिंह का भी अमूल्य सहयोग मिलता रहा है।

### सहायक आचार्य के पद पर तीन अध्यापकों का चयन

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकडरी हुसैनाबाद में तीन अध्यापकों को क्रमशः पूनम, मोहम्द असलम, उपेन्द्र प्रसाद गुप्ता,तीनों सहायक अध्यापकों को वर्ग 1 से 5 में सहायक आचार्य के पद चयनित हुआ है। जबकि उपेन्द्र प्रसाद गुप्ता को वर्ग 6 से 8 में सहायक आचार्य के पद पर चयनित हुआ है। उक्त विद्यालय में इस खबर को सुन कर खुशी का माहौल बना हुआ है, क्योंकि अब विद्यालय में और भी बेहतर पठन -पाठन का कार्य संचालित होगें। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार और शिक्षक गण,एवं बाल संसद के प्रधानमंत्री अली जुफेकार ने सभी को गुलाब का फुल देकर स्वागत किया। इस विद्यालय की एक अलग पहचान बनी हैं। चाहे मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति,नेशनल कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा या विद्यालय को सजाने सवांरने और सुंदर बनाने के लिए सभी शिक्षक और छात्र छात्राओं ने अपनी मेहनत और परिश्रम का नतीजा है। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण मौजूद थे।

### मुरमा मैदान में खिलाड़ियों को दिया गया फुटबॉल

**सतबरवा।** प्रखंड दुलसुलमा पंचायत के मुरमा मैदान में मंगलवार को एक प्रेरणादायक पहल के तहत पांच फुटबॉल टीमों को फुटबॉल वितरित कर प्रोत्साहित किया गया। यह वितरण सामाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया, जो विगत पांच वर्षों से प्रखंड क्षेत्र में खेल सामग्री बांटकर युवाओं को खेल के प्रति जागरूक और प्रेरित कर रहे हैं। खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए आशिष कुमार सिन्हा ने कहा कि खेल न सिर्फ शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक और बौद्धिक रूप से भी व्यक्ति को सशक्त बनाता है। जब से मैंने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में कदम रखा है, तभी से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और सम्मान देना मेरी प्राथमिकता रही है। इस वर्ष तीन चरणों में फुटबॉल वितरण की योजना है, जिससे ज्यादा से ज्यादा युवाओं तक यह पहल पहुंचे। फुटबॉल वितरण समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य रूप से उप गुड्डू सिंह, अरविंद सिंह, नंदु सिंह, श्रवण सिंह, अरुण सिंह, शंभू सिंह, उदय सिंह, दावरिक सिंह, मुधिर साहू, विवेक सिंह, अभी सिंह, मनीष सिंह, रंजीत सिंह, संतोष सिंह एवं शशि सिंह मौजूद थे।

### रामदास साहू ने आवास पर परिवार संग किया रुद्राभिषेक

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** समाजसेवी रामदास साहू ने अपने पूरे परिवार के साथ अपने आवासीय परिसर जेलहाता में मंगलवार को रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशी, सम्पूर्ण श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया। रुद्राभिषेक की शुरूआत पंडित वेदब्रह्म आचार्य जितेंद्र तिवारी के सान्निध्य में विद्वान पंडितों द्वारा पूजा अर्चना के साथ हुई। वहीं विद्वानों द्वारा मंत्रोचारण के बीच भोलेनाथ का दूध, दही और गन्ने से पूजन रुद्र पाठ के मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान सहित अन्य ने भगवान शिव का ऊं नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयकारों के साथ अभिषेक किया। विद्वानों ने कहा कि भगवान शिव की रूद्र पूजा और रुद्राभिषेक करने से या उसमें शामिल होने मात्र से मनुष्य के सभी कष्टों का निवारण होता है। पूजा के दौरान लिए गए संकल्प को भगवान शिव उसे जरूर पूरा करते हैं।

### जुगाड़ तकनीक से ईजाद डोंगी गहरे पानी पर मछली पकड़ने का बना कारगर साधन

**मोहम्मदगंज।** भजनियां के मछुआरों ने जुगाड़ तकनीक से पानी पर तैरने वाली डोंगी (छोटी नाव) का ईजाद कर लिया है। जो गहरे पानी पर जाल फेंक मछली पकड़ने में कारगर साधन साबित हो गई है। जिस प्रकार सीमित सीट वाले वाहन और हेलिकॉप्टर उपयोग में लिए जा रहे हैं,उसी प्रकार इस डोंगी पर भी दो-चार लोग ही सवार होकर मछली पकड़ने के अलावा दृश्यावलोकन कर सकते हैं। पंसस प्रतिनिधि समाजसेवी विश्वनाथ मुन्ना चौधरी ने बताया कि भजनियां गांव में मछुआरा परिवार का बड़ा समूह पुश्तों से रहता है। जिसमें कई पुश्तैनी रोजगार में आज भी जुटे हुए हैं। नावघाट बंद होने से बरसात बाद की कमाई का बड़ा साधन वर्षों पहले ही बंद हो गया है। जब नावघाट था, तब नगदी के अलावा अनाज के रूप में अच्छी आमद होती रही थी। मगर भीमबराज पर पुल चालू होने के बाद से नाव घाट का काम पूरी तरह से बंद हो गया।

### बिजली चोरी मामले में 7 पर केस, 46 हजार जुर्माना

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कादलकुर्मी में की गई सघन छापेमारी में इस गांव के अनिल यादव, संतोष राम,प्रदीप पासवान, कुंती देवी,सुरेंद्र यादव और राजेंद्र राम को बिजली की चोरी करते हुए पाए जाने पर उनके विरुद्ध स्थानीय थाना में केस दर्ज कराई गई है। यह छापेमारी अभियान जपला विद्युत अवर प्रमंडल के सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो के नेतृत्व में की गई थी। उन्होंने बताया कि केस दर्ज करने के साथ ही सभी पर कुल मिलाकर 46 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। उन्होंने वगैर वैध कनेक्शन के बिजली का उपयोग नहीं करने की चेतावनी देते हुए इस मामले में अवैध तरीका अपनाए जाने पर किसी को भी नहीं बख्शने की बात कही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। छापेमारी अभियान में मानव दिवस कर्मी ललितेश्वर मेहता, रंजय मेहता, धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा और दशरथ कुमार भी शामिल थे।

# नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 13 अगस्त

- 40 सीटों पर होगा दाखिला, 33 प्रतिशत छात्राओं के लिए आरक्षित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नवोदय विद्यालय समिति ने सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छह में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 13 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी है। इच्छुक और योग्य विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। इस विद्यालय में प्रवेश चयन परीक्षा के माध्यम से होता है। नवोदय विद्यालय समिति जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में पंजीकरण के लिए पूर्व में 29 जुलाई आखिरी तिथि घोषित की थी। समिति द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 13 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि जवाहर नवोदय विद्यालय देशभर में ग्रामीण प्रतिभाओं को गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए स्थापित किए गए हैं। पलामू में वर्तमान में दो नवोदय विद्यालय संचालित हैं।

आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट **https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs** पर जाकर आवेदन भरना होगा। जवाहर नवोदय विद्यालय डाल्टनगंज में दाखिला हेतु विद्यार्थी का जन्म 01 मई 2014 से लेकर 31 जुलाई 2016 के मध्य होना चाहिए।

जवाहर नवोदय विद्यालय डाल्टनगंज की पुष्पा कुमारी ने बताया कि विद्यालय में कुल 40 सीट दाखिला लिया जाएगा। जिनमें 33 प्रतिशत सीटें छात्राओं के लिए आरक्षित हैं। अभ्यर्थी को कक्षा तीन व चार में सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय से उत्तीर्ण तथा पलामू जिले से 2025-26 में कक्षा पांच चैनपुर, रामगढ़, लेस्लीगंज, मनातू सदर मेदिनीनगर, पड़वा, पांकी पाटन ,सतबरवा व तरहसी प्रखंड के सरकारी विद्यालय से उत्तीर्ण होना जरूरी है।

# डीसी की विशेष पहल : उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना 'उदय' नामक योजना की होगी शुरुआत






- पीवीटीजी परिवारों को उनके अधिकारों से आच्छादित करने का है लक्ष्य
- पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत रामगढ़ के नवाडीह और उलडंडा पंचायत से होगा शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले की उपायुक्त समीरा एस द्वारा पीवीटीजी समूह के लिये एक विशेष पहल की गयी है। उन्होंने उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना उदय नामक योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत पीवीटीजी समूह को उनके जो अधिकार से आच्छादित करना है। इस कार्यक्रम अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के तहत रामगढ़ प्रखंड के नवाडीह और उलडंडा पंचायत को चुना गया है। आगामी 4 अगस्त को इन दोनों पंचायतों में विशेष शिविर लगाकर आदिम जनजाति परिवारों के बीच आधार कार्ड, जॉब कार्ड, वन पट्टा, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड जाति एवं आवास या प्रमाण पत्र लैंड होल्डिंग एवं इम्यूनाइजेशन से आच्छादित किया जायेगा। इसके अलावे जिनका बैंक में खाता नहीं है उनका अकाउंट ओपनिंग करवाया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि प्रायः ऐसा देखा गया है कि सिर्फ डॉक्यूमेंट नहीं रहने के कारण पीवीटीजी परिवारों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहना पड़ता है। ऐसे में इस उदय पहल के तहत उनके सारे डॉक्यूमेंट बनाए जाने का कार्य किया जायेगा जो उनका अधिकार भी है। एक बार जब उनका सारा डॉक्यूमेंट बनकर उन्हें मिल जाएगा तो भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं होना पड़ेगा। अभी पायलट प्रोजेक्ट के तहत रामगढ़ के नवाडीह और उलडंडा पंचायत से इस पहल की शुरूआत की जा रही है। कार्यक्रम की सफलता के बाद इसे संपूर्ण जिले में लागू किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि उपरोक्त दोनों पंचायतों में डॉक्यूमेंट से छूटे हुए लाभुकों का सर्वे पूर्व में ही करा लिया गया है और सभी से विभिन्न-विभिन्न आवेदन प्राप्त कर लिए गये हैं।

# आहर में डूबने से युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में रविवार के शाम में आहर में डूबने से 20 वर्षीय रौशन पासवान की मौत हो गई है। सूचना पाने के बाद किशनपुर टीओपी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए सोमवार को मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। किशनपुर टीओपी प्रभारी निलेश कुमार ने बताया कि रविवार के शाम में नहाने के क्रम में रौशन कुमार पासवान की मौत हुई है सूचना पाने के बाद शव को कब्जे में लेते हुए मेदिनीनगर एमआरएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिवार की ओर से अब तक किसी तरह का आवेदन नहीं दिया गया है। मृतक के परिवार के सरयू मांझी ने बताया कि रविवार के शाम मे रौशन घूमने निकला था।इसी क्रम में आहार में जाकर नहाने लगा इसके बाद वह डूब गया बाद में उपस्थित लोगों द्वारा हल्ला किया गया तत्पश्चात मामले की जानकारी टीओपी पुलिस को देते हुए शव बाहर निकल गया। बाद में टीओपी पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक प्रक्रिया के बाद रविवार के शाम मे भेज दिया था जहां सोमवार के दिन में पोस्टमार्टम कराया गया।

## ऑटो व बाइक की टक्कर में एक की मौत

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के अक्सी पंचायत के अक्सी नदी मोड़ के पास आटो और मोटरसाइकिल में टक्कर से ऑटो में सवार रंजीत वृजिया पिता रतिया वृजिया ग्राम चेतमा की मौत मौके पर ही हो गई। वहीं ऑटो में सवार रजनी देवी पति अंजलू कोरवा को कमर में गंभीर रूप से चोट लगी है। जिसका इलाज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

## बरवाडीह के नये थाना प्रभारी बने अनूप कुमार

**बरवाडीह।** जिले के एसपी कुमार गौरव ने बरवाडीह थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में सबइंस्पेक्टर अनूप कुमार की पदस्थापना की है। वे 2018 बैच के अधिकारी हैं। वहीं यकीन अंसारी को छिपादोहर का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। यकीन अंसारी ने थाना प्रभारी के रूप में योगदान मंगलवार देर शाम दिया।

### होटल शिवाय ब्लू में पलामू राइफल शूटिंग संघ की बैठक

# खेल को विस्तार करने की बनी रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** होटल शिवाय ब्लू में सोमवार को पलामू राइफल संघ की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें राइफल शूटिंग खेल को जिले में और अधिक विस्तार देने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता पलामू राइफल संघ के अध्यक्ष अविनाश देव ने की। उन्होंने कहा, पलामू के युवाओं में शूटिंग खेल को लेकर गहरी रुचि है और हम चाहते हैं कि उन्हें उचित मंच और तकनीकी मार्गदर्शन मिले। यदि कोई भी संस्था या व्यक्ति पलामू राइफल संघ से जुड़कर राइफल शूटिंग क्लब स्थापित करना चाहता है, तो संघ की जिला कमेटी उन्हें पूर्ण तकनीकी सहायता प्रदान करेगी। संघ के सचिव सुमित वर्मन ने जानकारी दी कि राइफल संघ से जुड़ने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। अब कोई भी इच्छुक व्यक्ति 1100 सालाना शुल्क देकर संघ का सदस्य बन सकता है। हमारा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को खेल से जोड़ना है। संरक्षक बृजेश शुक्ला ने कहा, राइफल शूटिंग एक अनुशासित और लक्ष्य केंद्रित खेल है, जो युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में भी सहायक है। हम पलामू में इस खेल को विकसित करने के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। इस बैठक में उपाध्यक्ष आनंद कुमार, कोषाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, लीगल एडवाइजर कमलेश दुबे, और सदस्य अमरेश कुमार, पंकज कुमार एवं मृत्युंजय कुमार भी उपस्थित रहे। सभी ने संघ की भावी योजनाओं पर सहमति जताई और जिले में शूटिंग खेल के प्रसार में सक्रिय योगदान देने का आश्वासन दिया।

# 'राष्ट्रीय नवीन मेल' अखबार में छपी खबर पर जिला परिवहन विभाग ने लिया संज्ञान

- निजी विद्यालय संचालकों के साथ की जाएगी बैठक सुरक्षा मानकों की जांच का दिया जाएगा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**


लापरवाही
न जांच न कार्रवाई, बच्चों की सुरक्षा से कोई मतलब नहीं परिवहन विभाग को
बिना फिटनेस और इंश्योरेंस के सड़कों पर बेखौफ दौड़ रही स्कूली बसें
जान जोखिम में डालकर बच्चे जाते हैं स्कूल


**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में छपी खबर पर संज्ञान लेते हुए जिला परिवहन विभाग द्वारा शहर के सभी निजी विद्यालय संचालकों के साथ बुधवार को बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में स्कूली बसों की वर्तमान स्थिति और सरकार की ओर से जारी दिशा-निदेर्शों की जानकारी दी जाएगी। बताते चलें कि राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार प्रमुखता से बच्चों की जान के साथ हो रहे खिलवाड़ और बसों के अनफिट होने से संबंधित खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने स्कूल के संचालकों को बैठक हेतु पत्र जारी किया है। बैठक में स्कूल संचालकों को सुरक्षा मानकों का पूरी तरह ख्याल रखने हेतु वाहनों का पंजीकरण, फिटनेस, परमिट, बीमा, मेडिकल किट, अग्निशामक यंत्र व चालक योग्यता का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देश दिया जाएगा। जिला मुख्यालय में निबंधित स्कूलों की संख्या 18 है। जिनमें डेढ़ सौ से अधिक स्कूली बस संचालित हैं। अधिकतर स्कूल सुरक्षा मानकों का ख्याल रखते हैं परंतु कई स्कूलों द्वारा इसकी अनदेखी भी की जाती है। वहीं गैर प्राप्त दर्जनों स्कूल बच्चों की सुरक्षा का ख्याल न रखते हुए अधिकतर अनफिट स्कूली वाहन का प्रयोग करते हैं। इन विद्यालय के वैन और बसें बिना सुरक्षा मानकों के सड़कों पर दौड़ती नजर आती है।

# पलामू के संघर्षशील नेता चंद्रशेखर सिंह छोटू को आजसू पार्टी ने बनाया केंद्रीय सचिव

- चंद्रशेखर सिंह छोटू को जाता है रामगढ़ प्रखंड निर्माण कराने का श्रेय

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** आजसू के केंद्रीय महासचिव रामचंद्र सहिस ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर मेदिनीनगर निवासी पार्टी के केंद्रीय सदस्य रहे चंद्रशेखर सिंह छोटू को केंद्रीय सचिव बनाया है। सहिस ने चंद्रशेखर सिंह छोटू के अलावे कई अन्य पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को टीम में जगह दी है। आजसू के केंद्रीय सचिव बनाए गए चंद्रशेखर सिंह छोटू पलामू जिला में संघर्षशील नेता के रूप में जाने जाते हैं। पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड का निर्माण कराने का श्रेय चंद्रशेखर सिंह छोटू को जाता है। छोटू के ही आंदोलन को आधार बनाकर सरकार ने नया रामगढ़ प्रखंड बनाने का मार्ग प्रशस्त किया था। छात्र नेता के रूप में भी चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कई कार्य किए हैं। इस क्रम में उन्होंने पलामू में विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए चंद्रशेखर सिंह छोटू के नेतृत्व में मेदिनीनगर के छह मुहान से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक छात्रों के साथ प्रदर्शन किया था। नयाब तरीके से छात्रों के साथ लुढ़कते हुए प्रदर्शन किया था। इसकी चर्चा उन दिनों खूब हुई थी। इधर चंद्रशेखर सिंह छोटू को आजसू के केंद्रीय सचिव बनाए जाने पर कई नेताओं ने बधाई दी है।

# हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला एवं सत्र न्यायालय ने आठ साल पुराने हत्या के मामले में अभियुक्त अनिल विश्वकर्मा व राहुल कुमार सिंह को आजीवन कारावास एवं 50-50 हजार रुपए जुमार्ना भरने की सजा सुनाई है। जुमार्ना नहीं भरने पर उन्हें एक वर्ष अतिरिक्त कारवास काटना होगा। विदित हो कि फरवरी 2016 में लव सिंह नामक युवक की हत्या कर लाश को कोयल नदी किनारे फेंक दिया गया था। मृतक लव के बड़े भाई पंकज सिंह ने हैदरनगर थाना में प्राथमिक के दर्ज कर राहुल सिंह और अनिल विश्वकर्मा द्वारा अपने छोटे भाई लव सिंह की हत्या से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पंकज ने आरोप लगाया था कि राहुल सिंह और अरविंद विश्वकर्मा उसके छोटे भाई लव को अपने साथ लेकर गए थे जिसके बाद सुबह उसकी लाश कोयल नदी किनारे मिली थी। आठ वर्ष बाद दोनों अभियुक्तों को सजा सुनाई गई।

**एनडीपीएस के तहत 15 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा :** जिला सत्र न्यायालय ने एनडीपीएस एक्ट के तहत पिपरा टांड़ थाना के बहेरा गांव के रहने वाले गया साव के बेटे प्रदीप साव व मनातू के अप्टी गांव के रहने वाले स्वर्गीय रघुनाथ सिंह के बेटे गणेश सिंह को 15-15 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा उन्हें डेढ़ लाख रुपए जुमार्ना राशि भी भरनी होगी। बीते वर्ष मार्च महीने में मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस को मिटार जंगल में अफीम और डोडा खरीदने की गुप्त सूचना मिली थी। गुप्त सूचना के आधार पर जब पुलिस ने छापेमारी की तो दो व्यक्ति को पकड़ा गया था। गिरफ्तार लोगों के पास से दो केन अफीम बरामद किया गया था। उसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। जुमार्ना राशि नहीं भरने पर दोनों को एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कारावास की भी सजा सुनाई गई है।

# रेड़मा चौक स्थित सामुदायिक शौचालय जर्जर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निगम क्षेत्र अंतर्गत रेड़मा चौक स्थित सार्वजनिक शौचालय की स्थिति जर्जर है। नगर निगम द्वारा इसके स्थान पर मॉड्यूलर शौचालय बनाने की ओर पहल की जा रही है। बताते चलें कि करीब दो दशक पूर्व बना यह शौचालय वर्तमान में रखरखाव के नाम पर केवल इसकी बाहर से रंगाई पुताई कर दी जाती है। इसमें लगे दरवाजे नल और पैन टूटे हुए हैं। इससे नागरिकों खासकर महिलाओं और बच्चों को परेशानी हो रही है। इस शौचालय की इमारत क्षतिग्रस्त है। वहीं छत टूटी हुई हैं और दीवारें पूरी तरह खराब हो चुकी है। शौचालय में पानी की आपूर्ति ठीक से नहीं होने से शौचालय का उपयोग करना मुश्किल हो जाता है। शौचालय गंदे और बदबूदार हैं जिस कारण लोग यहां आने से कतराते है। शहर में विशेष रूप से निगम द्वारा बनाए गए सामुदायिक शौचालय का निर्माण ऐसी जगह पर हुआ है जहां कमोबेश लोग ही इसका प्रयोग करते हैं। जिनमें पोखराहा मेडिकल कॉलेज के पास एवं भगत सिंह तालाब स्थित सार्वजनिक शौचालय शामिल हैं। नागरिकों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। निगम को तत्काल शौचालयों की मरम्मत और रखरखाव सुनिश्चित करना चाहिए। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने बताया कि उक्त शौचालय के स्थान पर मॉड्यूलर शौचालय का निर्माण किया जाना है इसे लेकर कार्य योजना बनाई जा रही है।




# पर्यटन विभाग से विकसित किए जाने की बाट जोह रहा सुप्रसिद्ध भैंसाखूर मंदिर

- बुनियादी सुविधाओं का अभाव मंदिर और तालाब जर्जर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूरे जिले में सुप्रसिद्ध भैंसाखुर शिव मंदिर है जनप्रतिनिधियों और पर्यटन विभाग की उदासीनता के कारण जर्जर हालत में है। जिला मुख्यालय से करीब सात किलोमीटर दूर सदर प्रखंड अंतर्गत जमुने गांव स्थित यह मंदिर धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। विधायक, सांसद जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग की उपेक्षा के कारण जर्जर हो गया है। हालांकि मंदिर और स्थानीय लोग इसकी समय समय पर मरम्मत करते रहते हैं। मंदिर में शुद्ध पेयजल, पार्किंग और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। विदित हो कि पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने करीब तीन दशक पहले इस मंदिर परिसर व तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया था। पूर्व में लोग इसी तालाब में हाथ पैर धोकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करते थे। तालाब में प्लास्टिक एवं अन्य कचरे के घिर जाने के कारण यह वर्तमान में पूरी तरह से शैवाल से भरा हुआ है। इस मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष दर्जनों विवाह संपन्न होते हैं। उसका विकास होने से न सिर्फ इस मंदिर की खूबसूरती बढ़ेगी बल्कि यहां पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मंदिर कमिटी और स्थानीय लोगों ने पर्यटन विभाग द्वारा जीर्णोद्धार किए जाने की मांग की है।



## जनप्रतिनिधियों की उदासीनता भी बनी कारण

स्थानीय ग्रामीण अजय पाल ने बताया कि पूर्व स्पीकर इंदर सिंह रामधारी के बाद दो विधायक बने परंतु किसी ने मंदिर का जीर्णोद्धार कराना उचित नहीं समझा। जिले में पर्यटन विभाग कई मंदिर और ऐसे ऐतिहासिक धरोहरों का विकास कर रहा है परंतु इस सुप्रसिद्ध मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। जिस कारण यह दयनीय स्थिति में है।

## बुनियादी सुविधाओं का अभाव

मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं, जैसे कि पीने का पानी, शौचालय और पार्किंग का भी घोर अभाव है। पर्यटन विभाग को इस मंदिर को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कदम उठाने चाहिए। मंदिर में आवश्यक सुविधाएं जैसे कि पीने का पानी, शौचालय और पार्किंग का निर्माण किया जाना चाहिए। कुछ वर्षों पूर्व में निवर्तमान जिला परिषद रानो देवी ने इस मंदिर के समीप शौचालय का निर्माण कराया था परंतु उचित रखरखाव के अभाव में यह जर्जर होकर बंद पड़ा है।

## ऐतिहासिक मान्यता समेटे मंदिर में लगता है प्रसिद्ध मेला

स्थानीय लोगों की मान्यता है कि ऋषि देवक्कड़ महाराज जंगल के बीच रहा करते है। उस समय उनके पास एक बाघ और एक भैंसा था। एक दिन बाघ और भैंसे में लड़ाई शुरु हो गई। इस लड़ाई के अंत में जीत भैंसे की हुई भैंसे के खूर का निशान एक चट्टान पर बन गया। जिस वजह से इस मंदिर का नाम भैंसा खुर पड़ा। स्थानीय लोगों की मानें तो यह मंदिर सौ साल से अधिक पुराना है। यहां मां दुर्गा का भी मंदिर है। शिवरात्रि के अवसर पर यहां मेला लगता है जिसमें दुकानें सजी रहती है। इस मेले में सीमावर्ती जिले से भी भक्त आते हैं।

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू के द्वारा आयोजित
राष्ट्रीय लोक अदालत
दिनांक 13 सितम्बर 2025 शनिवार पूर्वाह्न 10:30 बजे से कार्य समाप्ति तक स्थान व्यवहार न्यायालय, पलामू
[ दिनांक 14 जुलाई, 2025 से 12 सितम्बर, 2025 तक न्यायालय एवं स्थायी लोक अदालत के समक्ष समझौता बैठक के लिए उपस्थित होकर अपने मामले को सूचीबद्ध करा सकत हैं ]
उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्न मामलों का निस्तारण किया जायेगाः

| न्यायालय में लंबित मामले | प्री- लिटिगेशन मामले |
| --- | --- |
| चेक बाउन्स से संबंधित वाद, सुलहनीय प्रकृति के फौजदारी मामले, सभी प्रकार के दिवानी मामले, विद्‌युत अधिनियम के वाद, पारिवारिक वाद, राजस्व न्यायालय में लंबित मामले, उपभोक्ता संरक्षण फोरम एवं सार्टिफिकेट कैस के लंबित मामले, अंतिम प्रपत्र से संबंधित वाद, श्रम वाट एवं न्यूनतम मजदूरी वाद, छोटे आपराधिक वाट माप-तौल, वन विभाग, उत्पाद विभाग, ट्रैफिक चालान के मामले | बैंक ऋण के मामले, नन बैंकिंग फाइनेंस कंपनी के मामले, भारत संचार निगम लिमिटेड के मामले, वाटर एवं होल्डिंग टैक्स के मामले, बिजली से संबंधित मामले, बीमा कंपनी से संबंधित मामले, श्रम न्यायालय के मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, मोटर वाहन दुर्घटना मुवाजे के मामले, पारिवारिक विवाद के मामले, एवं अन्य सभी प्रकार के पी लिटिगेशन मामले |

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें न्याय सदन, झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार
ए०जी० ऑफिस के समीप, डोरण्डा, राँची, फोन: 0651-2481520, 2482392, फैक्स: 0651-2482397 अथवा
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू, सचिव:- 8757269596, E-mail: dlsapalamu123@gmail.com
श्रीमती रीष्मा रमेशन, पुलिस अधीक्षक, सह-सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पलामू।
श्रीमती समीरा एस. उपायुक्त -सह-उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पलामू।
श्री दिवाकर पाण्डेय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, -सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पलामू।
PR No. 358449 (Palamu) 2025-26

## प्रज्ञा केंद्रों की कार्यप्रणाली सुदृढ़ करने को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा-

# नागरिकों को पंचायत स्तर पर मिले सरल सुविधा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये जिले के सभी कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी वीएलई समेत सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी तथा जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारीगण ऑनलाइन वर्चुअल रूप से उपस्थित थें। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड व पंचायत स्तर पर नागरिकों को दी जा रही डिजिटल सेवाओं की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना एवं व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, सुलभ एवं जनहितकारी बनाना था। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक पंचायत स्तरीय प्रज्ञा केंद्र पर दी जा रही



प्रमुख सेवाओं की सूची एक रूट मैप में तैयार कर प्रदर्शित की जाएगी। इसके साथ ही सभी केंद्रों पर बैनर, पोस्टर एवं विभिन्न सेवाएं हेतु निर्धारित शुल्क का रेट चार्ट 15 अगस्त 2025 तक अनिवार्य रूप से लगाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि नागरिकों को पारदर्शी सेवाएं मिल सकें। प्रत्येक प्रज्ञा केंद्र का संचालन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम के 5 बजे तक किया जाएगा (रविवार एवं अन्य सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर)। प्रज्ञा केंद्रों से सम्बंधित शिकायत निवारण हेतु जिले के दो नोडल अधिकारियों मनीष कुमार (मो. 7217724394) एवं कौशल किशोर (मो. 7217724435) के मोबाइल नंबर साझा किए गए हैं, जिनसे नागरिक किसी भी समस्या की स्थिति में संपर्क कर सकते हैं। एक अहम निर्णय के तहत अब जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों की प्रक्रिया पंचायत एवं उरउ स्तर पर ही आरंभ की जाएगी, जो पहले केवल प्रखंड स्तर पर होती थी। उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि निर्धारित दर के अलावे किसी भी प्रकार की अतिरिक्त शुल्क वसूली पूर्णतः वर्जित है और प्रत्येक केंद्र पर स्वच्छता, विनम्रता तथा पेशेवर आचरण अनिवार्य रूप से अपनाया जाना चाहिए। पंचायत भवन स्थित प्रज्ञा केंद्रों पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई, क्योंकि ऐसे केंद्रों को प्रोत्साहन भी प्रदान किया जाता है। साथ ही उपायुक्त दिनेश यादव ने 15 अगस्त 2025 के बाद सभी संबंधित एसडीओ, बीडीओ एवं सीओ को क्षेत्रीय निरीक्षण कर मूल्यांकन प्रतिवेदन से अवगत कराने हेतु निदेशित किया। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला प्रशासन, नागरिकों को पंचायत स्तर पर सरल, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुलभता से उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयासरत है। ऑनलाइन वर्चुअल बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं जिले के सभी उरउ श्छए२ ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहें।

## हत्या में शामिल चार लोगों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के कुम्बाकला गांव निवासी रवीना खातून की आत्महत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के लिए चार लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि मृतिका की माता फातिमा बीबी पति बदरुद्दीन अंसारी के लिखित बयान के आधार पर आजाद अंसारी, नौशाद अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी तथा अरगा कुमारी के खिलाफ भारतीय दंड संविदा 108/ 352 351 (2) 3 ,(5) के तहत मामला पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है। विदित हो कि मृतिका का विवाह आजाद अंसारी के साथ तय था और शादी तय होने के उपरांत दोनों के बीच प्रेम प्रसंग भी हो गया था। मोबाइल से बातचीत के साथ एक दूसरे के घर आना जाना मिलना जुलना जारी था। इसके पूर्व आजाद अंसारी का गांव के ही एक अन्य लड़की के साथ पूर्व से ही प्रेम प्रसंग था। पूर्व प्रेमिका को शादी की बात से उसे चिढ हो गई फिर उसने मृतिका के पास फोन लगाकर कॉन्फ्रेंस में आजाद अंसारी से बात करने लगी। जहां आजाद अंसारी ने मृतिका के साथ किसी भी तरह का रिश्ते या शादी की बात से इनकार करने के बाद मृतका ने गुस्से में आकर आत्महत्या कर ली। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।




## कुंबा खुर्द पंचायत में टीबी फोरम की बैठक मरीजों को अब एक हजार रुपए की सहायता

**श्री बंशीधर नगर।** यक्ष्मा मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को प्रखंड के कुंबा खुर्द पंचायत सचिवालय में पंचायत टीबी फोरम की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया विवेक कुमार ने की। बैठक में चिकित्सा सहायक लव कुमार ने राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी से ग्रसित मरीजों को पूर्व में 500 रुपया प्रतिमाह की सहायता दी जाती थी, जिसे अब बढ़ाकर 1000 रुपया कर दिया गया है। यह सहायता मरीजों को पोषण के लिए दी जाती है। लव कुमार ने सभी उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि इस जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग की जाएगी और लक्षण पाए जाने पर तुरंत इलाज शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा,यक्ष्मा को जड़ से मिटाने के लिए लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बना सकते हैं। बैठक में सीएचओ प्रियंकर प्रियम, एसटीएस सुनील कुमार, एमपीडब्ल्यू देव कुमार, एएनएम अनिता कुमारी, पूनम कुमारी, सहिया साथी गीतांजली देवी, सहिया मालती देवी, सुमन टोप्पो सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी एवं स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में टीबी उन्मूलन को लेकर सामूहिक सहयोग और जनजागरूकता पर विशेष बल दिया गया।

## सड़क के बीचोबीच ग्रामीणों ने की घेराबंदी, प्रशासन ने हटवाया

केतार। प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के खोनहर गांव में मध्य विद्यालय तक जाने वाली सड़क पर गांव के कुछ ग्रामीणों द्वारा स्कूल से 50 मीटर की दुरी पर सड़क को अपना जमीन बताते हुए अतिक्रमण कर घोरान घोरने का मामला सामने आया है। सड़क के बीचोंबीच कीचड़ और घोरान घोरने से बच्चों एवं शिक्षकों को पैदल आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। बारिश का पानी का जमाव होने से सड़क किचड़ युक्त हो गया है, ऐसे में सड़क पर घोरान घोरने से बच्चों एवं शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन समिति अध्यक्ष चंद्रदेव सिंह एवं प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार ने अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार और थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी को आवेदन देकर गांव के ही सुग्रीव साह, रमेश साह, रामनाथ सिंह पर रास्ते पर अतिक्रमण करने की शिकायत कर घोरान हटवाने का आग्रह किया था। अंचलाधिकारी के निर्देश पर थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी एवं राजस्व कर्मचारी प्रकाश कुमार ने स्थल का निरीक्षण किया और उक्त ग्रामीणों को घोरान हटाने की चेतावनी दी। कर्मचारी प्रकाश कुमार ने बताया कि रास्ते से घोरान को हटवा दिया गया है वहीं बाकी जगहों से एक दिन के भीतर अतिक्रमण मुक्त करते हुए घोरान हटाने को कहा गया है।

## 24 दिव्यांग बच्चों की हुई स्वास्थ्य की जांच

श्री बंशीधर नगर। नगर उंटारी स्थित ट्रॉमा सेंटर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा द्वारा साथी कैंपेन के तहत एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 24 दिव्यांग बच्चों की चिकित्सकीय स्क्रीनिंग की गई। शिविर में सदर अस्पताल गढ़वा तथा पलामू से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने बच्चों की जांच की। डालसा सचिव निभा रंजन लकड़ा के निदेशार्नुसार, साथी कैंपेन के अंतर्गत गढ़वा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दिव्यांग बच्चों की पहचान, स्वास्थ्य जांच तथा उन्हें दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। सचिव निभा रंजन लकड़ा ने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत योग्य दिव्यांग बच्चों को सरकार की ओर से निःशुल्क ट्राइसाइकिल भी दी जाएगी, जिससे वे अधिक आत्मनिर्भर बन सकें। शिविर में स्वयंसेवक विकास कुमार ने बताया कि जो बच्चे इस बार शिविर में शामिल नहीं हो सके, उनकी जां आगामी 1 अगस्त को आयोजित होने वाले शिविर में की जाएगी। इस अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ. सुचित्रा कुमारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से सूरज लांबा, स्वयंसेवक सुधीर चौबे, विकास कुमार, पंकज कुमार, अखिलेश रवि, मनोज द्विवेदी, संगीता देवी, साहिना प्रवीण, रूपेश रजक, प्रणय कुमार, अमरदेव चौधरी तथा राकेश कुमार की सक्रिय सहभागिता रही।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने किया पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**गढ़वा।** पीएम श्री योजना के तहत गढ़वा में नवनिर्मित केंद्रीय विद्यालय भवन का मंगलवार को उद्घाटन किया गया। केंद्रीय विद्यालय परिसर में आयोजित भव्य उद्घाटन समारोह मे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस दौरान गढ़वा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीसी दिनेश कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, विद्यालय के प्राचार्य चंदन लोहानी आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं शीलापट्ट का अनावरण कर विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। जबकि स्काउट एंड गाइड के बच्चों ने कलर पार्टी की। मौके पर डीसी दिनेश यादव ने कहा कि गढ़वा के लिए आज बहुत ही ऐतिहासिक क्षण है। यहां केंद्रीय विद्यालय का नवनिर्मित सर्व सुविधा संपन्न भवन गढ़वा को समर्पित किया जा रहा है। अब बच्चों को बेहतर शिक्षा ग्रहण करने की और सुविधा उपलब्ध हो गई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय किसी भी अन्य विद्यालय से किसी भी मायने में कम नहीं है। यह विद्यालय देश स्तर पर शिक्षा का बेहतर अलग जाग रहा है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय पीएम श्री योजना के तहत चयनित है। इसमें बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सारी सुविधाएं उपलब्ध होगी। साथ ही यदि अन्य कोई भी आवश्यकता इस विद्यालय को हो तो वे उसे निश्चित रूप से पूर्ण करेंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, शिक्षाविद डॉ रमेश चंचल, प्राचार्य चंदन लोहानी आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हरिओम व संगीता ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय विद्यालय संगठन रांची संभाग के सहायक आयुक्त बलेंद्र कुमार, दीपक पांडेय, सीपीडब्ल्यूडी रांची के कार्यपालक अभियंता सुजीत कुमार सिंह, बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल गढ़वा के प्राचार्य एके मंडल, एसके सिंह, सुजीत पटेल, अभय सिंह राठौर, सुधीर कुमार, वाईपी सिंह, केवि पलामू के प्राचार्य मानिक कुमार, सौरभ कुमार सहित काफी संख्या में बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## सहायक शिक्षक ने दिया इस्तीफा

**मेराल।** पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय तेनार के सहायक शिक्षक अनिल कुमार सिंह ने इस्तीफा दे दिया है। सहायक शिक्षक अनिल कुमार सिंह ने विद्यालय को लिखित रूप में अपना इस्तीफा सौंपा है। दिए गए आवेदन के अनुसार विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने मिड डे मील की राशि के हेरा फेरी को लेकर मुझ पर आरोप लगाया गया है। विद्यालय के अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा मुझ पर एमडीएम में 6000 रुपए मांगे जाने का भी आरोप है। जबकि अनिल कुमार सिंह ने आवेदन के माध्यम से अपने स्वेच्छा से त्यागपत्र दिया है। उनके द्वारा आवेदन के माध्यम से बताया गया है कि विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा हम पर जो आरोप लगाया गया है वह बेबुनियाद है जो बिल्कुल निराधार है। विदित हो कि विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने भी सहायक शिक्षक अनिल कुमार सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षक अनिल कुमार सिंह विद्यालय से अधिकांश समय गायब रहते हैं और विद्यालय में रहने के बाद भी सोते रहते हैं पढ़ाते नहीं है तथा पढ़ाई के प्रति उनका कोई रुचि नहीं रहता है।

### पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सपरिवार किया रुद्राभिषेक

## भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं भगवान भोलेनाथ : मिथिलेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर नाग पंचमी के मौके पर मंगलवार को भव्य रुद्राभिषेक और महाप्रसाद का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सपरिवार रुद्राभिषेक किया। उन्होंने गढ़वा व राज्य के सुख समृद्धि की कामना की। रुद्राभिषेक में पूर्व मंत्री के परिजनों सहित कई प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी, समाजसेवी, शहर के गणमान्य लोग, झामुमो के सभी प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए। रुद्राभिषेक के बाद प्रसाद ग्रहण में भी गढ़वा के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग शामिल हुए। सभी ने मिलकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और महाप्रसाद ग्रहण किया। दो दिन पूर्व से ही पूर्व मंत्री के आवास पर रुद्राभिषेक की तैयारी काफी जोर-जोर से की जा रही थी। माहौल शिवभक्तिमय बना हुआ था। वाराणसी के विद्वान आचार्यों ने रुद्राभिषेक कराया। मंत्रोच्चार की गूंज से पूरा माहौल भक्ति में बना हुआ था। सुगंधित पुष्प व धूप बत्तियों से वातावरण सुगंधित हो रहा था। मंत्रोच्चार की गूंज, फूलों की सुगंध और श्रद्धालुओं की आस्था ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय कर दिया था। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भगवान भोलेनाथ गढ़वा और झारखंड राज्य सहित पूरे देश को खुशहाल एवं समृद्ध बनाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धा पूर्वक की गई पूजा अर्चना से भगवान प्रसन्न होते हैं। भगवान भोलेनाथ अपने सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। रुद्राभिषेक में पूर्व मंत्री की पत्नी चंचल ठाकुर, भाई अमरनाथ ठाकुर, विनय ठाकुर, रोजी ठाकुर, परिवार के सभी सदस्यों सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।



# शिक्षक की लापरवाही से स्कूल में अव्यवस्था शिक्षा विभाग के आदेशों की अनदेखी

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** शिक्षा विभाग के प्रतिनियोजन आदेशों की अनदेखी कर रहे कुछ शिक्षकों की लापरवाही से विद्यालय संचालन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इससे न केवल प्रशासनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है, बल्कि छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

### वित्तीय प्रभार अधर में

विद्यालय की पूर्व प्रधानाध्यापिका रूबी कुमारी का स्थानांतरण दो महीने पहले ही कर दिया गया था, लेकिन अब तक वितीय प्रभार उन्हीं के पास है। इससे विद्यालय प्रशासनिक और वित्तीय दोनों स्तरों पर अराजकता का शिकार हो गया है।

### पूर्व में भी हुई है लापरवाही

यह मामला कोई अपवाद नहीं है। इससे पहले ज्ञापांक 146, दिनांक 14 मई 2025 के तहत शिक्षक अमर जायसवाल को मध्य विद्यालय सुलसुलिया से बरडीहा विद्यालय में प्रतिनियोजित किया गया था। उन्होंने केवल शैक्षणिक प्रभार लिया, लेकिन वितीय प्रभार ग्रहण नहीं किया, जो विभागीय नियमों का सीधा उल्लंघन है।

### प्रतिनियोजन आदेश की अवहेलना

प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी ज्ञापांक 280, दिनांक 21 जुलाई 2025 के अनुसार शिक्षक मो. हसीब खाँ को उच्च माध्यमिक विद्यालय रक्सा से स्थानांतरित कर उच्च माध्यमिक विद्यालय बरडीहा में प्रतिनियोजित किया गया था। आदेश के तहत उन्हें दो दिनों के भीतर विद्यालय का पूरा प्रभार ग्रहण कर इसकी सूचना विभाग को देनी थी। लेकिन आदेश जारी हुए एक सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है, न तो उन्होंने प्रभार ग्रहण किया और न ही कोई स्पष्टीकरण भेजा।

**अभिभावकों में नाराजगी**

विद्यालय में बढ़ती अव्यवस्था और शिक्षकों की गैरजिम्मेदारी को लेकर स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों में गहरा असंतोष है। उनका कहना है कि अगर शिक्षक ही अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह रहेंगे, तो छात्रों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी का बयान

इस संबंध में जब जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीएसई) अनुराग मिंज से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं थी, लेकिन अब वे तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,लातेहार।
## अल्पकालिन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिलाबल के सभी थाना /ओ0पी0/पिकेट/सी0आर0पी0एफ0/ एस0एस0बी0 प्रतिष्ठानों हेतु 26(छब्बीस) जेनरेटर GST सहीत भाड़े पर जेनरेटर लेने की आवश्यकता है, जिसकी निविदा सूचना पट्ट एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, लातेहार के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र0स0 | समानों का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | जेनरेटर 7.5 KVA साउन्ड लेस | प्रति पीस प्रति दिन |
| 2 | जेनरेटर 10 KVA साउन्ड लेस | प्रति पीस प्रति दिन |
| 3 | जेनरेटर 15 KVA साउन्ड लेस | प्रति पीस प्रति दिन |
| 4 | जेनरेटर 20 KVA साउन्ड लेस | प्रति पीस प्रति दिन |
| 5 | जेनरेटर 25 KVA साउन्ड लेस | प्रति पीस प्रति दिन |
| 6 | जेनरेटर 30 KVA साउन्ड लेस | प्रति पीस प्रति दिन |
| 7 | जेनरेटर 40 KVA साउन्ड लेस | प्रति पीस प्रति दिन |

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक–11/08/2025 तक अपना निविदा उपस्कर शाखा, पुलिस केन्द्र, लातेहार मे 11:00 बजे तक सील बंद लिफाफा मे समर्पित कर सकते है। निविदा दिनांक–11/08/2025 को समय 12:00 बजे निविदादाता के समक्ष रक्षित कार्यालय, पुलिस केन्द्र, लातेहार में खोली जाएगी। अनुमोदन के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगें।

निविदा की शर्तेः–

1. निविदाकर्ता झारखण्ड मूल्य वार्धित कर अधिनियम–2005 के अन्तर्गत निबंधित हो।
2. प्रतिष्ठान का GST NO- होना अनिवार्य है।
3. किसी भी परिस्थिति मे अग्रिम राशि भुगतान नहीं किया जायेगा।
4. निविदा को संशोधित करने एवं बिना कोई कारण बतायें निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. निविदा 01 (एक) वर्ष के लिए होगा तथा अनुमोदन किये गये प्रतिष्ठान का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर कार्य अवधि का विस्तारण किया जा सकता है।
6. निविदा दाता क्रय की जाने वाली वस्तुओं का दर सील बंद लिफाफा मे उपलब्ध करायेगे, जिस पर आपके प्रतिष्ठान का नाम पता मोबाईल नम्बर के साथ अंकित होगा।
7. जेनरेटर खराब होने पर 24 घण्टों के अन्दर मरम्मति किया जायेगा। जिसका बील भुगतान जेनरेटर मालिक के द्वारा किया जायेगा।

नोट :– इन सभी शर्तो को पुरा नही करने वालें निविदा दाता का निविदा मान्य नही होगा।

पुलिस अधीक्षक,
लातेहार।

PR 358422 Police(25-26)D



## कार्यालय - झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

विज्ञापन संख्या–KGBV/01/2025

**कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में शिक्षिकाओं एवं लेखापपाल –सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के चयन हेतु आवश्यक सूचना**

1. विभागीय आदेश संख्या–GE/08/163/2022-23/1811 दिनांक–09.05.2025 के आलोक में जिला में संचालित 14 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अर्हताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्त्तों के अधीन शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 18.08.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कार्यालय गढवा में आमंत्रित किए जाते हैः–

| क्रं | पद का नाम | रिक्ति | कोटि | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना0 (UR) | अनु0जा0 (SC) | अनु0ज0जा0 (ST) | अ0पि0व0 (BC-I) | अ0पि0व0 (BC-II) | |
| कक्षा 06 से 08 | | | | | | | | |
| 1. | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा(हिन्दी/अंग्रेजी) | 04 | 01 | 03 | 0 | 0 | 0 | **04** |
| 2. | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – गणित | 06 | 02 | 02 | 01 | 0 | 01 | **06** |
| 3. | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान | 05 | 02 | 03 | 0 | 0 | 0 | **05** |
| 4. | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – सा0 विज्ञान | 01 | 0 | 01 | 0 | 0 | 0 | **01** |
| 5. | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – शारीरिक शिक्षा | 06 | 03 | 03 | 0 | 0 | 0 | **06** |
| 6. | पूर्णकालिक लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर(महिला) | 01 | 0 | 01 | 0 | 0 | 0 | **01** |
| | कुल | **23** | **8** | **13** | **1** | **0** | **1** | **23** |

2. उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढवा विकास भवन–बी, समाहरणालय परिसर, प्रथम तल गढवा (पुराना भवन) में अनिवार्य रूप से दिनांक 18.08.2025 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साधारण डाक से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

3. चयन हेतु अर्हता एवं निर्धारित परिलब्धि–

| क्र. सं. | पदनाम | वांछित अर्हता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा (हिन्दी/अंग्रेजी) | 1. **शैक्षणिक अर्हताः**– किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक शिक्षिका यथा क्रमांक 1, 2, 3, 4 एवं 5 पर अंकित पदों हेतु आवेदन किया जा रहा हो) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक की अर्हता अनिवार्य है। अनुसूचित जाति/ जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यर्थियों को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>2. **प्रशैक्षणिक अर्हताः**– मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी. एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा– प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता। शारीरिक शिक्षिका के लिए Bachelor in Physical Education/Degree in physical education अनिवार्य होगा।<br>3. **शिक्षक पात्रता परीक्षाः**– राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धांतों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 के लिए आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार द्वारा TET की वैधता आजीवन मान्य किया गया है। शारीरिक शिक्षिका हेतु TET अनिवार्य नहीं है। | 1. शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 15,840/–प्रतिमाह देय होगी। 03 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने पर नियत प्रतिमाह परिलब्धि में 50 प्रतिशत की वृद्धि देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – गणित | | |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान | | |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – सा0 विज्ञान | | |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – शारीरिक शिक्षा | | |
| 6 | पूर्णकालिक लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर(महिला) | 1. किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान/ विश्वविद्यालय से बी. कॉम प्रतिष्ठा में 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्णता।<br>2. **तकनीकी अर्हता**– किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स में PGDCA/DCA/समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्णता।<br>3. **कार्य अनुभव**– हिन्दी एवं अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाईपिंग के साथ टैली सॉफ्टवेयर (Tally Software) की जानकारी अनिवार्य रुप से होनी चाहिए।<br>4. चयन हेतु सिर्फ महिला अभ्यर्थी ही योग्य माने जायेंगें। | 1. सविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रु0 11,880/– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. प्रत्येक एक वर्ष के संतोषप्रद कार्य करने की स्थिति में संविदा का विस्तार किया जाएगा।<br>3. तीन वर्ष तक संतोषप्रद कार्य किए जाने के पश्चात् नियत मानदेय में एकबारगी 50 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए मानदेय स्वरूप प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष संविदा विस्तर की स्थिति में 150 रु0 की वार्षिक मानदेय वृद्धि देय होगी। |

**चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्त्ते निम्नवत हैं–**

1. चयन हेतु सिर्फ महिला अभ्यर्थी ही योग्य माने जायेंगे। पुरूष अभ्यर्थियों का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. चयनित होनेवाले शिक्षिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मी की सेवा अनुबंध के आधार पर प्रथमतया एक वर्ष के लिए ली जाएगी तथा कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में एक–एक वर्ष के लिए अवधि विस्तारित किया जा सकेगा।
3. सभी पदों के चयन में जिला स्तरीय आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा।
4. आयुसीमा :–

I. चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 तथा अधिकत्तम उम्र 35 वर्ष होगी परंतु उच्चतम उम्र में कार्मिक, प्रशासनिक एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या–29 दिनांक–04.01.2021 झारखण्ड सरकार के आलोक में उम्र सीमा की छूट प्रदान करने का दिशा–निदेश अंकित है। चूकि कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में सिर्फ महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जाना है। अतः उक्त विज्ञापन प्रारूप में उम्र सीमा के छूट के संदर्भ में अंकित कंडिका– 4 में निम्न रुप से आंशिक संशोधन करने का आदेश प्राप्त है।

| Sl.No. | Category | Maximum age limit |
|---|---|---|
| 1 | Female (UR/EWS/BC-I/BC-II) | 38 |
| 2 | SC/ST (Male and Female) | 40 |
| 3 | Person (Female) with bench mark disability (PwBD) | A relaxation of 10 years in their respective category. |

i. भूतपूर्व सैनिकों Ex-Servicemen को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकत्तम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।
ii. उम्र की गणना आवेदन करने के वर्ष 01.08.2025 के आधार पर की जायेगी।

5. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में कार्यरत पूर्णकालिक/अंशकालिक/ घंटी आधारित शिक्षिकाओं को राज्य कार्यकारिणी समिति की 52वीं एवं 64वीं बैठक में पारित निर्णय के आलोक में इन कर्मियों के एक वर्ष के कार्यकाल के विरूद्ध 01 अंक के आधार पर कुल कार्यकाल की गणना कर परीक्षा में प्राप्त अंक में अतिरिक्त अंक जोड़े जाने पर सहमति प्रदान की गई है। साथ ही निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में न्यूनतम शैक्षणिक में 5 प्रतिशत की सीमा तक छुट, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले को दी जा सकती है। उक्त सुविधा झारखण्ड परियोजना परिषद् के अधीन पदों के चयन में झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्/समग्र शिक्षा/ सर्व शिक्षा अभियान/ राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान/ के0जी0बी0भी0 / साक्षर भारत/ महिला सामख्या इत्यादि में कार्यरत अवधि का होगा।
6. **आवेदनः**– सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 18.08.2025 के संध्या 5:00 बजे तक **जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी– सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढवा विकास भवन–बी, समाहरणालय परिसर, प्रथम तल गढवा (पुराना भवन)** के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।
7. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्त्तें, अर्हत्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक वेबसाईट **https://garhwa.nic.in** पर उपलब्ध है। चयन से संबंधित सभी दिशा–निदेश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे। उपरोक्त जानकारी जिले के NIC के अधिकारिक वेबसाईट पर भी अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी।
8. **आवेदन के साथ संलग्न किए जानेवाले अनुलग्नक :–**
   i. 23 X 10 से.मी. का स्वःपता लिखा हुआ दो लिफाफा।
   ii. सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वःअभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न की जाए।
   iii. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (झारखण्ड राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।
   iv. झारखण्ड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाणपत्र की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।
9. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा।
10. अभ्यर्थियों का चयन जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का इस हेतु निर्णय अंतिम माना जाएगा।
11. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित/रद्द करने का अधिकार जिला के उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा को सुरक्षित रहेगा।
12. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफा के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षर में आवेदित पद का नाम एवं कोटि अंकित करना होगा। अन्यथा आवेदन अस्वीकार करने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे।
13. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
जिला कार्यकारिणी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 358421 (Human Resource Developement) 25-26 (D)

# डिजिटल अरेस्ट कर 3.9 लाख रुपए ठगी मामले में राजस्थान का साइबर अपराधी गिरफ्तार

- फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर कॉल करके धमकाया

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिले के टोरी रेलवे स्टेशन के रेलवे कर्मचारी से डिजिटल अरेस्ट कर 3.9 लाख रुपए की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को लातेहार पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार साइबर अपराधी सुरेंद्र खोजा राजस्थान के निंबी जोधा, कुचामन का रहने वाला है। उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से साइबर ठगी में उपयोग किया गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। इसकी जानकारी मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि पीड़ित रेलवे कर्मी रविशंकर केसरी को एक सप्ताह तक डिजिटल अरेस्ट करके 3,90,000 रुपए की ठगी की गई थी। इस मामले में साइबर थाना कांड संख्या 01/25 दर्ज किया गया था। पुलिस ने टेक्निकल सेल और साइबर पदाधिकारी की मदद से साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया। डीएसपी ने आगे बताया कि साइबर अपराधी सुरेंद्र खोजा ने एक लाख रुपए अपने अकाउंट 1102110120073619 में जमा कराए थे। शेष तीन अन्य अकाउंट में दो लाख 90 हजार रुपए ट्रांसफर कराया था। उन्होंने आगे बताया कि 12 दिसंबर 2024 को अज्ञात नंबर से टेलीकॉम विभाग के पदाधिकारी बनकर पीड़ित से संपर्क किया गया। उसे बताया गया कि दिल्ली में उसके नाम से अवैध सिम लिया गया है और अपराध किया जा रहा है. फिर उसे दिल्ली पुलिस से जोड़ा गया और बताया गया कि उस पर मनी लॉन्ड्रिंग का भी केस चल रहा है। इसके बाद फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर कॉल करके धमकाया गया। 10 मिनट के भीतर पूरे परिवार को जेल भेज देने की बात कह कर डिजिटल अरेस्ट किया गया। इस छापेमारी अभियान में साइबर थाना के एसआई पिंटू कुमार, एएसआई जितेंद्र कुमार और आरक्षी वीरेंद्र पासवान शामिल थे।

## विशेष राजस्व शिविर का हुआ आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** उपायुक्त के निदेशानुसार भुर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह के नेतृत्व में अंचल कार्यालय में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जमीन संबंधी कई कार्यों का समाधान किया गया, जिससे लोगों को अपने जमीन संबंधी कार्यों को आसानी से पूरा करने में मदद मिली। शिविर में जमीन का म्यूटेशन, जमीन के कागजात की जांच, और अन्य जमीन संबंधी कार्यों का समाधान किया गया। अंचलाधिकारी दीपक मिश्रा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को अपने जमीन संबंधी कार्यों को आसानी से पूरा करने में मदद करना है। शिविर के आयोजन से लोगों को अपने जमीन संबंधी कार्यों के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़े। शिविर में ही उनके कार्यों का समाधान किया गया, जिससे लोगों को राहत मिली है। अंचलाधिकारी ने बताया कि इस तरह के शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि लोगों को अपने कार्यों के लिए सुविधा मिल सके।

## एनएच 22 के बने गड्ढे की खबर पर जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लिया संज्ञान

- सोशल मीडिया पर क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने सड़क में बने गड्ढे की खबर को किया था शेयर
- एनएच डिविजन के सहायक अभियंता को फोन कर सड़क मरम्मती का दिया निर्देश




नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बालूमाथझचंदवा एनएच 22 मुख्य मार्ग पर बने गड्ढे को भरने के लिए एनएच डिविजन के सहायक अभियंता प्रताप को दिशा निर्देश दिया गया है बता दें कि बालूमाथ मुख्य मार्ग सहित मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली सड़को पर बड़े बड़े गड्ढे बने हुए हैं। जिससे आम जन बहुत ही प्रभावित हैं। इन गड्ढे में बरसात का पानी भर जाने के बाद दिखाई नहीं पड़ती थी जिससे चालक गिरकर चोटिल हो जाया करते हैं। जिस खबर को राष्ट्रीय नवीन मेल हिंदी दैनिक अखबार में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। जिसे बालूमाथ के जागरूक नागरिकों ने अखबार की कटिंग को सोशल मीडिया में शेयर किया था। जिस पर जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को त्वरित मरम्मत करने का निर्देश दिया। जिसे विभाग ने अभिलंब सड़क की मरमती के लिए आश्वासन भी दिया है। साथ ही जिप उपाध्यक्ष महोदया ने यह भी बतलाया कि यह सड़क निर्माण बीते वर्ष में कराई गई थी. ऐसी स्थिति में विभाग को चौकस रहने की आवश्यकता है क्योंकि यह सड़क अभी भी मेंटेनेंस में है। साथ ही जीप उपाध्यक्ष ने सोशल मीडिया एवं अन्य प्लेटफार्म पर लोगों के द्वारा इस तरह के मामलों को उठाए जाने की सराहना की है।

### लातेहार पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल: 24 घंटे में कार्यभार संभालने का अल्टीमेटम

## अनदेखी पर होगी कार्रवाई, एसपी कार्यालय से सख्त आदेश जारी

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले में पुलिस पदाधिकारियों के स्थानांतरण को लेकर एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया है। एसपी कार्यालय से जारी जिलादेश के तहत चार पुलिस अधिकारियों का तबादला तत्काल प्रभाव से किया गया है और उन्हें 24 घंटे के भीतर नए स्थान पर योगदान करने का कड़ा निर्देश दिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, मनिका थाना में पदस्थापित पु०अ०नि० अनुप कुमार को बरवाडीह थाना का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं, बालुमाथ थाना में कार्यरत पु०अ०नि० रंजन पासवान को स्थानांतरित कर बरियातु थाना का कमान सौंपा गया है। हेरहज थाना में तैनात पु०अ०नि० यकीन अंसारी को छिपादोहर थाना भेजा गया है जबकि वर्तमान में छिपादोहर थाना में पदस्थापित पु०अ०नि० धीरज कुमार सिंह को पुलिस केन्द्र लातेहार में स्थानांतरित किया गया है। पुलिस अधीक्षक लातेहार की ओर से साफ कहा गया है कि सभी संबंधित अधिकारी 24 घंटे के भीतर अपने नव पदस्थापन स्थल पर योगदान सुनिश्चित करें और इसकी रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी को सौंपें। आदेश की अवहेलना करने पर संबंधित अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। उल्लेखनीय है कि पु०अ०नि० धीरज कुमार सिंह के स्थानांतरण को लेकर डीआईजी, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज से विधिवत अनुमति प्राप्त की गई है, जिसका उल्लेख ज्ञापांक-1363/गो० दिनांक-28.07.2025 में किया गया है। पुलिस महकमे की इस अचानक हुई सर्जरी को लेकर विभागीय हलकों में हलचल है। अधिकारियों को समय पर योगदान सुनिश्चित करने और पूरी पारदर्शिता से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश भी अलग से जारी किए गए हैं। यह आदेश पुलिस अधीक्षक लातेहार की ओर से 29 जुलाई 2025 को ज्ञापांक-4528/गोठ के तहत जारी किया गया है। इसकी प्रतिलिपि सभी संबंधित अधिकारियों और शाखा प्रभारियों को सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु भेजी गई है।

## स्टेट चैंपियन होने पर मानव श्रृंखला बनाकर खिलाड़ियों का किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़।** प्रखंड के संत तेरेसा गर्ल्स स्कूल की बच्चियों ने रांची में आयोजित राज्य स्तरीय प्रथम लिटिल चैंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता में चैंपियन बनी। उनकी महुआडांड़ वापसी पर सोमवार को विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर निर्मला के नेतृत्व में स्कूली छात्राओं और महुआडांड़ के गणमान्य लोगों द्वारा सभी प्रतिभागियों का शास्त्री चौक पर भव्य स्वागत किया गया। इस संबंध में सिस्टर निर्मला ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्रथम लिटिल चैंप्स 2025-26 का आयोजन किया गया था जिसका रविवार को बीआईटी मेसरा, रांची में भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में संत तेरेसा गर्ल्स स्कूल की टीम ने लातेहार जिले का प्रतिनिधित्व किया जिसमें बालिका वर्ग में लातेहार की टीम लिटिल चैंप्स के चैंपियन बने। बालिका वर्ग के फाइनल में लातेहार ने पश्चिमी सिंहभूम को 1-0 से हरा कर खिताब अपने नाम किया।

टीम के कोच प्रीतम लकड़ा और मैनेजर बिमला तिर्की ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य भर से आए कुल 576 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें बालक और बालिका दोनों वर्गों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। हमारी टीम ने कप्तान खुशी मिंज के नेतृत्व में पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें लातेहार की टीम बालिका वर्ग में विजेता बना। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर मुख्य अतिथि सौरभ तिवारी पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी सह सचिव झारखंड राज्य क्रिकेट संघ, कुलपति बीआईटी मिश्रा इंद्रनील मन्ना एवं राज कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने संयुक्त रूप से प्रदान किए। वहीं सिस्टर निर्मला ने टीम के शानदार प्रदर्शन के लिए जिले के उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, और बीईईओ और सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं इस स्वागत समारोह में हजारों की संख्या में मौजूद थे।

## माओवादी मनोहर गंझू के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

- भाकपा माओवादी जोनल कमांडर मनोहर पर 10 लाख का है इनाम

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ (लातेहार)।** 10 लाख का इनामी भाकपा माओवादी जोनल कमांडर मनोहर गंझू पिता विलास्पति गंझू ग्राम टेमराबर बसिया थाना बालूमाथ जिला लातेहार स्थित घर पर बालूमाथ थाना पुलिस ने विधिवत न्यायालय का इस्तहार चस्पा किया गया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बतलाया कि मनोहर गंझू बालूमाथ थाना के कांड संख्या 108/ 24 का अभियुक्त है, अगर अभियुक्त न्यायालय द्वारा दिए गए समय पर सरेंडर नहीं करता है तो घर की कुर्की जब्ती कर ली जाएगी। उपरोक्त कांड पर भाकपा माओवादी जोनल कमांडर पर गोली मारकर हत्या का आरोपी है। इस इश्तहार चस्पा अभियान में पुअनी विकास कुमार सहित सशस्त्र पुलिस बल शामिल रहे।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बीडीओ ने किया बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में मंगलवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी व प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान के संयुक्त अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 अगस्त से लेकर 25 अगस्त तक चलाया जाने का निर्णय लिया गया। बैठक मे निर्देश दिया गया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी लाभुकों को शत प्रतिशत घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने हेतु सभी मुखिया जेएसपीएलएस के कोऑर्डिनेटर एवं अन्य लोगों से जागरूक करने को कहा गया। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सभी को आइंमेकिटन एवं एल्वेन्डाजोल की गोली खिलानी है। इस दवा को गंभीर बीमार एवं गर्वती महिलाओं को छोड़कर खिलाने की बात कहीं गई। साथ मे बीएलटीएफ की बैठक की गई। मौके पर बाल विकास के सुपरवाइजर, शिक्षा विभाग से वीरेंद्र भगत, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, बीपीएम मृत्युंजय कुमार, पंकज कुमार पांडेय,बलराम कुमार, संदीप कुमार, पंकज कुमार पांडेय, नितेश कुमार सहित प्रखंड कर्मी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## दो अगस्त को संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 02 अगस्त 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे से जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल, लातेहार में किया जाएगा। इस कार्यक्रम की सफलतापूर्वक तैयारी सुनिश्चित करने हेतु मंगलवार को उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम की रूपरेखा, समन्वय एवं आयोजन की जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले के विकासोन्मुख कार्यों की उपलब्धियों को दशार्ने एवं आकांक्षी कार्यक्रम के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का अवसर है। आकांक्षा हाट में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी, वहीं संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। बैठक में कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों, आमंत्रण, मंच संचालन, माइक व्यवस्था, स्टॉल आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समयावधि में कार्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य जिले में संचालित विकासात्मक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्य कर रहे विभागों, कर्मियों को सम्मानित करना एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्यों को जनमानस के समक्ष प्रस्तुत करना है।

### महुआडांड़ थाना में भड़काउ भाषा बोलने को लेकर आवेदन

**महुआडांड़।** प्रखंड के जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद और गौशिया मस्जिद की अंजुमन कमिटी ने संयुक्त रूप से थाना में आवेदन देकर संजय गुप्ता पिता स्व मुनेश्वर गुप्ता के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। दिए गए आवेदन में अंजुमन कमिटी ने बताया कि संजय गुप्ता द्वारा महुआडांड़ के मुस्लिम समाज के लिए आपत्तिजनक और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया है जिसका ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल साथ है जिससे हमारी धार्मिक भावना भी आहत हुई है इसलिए आरोपी पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## न्यूज बॉक्स

### आरक्षी अधीक्षक की उपस्थिति में कई मामलों का हुआ निष्पादन

**मयूरहंड (चतरा)।** स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। आरक्षी अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल एवं अंचल प्रधान सहायक जय प्रकाश शर्मा ने जमीन विवाद से जुड़े मामलों पर प्राथमिकता के साथ सुनवाई की। आरक्षी अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि भूमि विवाद के कारण अक्सर विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो जाती है। ऐसे मामलों का समाधान अगर स्थानीय स्तर पर हो जाये तो न केवल न्याय मिल सकता है बल्कि विवाद बढ़ने से भी रोका जा सकता है। इस दौरान दस जमीन विवाद मामले एवं पांच पारिवारिक मामलों का निपटारा दोनों पक्षों के आपसी सहमति से किया गया। मामलों के निपटारे के बाद दोनों पक्षों ने संतोष और खुशी जाहिर की। थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान समय में छोटे-छोटे भूमि विवादों को लेकर आये दिन आपसी झगड़े और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही है। थाना दिवस के आयोजन का उद्देश्य ऐसे मामलों का शांतिपूर्ण निपटारा कर लोगों को न्याय दिलाना और सामंजस्य बनाना है। मौके पर डीएसपी अमृता लकड़ा,अनिल कुमार सिंह,सुधीर यादव,रामभरोस यादव के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बोदा में बीएफसी क्लब ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**चंदवा।** बीएफसी क्लब बोदा के तत्वावधान मंगलवार को बोदा पंचायत भवन मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रंजीत उरांव,बोदा पंसस शुशीला टोपनो, झामुमो नेता सुरेश उरांव, समाजसेवी महबूब अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इसके पूर्व आयोजन समिति के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। उदघाटन मैच रानी खटंगा रांची व स्मॉल ब्लास्टर चंदवा के बीच खेला गया। निर्धारित समय में दोनो टीमें बराबरी पर रही जिसके बाद पेनाल्टी शूट आउट में एक गोल से चंदवा की टीम विजयी रही। वहीं टूर्नामेंट को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि जीवन में खेल का बड़ा महत्व होता है। खेल से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा खेल को खेल भावना से खेलनी चाहिए। फुटबॉल का खेल युवाओं में संघर्ष एवं नेतृत्व करने की क्षमता बढ़ाता है। खेल में टीम वर्क का बड़ा महत्व होता है। खेल में हार जीत लगी रहती है। खेल में हारने वाली टीम और जितने वाली टीम दोनों को सीख लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन युवा समाजसेवी सौरभ श्रीवास्तव कर रहे थे। इधर आयोजक समिति के बबलू राही,समीर अंसारी व शाहिद अंसारी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार 31 जुलाई को खेला जायेगा। फाइनल के पश्चात दोपहर तीन बजे से नागपुरी प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया है। जिसमें नागपुरी गायक बशीर अंसारी, सरस्वती बुनकर, विमला देवी, पूजा मुंडा व धनेश लोहरा को आमंत्रित किया गया है। मौके पर सुदामा प्रसाद, हिमांशु सिंह, शेराज अंसारी, सज्जाद अंसारी, सोनु अंसारी समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

### राजस्व शिविर में दर्जनों आवेदन, चार का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड सभागार में मंगलवार को राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंचला अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने किया। जिसमें राजस्व से संबंधित दर्जनों आवेदन लोगों द्वारा जमा किए गए। शिविर में भूमि सुधार, रसीद निर्गत एवं एलपीसीए को लेकर आवेदन जमा किए गए। इन सभी में एलपीसी का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर सीआई प्रमोद कुमार सिंन्हा, कर्मचारी पप्पू कुमार यादव एवं ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

### जर्जर पुल-पुलिया मरम्मती को लेकर मुखिया पति ने उपायुक्त को दिया आवेदन

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत पहरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार के साथ पंचायत में जर्जर हो चुके आधा दर्जन पुल-पुलिया मरम्मती को उपयुक्त को ज्ञापन सोपा है। जिसमें बताया गया है कि खलारी गांव को जोड़ने वाली रास्ते में बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसे मरमती करने की जरूरत है। वही रोहमर गांव के समीप पुलिया जो गिद्धौर व पत्थलगड़ा को जोड़ता है। वह काफी जर्जर हो चुकी है। जिसकी मरमती की मांग की गई है। साथ ही साथ पत्र में लिखा गया है कि इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधि के साथ विधायक व सांसद को भी मौखिक रूप से बताया गया है। परंतु कोई इस विषय पर ध्यान नहीं दिये। आवेदन में ग्रामीण दीपक टूटू, अनीता नाग, जॉन मुंडा, शीला देवी, प्रेमी सोरेन, जयप्रकाश दांगी समेत दर्जनों लोगों का हस्ताक्षर है।

### लावालौंग-पांकी मुख्य सड़क कीचड़ में तब्दील, पैदल चलना हुआ दुर्भर

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड मुख्यालय से पांकी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क इन दिनों बेहद जर्जर स्थिति में है। सड़क पर कीचड़ का आलम ऐसा है कि न तो ठिक से वाहन चल पा रहे हैं और न ही आमजन के पैदल चलने जैसी रह गई है। स्थानीय लोग इस सड़क की तुलना धान रोपनी वाले खेत से कर रहे हैं। रिमी मुखिया सुगी देवी, उनके प्रतिनिधि जगदीश यादव और विकास कुमार ने बताया कि इस मार्ग की मरम्मती में वन विभाग की ओर से अड़चन डाली जा रही है, जिसके कारण वर्षों से यह मार्ग उपेक्षित पड़ा है। सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क से रोजाना स्कूल के बच्चे, मरीज और व्यापारी आवागमन करते हैं। लेकिन वर्तमान स्थिति में लोगों को कीचड़ भरे रास्ते में फिसलकर गिरने की नौबत आ रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्थिति ऐसी ही बनी रही तो जल्द ही वे इस सड़क पर धान की रोपाई कर देंगे। यह बयान उनकी नाराजगी और हताशा को साफ दशार्ता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि अविलंब इस सड़क की मरम्मत कराई जाए ताकि आने-जाने में सुविधा हो सके और बरसात के मौसम में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## अधिवक्ताओं के हितों के लिए करूंगा काम : शाहदेव

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिला अधिवक्ता संघ के सत्र 2025-27 के लिए निर्वाचित पदाधिकारियों को मंगलवार को पद एवम गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बता दें कि पिछले 26 जुलाई को अधिवक्ता संघ के सत्र 2025-27 लिए चुनाव किया गया था। जिला अधिवक्त संघ के 12 पदो के लिए चुनाव हुआ था। जिसमे अध्यक्ष पर लाल अरविंद नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष पर बासुदेव कुमार पांडेय, सचिव पद पर संजय कुमार, संयुक्त सचिव (प्रशासनिक) पर मिथलेश कुमार, संयुक्त सचिव (पुस्तकालय) पद पर नरोत्तम कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार पांडेय, सहायक कोषाध्यक्ष पद पर स्वप्निल कुमार सिंह और कार्यकारिणी सदस्य के पांच पद पर वृंद बिहारी प्रसाद यादव, निरंजन प्रकाश मल्लान, अरविंद कुमार गुप्ता, राजेश यादव तथा रमण कुमार महतो चुने गए थे। मंगलवार को अधिवक्ता संघ भवन में चुनाव अधिकारी गणेश प्रसाद, अनिल ठाकुर व संतोष रंजन कुमार ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी और सदस्यो को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष लाल अरविंद नाथ शाहदेव ने शपथ लेने के बाद कहा कि अधिवक्ताओं के हितों के लिए वे कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी होने के पर हमेशा उनके साथ खड़ा रहने रहेंगे। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान अधिवक्ताओं के लिए बैठने की उचित व्यवस्था कराना एवं शौचालय आदि बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर।
अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना
ई0 पुर्ननिविदा संख्या–01/2025-26/RDD/NREP/PALAMAU (Re-Tender)

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम देवरी कला में पी0डब्लू0डी0 रोड से पुराना जपला फैक्ट्री रेलवे लाईन महुराम के पास तक पक्का सिंचाई नाला निर्माण। 2500 फीट | हुसैनाबाद | 24.976 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | Re-Tender 01/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–30.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–07.08.2025 up to 5.00 PM बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–08.08.2025 पूर्वाहण 11.00 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।

09. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर, पलामू।

PR 358476 NREP(25-26)D

सप्ताहिक कार्यक्रम पंचाइत कर गोइठ कार्यक्रम आयोजित

# आर्थिक रुप से सक्षम राशनकार्ड धारकों को कार्ड सरेंडर करने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने पूर्व निर्धारित साप्ताहिक कार्यक्रम पंचाइत कर गोइठ के तहत जिले के मुखियाजनों से संवाद स्थापित किया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त ने विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं से बातचीत कर सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से उन्हें अवगत कराया साथ ही उनके क्षेत्र की समस्याओं से स्वयं भी वे अवगत हुए। उपायुक्त ने मुखियाजनों से बात करते हुए कहा कि अभी स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 जारी है। सभी मुखिया इस सर्वेक्षण में अपने पंचायत अंतर्गत गांवों के निवासियों को शामिल करें और स्वच्छता सर्वेक्षण के प्रारूप में इंट्री कराएं। अंतिम तिथि 30 जुलाई 2025 तक निर्धारित है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के नये सर्वे में जिनका नाम जुड़ा है उन लाभुकों का सत्यापन सभी मुखिया अपने-अपने क्षेत्र में करा लें। उपायुक्त ने कहा कि अब तक अधिकतर किसान धान के लिए खेती के लिए केसीसी लेते रहे हैं लेकिन अगर कोई किसान फल या सब्जी की भी खेती के लिये केसीसी ऋण लेना चाहते हैं तो ज्यादा क्रेडिट मिलेगा। किसान अपनी क्रेडिट लिमिट बढ़ा सकते हैं। इच्छुक किसान फिर से अपनी क्रेडिट लिमिट बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। पीएम फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक किसान मात्र एक रुपये की टोकन मनी देकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि सभी गांवों में किसान उत्पादक का गठन करें।उपायुक्त ने पंचायत स्तर पर जो वंशावली प्रमाण-पत्रों के लिए बनायी जाती है उसे मुखियागण ध्यानपूर्वक और सत्यापित करने के बाद ही जारी करें। किसी भी स्तरपर लापरवाही नहीं हो। जो भी प्रमाण-पत्र निर्गत हों वे सही और त्रुटिरहित हों। उपायुक्त ने सभी मुखियाओं से आर्थिक रूप से सक्षम राशनकार्ड धारकों का कार्ड सरेंडर कराए जाने की अपील की ताकि गरीब जरूरतमंदो को इसका लाभ दिया जा सके।

### पीएम सुरक्षा बीमा समेत अन्य योजनाओं का लें लाभ

जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय की ओर से पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति योजना और अटल पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी जिसका लाभ उठाने की अपील उपायुक्त ने की। उपायुक्त ने इसकी जानकारी सभी ग्रामीणों तक दिए जाने की अपील मुखियाजनों से की। जिन ग्रामीणों का मकान बारिश की वजह से या हाथी द्वारा तोड़े जाने पर क्षतिग्रस्त हो गया है वैसे परिवार को पंचायत भवन में तत्काल अस्थायी आवासन कराने और राशन उपलब्ध कराने का निर्देश अंचल अधिकारियों को दिया गया।

## नगर परिषद क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करें, चलाएं अभियान

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने नगर परिषद के अंतर्गत किये जानेवाले कार्यों व भविष्य के लिए विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में प्रतिदिन साफ-सफाई सुनिश्चित करें। इसके लिए एक अभियान चलाएं, लोगों को जागरूक भी करें। किसी वार्ड में अगर गंदगी हटाने, नाली जाम की समस्या, कूड़ा-करकट की समस्या, फॉगिंग/ब्लीचिंग छिड़काव की मांग, स्ट्रीट लाईट खराब हो तो लोगों से मिलने वाली शिकायतों के संधारण के लिए एक शिकायत पंजी नगर परिषद कार्यालय में संधारित की जाय। साथ ही, उसमें प्राप्त शिकायतों का निवारण कर उसकी प्रतिदिन समीक्षा की जाय। शहर में साफ-सफाई सुनिश्चित करें। एक टॉल-फ्री नंबर भी जारी किया जाए ताकि जनता उसमें अपनी समस्याएं रख सकें। अगर कोई भी नागरिक सड़क या फुटपाथ में ईंट, बालू, चिप्स आदि रखते हैं तो कार्रवाई करें। इधर-उधर कचरा फेंकने वालों पर आर्थिक दण्ड लगायें।

### फॉगिंग व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव जरूरी

उपायुक्त ने नगर परिषद क्षेत्र में जलजमाव वाले स्थानों पर फॉगिंग कराने और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव का निर्देश दिया। जाम हुई नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा शहर में कचरा की साफ-सफाई प्रातः काल में ही करा लिया जाए। साथ ही, कचरे का उठाव भी ससमय हो जाए। अभी बारिश का मौसम है जिसे देखते हुए जल जमाव कही भी ना हो यह सुनिश्चित करें। मच्छर की संख्या बढ़ने से रोकने के लिए साफ-सफाई बहुत जरूरी है।

## सभी के सहयोग से संपन्न हुआ भव्य कांवर यात्रा : सुनील

**लोहरदगा।** कांवरिया संघ बरवाटोली ने लोहरदगा के मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से लेकर गुमला जिला के घाघरा प्रखंड अंतर्गत देवाकी बाबा धाम तक कांवर यात्रा के सफल आयोजन के लिए आभार जताया है। कांवरिया संघ बरबाटोली के आजीवन संरक्षक और समाजसेवी सुनील अग्रवाल, आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल (लड्डू) सहित सभी सदस्यों ने इस सफल और भव्य आयोजन को लेकर तमाम शिव भक्तों, लोहरदगा के निवासियों, गुमला जिला के घाघरा और गुमला जिला प्रशासन और पुलिस के पदाधिकारी, शिव भक्त, कार्यकर्ताओं, लोहरदगा जिला के प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों, गणमान्य लोगों, सभी मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया है। सुनील अग्रवाल ने कहा है कि निश्चित रूप से शिव भक्तों के समर्पण, सभी लोगों के सहयोग से यह आयोजन फिर एक बार ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ है, कांवरिया संघ प्रत्येक वर्ष यह आयोजन करती है। जिसमें सभी लोगों का हृदय से सहयोग प्राप्त होता है। हम भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

## जागृति मंच द्वारा कुटिया शिव मंदिर में रुद्राभिषेक एवं भव्य महाआरती का आयोजन

**लोहरदगा।** सावन मास के तीसरे सोमवार की देर शाम को लोहरदगा जागृति मंच की ओर से ईस्ट गोला रोड स्थित कुटिया शिव मंदिर प्रांगण में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण रुद्राभिषेक तथा संध्या में भव्य महा आरती का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जागृति मंच के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन भगवान शिव की कृपा प्राप्ति एवं समाज में आध्यात्मिक जागरण फैलाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं को सावन मास की महत्ता के विषय में भी जानकारी दी। रुद्राभिषेक के पश्चात संध्या में कुंवारी कन्याओं द्वारा दीप प्रज्वलन कर दिव्य और भव्य महा आरती की गई। मंत्रोच्चार आचार्य सूर्य नारायण पाठक द्वारा किया गया, जिससे मंदिर परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बन गया।


**कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण,(I.T.D.A) लातेहार**
**(अ0ज0जा0,अ0जा0,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**सूचना**

PR-357645 (Welfare) 25-26.D ज्ञापांक 1533 दिनांक 18.07.2025 के द्वारा डूवेल डेस्क, एल0ई0डी0 टी0भी0, कम्प्युटर डेस्कटॉप, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन, वेट मशीन, आर0ओ0, एवं सी0सी0टी0वी0 कैमरा इत्यादि का क्रय हेतु निविदा दिनांक 01.08.2025 को 12:30 बजे तक आमंत्रित किया गया था।

उक्त आमंत्रित निविदा अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार

PR 358516 Welfare(25-26).D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar/ F2 - 09/2025-26

पत्रांक–558 लातेहार/दिनांक–29.07.2025

| क0 सं0 | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 03 | जिला अनाबद्ध निधि मद अन्तर्गत प्रखंड– बरवाडीह के पंचायत– छिपादोहर में गोरा सिंह के घर से आँगनबाड़ी केन्द्र खैराही टोला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 29.205 | 3 माह | |
| 2 | | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 08.08.2025 | | |
| 3 | | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.08.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.08.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 25.08.2025 5.00 बजे अपराह्न | | |
| 6 | | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।<br>9939182470 | | |
| 7 | | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 | | |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 358513 (Water Resource)25-26*D


## न्यूज बॉक्स

### जैव विविधता की जानकारी के लिए पंजी संधारित करने का निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला जैव विविधताओं से भरा हुआ क्षेत्र हैं। इस जिला में कई प्रकार के पशु, पक्षी, पेड़-पौधे, औषधीय पौधे आदि हैं जिन्हें संरक्षित किये जाने की जरूरत है। इसकी जानकारी के लिए सभी पंचायतों में एक पंजी संधारित हो जिसके आधार पर उन्हें संरक्षित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाया जा सके। उपायुक्त ने प्रत्येक छुटे हुए पंचायत भवन में ऑप्टिकल फाइबर के जरिये इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराए जाने का निर्देश सभी मुखियाजनों को दिया। उपायुक्त ने महिला शिशु एवं सामाजिक सुरक्षा कल्याण हेतु पंचायत स्तर पर समिति गठन का निर्देश सभी मुखियाजनों को दिया। साथ ही इस समिति के अंतर्गत होने वाले कार्यों की भी जानकारी दी। उपायुक्त ने सामाजिक कुरीतियों; बाल विवाह, डायन प्रथा आदि को दूर करने हेतु वार्ड सदस्यों का टास्क फोर्स गठन करने का निर्देश दिया। गांवों में बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजे जाने की अपील की। साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्र प्रतिदिन और आँगनवाड़ी केंद्र नियमित रूप से खोले जाने की मॉनिटरिंग का निर्देश दिया गया।

### धीरज प्रसाद साहू ने राज्यसभा सांसद सैयद नासिर हुसैन से शिष्टाचार भेंट की



**लोहरदगा।** नई दिल्ली में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद सैयद नासिर हुसैन से शिष्टाचार मुलाक़ात की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक गतिविधियों, देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति तथा आगामी रणनीतियों को लेकर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। इस अवसर पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री प्रदीप बालमुचू एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सच्चिदानंद चौधरी भी उपस्थित रहे। श्री साहू ने नासिर हुसैन को झारखंड की सामाजिक-राजनीतिक स्थिति से अवगत कराते हुए केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में झारखण्ड में चल रहे संगठन सृजन वर्ष 2025 की जानकारी दी तथा संगठन को और अधिक मज़बूत बनाने हेतु जिला से बूथ स्तर तक संगठन की संरचनात्मक गतिविधि पर विचार-विमर्श किया, उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पूरे झारखंड में संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम तेजी से चल रहा है और कार्यकर्ताओं ने जिस लगन के साथ पूरे प्रदेश में पार्टी की मजबूती के लिए निरंतर कार्य किया है, उससे निश्चित तौर पर आने वाले समय में पार्टी को राजनीतिक लाभ मिलेगा। यह मुलाक़ात सौहार्द, समन्वय एवं संगठनात्मक मजबूती के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

### ग्रामीणों ने दो चोर को रंगेहाथ पकड़ा



**भंडरा ।** भंडरा साप्ताहिक मंगल बाजार में ग्रामीणों ने दो महिला पॉकेटमार को बाजार करने पहुंची महिला के थैला से पर्स को पॉकेटमारी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। इसके बाद उग्र भीड़ ने दोनों महिला पॉकेटमार की जमकर धुनाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने मौके पर पहुंच दोनों महिलाओं को ग्रामीणों की चंगुल से मुक्त कराते हुए पॉकेटमार महिलाओं को बचा लिया गया। ग्रामीणों की उग्र भीड़ के बावजूद पुलिस प्रशासन की तत्परता से दोनों पॉकेटमार महिलाओं को बचा लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि भंडरा थाना क्षेत्र के भैसमुंदो गांव निवासी अंजली कुमारी बाजार में कुछ सामान खरीद रही थी। तभी दो महिलाओं ने उसके थैला में रखे पर्स की चोरी कर भाग रहे थे। जिसे अन्य ग्रामीणों द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। जिसके बाद उग्र ग्रामीणों ने जमकर धुनाई कर दी। हालांकि समय रहते भंडरा थाना पुलिस पहुंच कर दोनों पॉकेटमार महिलाओं को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर अपने साथ लेकर चली गई।

### सेन्हा में आयुष चिकित्सा शिविर आयोजित

**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय के समीप आयुष्मान भारत योजना के तहत एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आयुष पद्धति से इलाज कर मरीजों को मुफ्त में दवाएं वितरित की गईं। इस शिविर में डॉ. श्वेता कुमारी और डॉ. रंजीत कुमार द्वारा जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द, पैरों की सूजन, शुगर, ब्लड प्रेशर, सर्दी-जुकाम, बुखार सहित विभिन्न सामान्य रोगों का इलाज किया गया। साथ ही, रोगों से बचाव के उपाय भी बताए गए।

## नाग पंचमी पर बुढ़वा महादेव मंदिर में 51 लीटर दूध से हुआ भोलेनाथ का अभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** नाग पंचमी के पावन अवसर पर लोहरदगा स्थित ऐतिहासिक बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। सुबह विधिवत पूजन-अर्चन के साथ मंदिर के पुजारी अर्जुन पाठक के नेतृत्व में भगवान शिव का 51 लीटर दूध से विशेष अभिषेक किया गया।

पूजन उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सामाजिक समरसता और धार्मिक श्रद्धा का सुंदर संगम देखने को मिला। भंडारे में ओम प्रकाश सिंह, मदन मोहन पांडे, विनोद राय, दीपक सराफ, गणेश महतो और नंदलाल महतो जैसे कई प्रमुख समाजसेवी उपस्थित रहे। आयोजन में महादेव टोली नवयुवक संघ समिति की सक्रिय भूमिका रही, जिसमें सुशील ठाकुर, रोहित मित्तल, रंजीत महतो, आदित्य महतो, संदीप महतो, सोहन साहू, दीपक महतो, रोशन कुमार, सोनू साहू, विवेक सिंह और राकेश गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। मंदिर परिसर में दिनभर हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे।

## बीडीओ ने विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड परिसर में मंगलवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी. बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड अंतर्गत 9 पंचायतों में विभिन्न योजनाओं का पूर्ण, अपूर्ण, सक्रिय एवं निष्क्रिय अद्यतन रिपोर्ट का विश्लेषण किया. वहीं जनप्रतिनिधियों के कार्य प्रणाली की चर्चा की. सभी पंचायत कर्मी की ओर से अपने-अपने क्षेत्र में होनेवाली समस्याओं पर चर्चा की गयी. बीडीओ ने बाल विकास परियोजना, खाद्य आपूर्ति एवं समग्र शिक्षा 15 वें वित्त, जमीन संबंधित समस्याएं, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य सभी विभागों के साथ बिंदुवार समीक्षा की। कहा कि सभी पंचायतों में योजनाएं धरातल पर चल रही है।

पंचायत कर्मी पूरी ईमानदारी से योजनाओं को कार्यन्वयन करे। किसी हालत मे लापरवाही बर्दाश नही की जाएगी। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, नितलेन्द्र कुमार, बीटीएम प्रियांशु मिंज,अजय कुमार, नवप्रभात भगत, जेई रेहान अंसारी, बिरसमुनी कुमारी,पंचायत सचिव अलोक लकड़ा, महिपाल भगत आदि मौजूद थे।

### पीएम श्री स्कूल का ऑनलाइन लोकार्पण

**भंडरा।** लोहरदगा जिला में पहले पीएम श्री स्कूल का ऑनलाइन लोकार्पण मंगलवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली के भारत मंडलम में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में की। इस कार्यक्रम में राज्यमंत्री डॉ शकुंतला मजूमदार, जयंत चौधरी, झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, स्थानीय सांसद सुखदेव भगत, विधायक चमरा लिंडा सहित दर्जनों केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के सीधा प्रसारण पीएम श्री बिटपी स्कूल के बड़े पर्दे पर किया गया। इसमें मुख्य रुप से उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अभिजीत कुमार, फील्ड मैनेजर आकाश गुप्ता, जिला परिषद सदस्य राजमणि उरांव, प्रमुख बिरिया देवी, पूर्व जीप सदस्य शामिल उरांव स्कूल के शिक्षक, बच्चे और अभिभावक इस लोकार्पण कार्यक्रम के साक्षी बने।

## अलौदी पंचायत में जंगली हाथी का आतंक फसल व दुकानों को पहुंचाया नुकसान

- **वन विभाग की निष्क्रियता पर ग्रामीणों में आक्रोश, मुआवजे की मांग तेज**

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती अलौदी पंचायत में जंगली हाथी के प्रवेश से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बन गया है। हाथी के हमले से खेतों में लगी धान, मडुआ, ईख सहित अन्य फसलें बर्बाद हो गई हैं। वहीं पारही बसार टोली में दो छोटी दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों के अनुसार, उक्त जंगली हाथी को पहले सोमवार को घाघरा थाना क्षेत्र में देखा गया था, जिसे वन विभाग द्वारा जंगल की ओर खदेड़ने की कोशिश की गई थी। लेकिन मंगलवार की सुबह हाथी पुनः अलौदी पंचायत के खखसी टोली, चाउ चुरकु, सुरसुरिया, पारही बसार टोली होते हुए आबादी वाले इलाकों में पहुंच गया।हाथी की सूचना ग्रामीणों ने सुबह 5 बजे ही लोहरदगा वन प्रमंडल को दे दी थी, लेकिन 10 बजे तक भी वन विभाग की टीम नहीं पहुंची। जिससे लोगों में विभाग के प्रति गहरा आक्रोश देखा गया। सुरक्षा के अभाव में ग्रामीणों ने खुद हाथी को भगाने की कोशिश शुरू कर दी है। फिलहाल किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, परंतु फसलों और कच्चे मकानों को हुए नुकसान ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा उपाय करने और नुकसान के मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द उचित कदम नहीं उठाए गए तो हाथी के हमले से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वन विभाग से हाथी को सुरक्षित तरीके से जंगल में वापस भेजने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की जा रही है।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/ Latehar/ F2 - 08/2025-26

पत्रांक– 557 लातेहार/दिनांक– 29.07.2025

| क0 सं0 | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 02 | जिला अनाबद्ध मद अन्तर्गत प्रखंड–बरवाडीह के पंचायत–बरवाडीह में भट्टी मुहल्ला से BSNL टावर होते हुए SBI रोड मिडिल स्कूल पीपल पेड़ बाजार षेड होते हुए पंचमुखी मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 61.181 | 3 माह | |
| 2 | | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 08.08.2025 | | |
| 3 | | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.08.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.08.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 25.08.2025 5.00 बजे अपराह्न | | |
| 6 | | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।<br>9939182470 | | |
| 7 | | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 | | |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 358510 Water Resource (25-26)_D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar/ F2 - 07/2025-26

पत्रांक–556 लातेहार/दिनांक–29.07.2025

| क0 सं0 | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 01 | जिला अनाबद्ध निधि मद अन्तर्गत प्रखंड–बरवाडीह के पंचायत–केचकी PWD रोड कुटी मोड़ से रेलवे स्टेषन तक पी0सी0सी पथ निर्माण कार्य। | 45.747 | 3 माह | |
| 2 | | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 08.08.2025 | | |
| 3 | | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.08.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.08.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 25.08.2025 5.00 बजे अपराह्न | | |
| 6 | | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।<br>9939182470 | | |
| 7 | | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 | | |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 358499 (Water Resource)25-26*D

# न्यूज बॉक्स

## गुमला-रांची फोरलेन पर भीषण सड़क हादसा, एक की मौत



सिसई (गुमला)। गुमला-रांची एनएच-23 फोरलेन पर सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। महुआडीपा स्टेडियम के पास रांची की ओर जा रही स्कॉर्पियो (JH 01 BH 0188) और गुमला की ओर आ रही एक अज्ञात हाइवा के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो चालक राहुल राम (30 वर्ष), पिता - जितेंद्र राम, निवासी सिंगरा कला, डाल्टनगंज की मौके पर ही मौत हो गई। स्कॉर्पियो में सवार अन्य पांच लोग घायल हो गए, जिनमें से शंकर सिंह (40 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया है। जबकि उपेन्द्र राम (50), रुपेश कुमार सिंह (12), लक्ष्मी देवी (30) समेत एक अन्य को हल्की चोटें आई हैं और उनका इलाज सिसई रेफरल अस्पताल में चल रहा है। स्थानीय लोगों और पुलिस की तत्परता से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिसई रेफरल अस्पताल भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो रांची की ओर जा रही थी और गलत दिशा में चल रही थी, तभी सामने से आ रही हाइवा से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। सूत्रों के अनुसार सभी यात्री शराब के नशे में थे, जिससे यह गंभीर दुर्घटना घटी। शराब सेवन और गलत दिशा में गाड़ी चलाना इस दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है।

## चोरों ने ताला तोड़कर दिनदहाड़े लाखों की चोरी की

घाघरा। पीड़ित ने घाघरा थाना में दी अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित आवेदन दीघाघरा थाना मुख्यालय नवडीहा पुल के समीप अज्ञात चोरों ने दिन दहाड़े एक घर का ताला तोड़कर नगद 20 हजार नगद सहित 80 हजार से ऊपर के सोने और चांदी के कई आभूषणों की चोरी कर लिया। इस संबंध में पीड़ित सीमा देवी ने बताया कि वह आज सुबह 10 बजे घर के दरवाजा में ताला लगाकर अपने खेत में काम करने के लिए गई थी। वापस जब दिन के 1 बजे घर लौटी। तो देखा कि दरवाजा में लगे ताला टूटा पड़ा है और ताला दूसरे स्थान पर रखा हुआ है। इसके बाद अंदर जाकर देखा तो गोदरेज और बक्सा के ताला लॉक टूटे पड़े हैं।समान बिखरे पड़े है।वही गोदरेज में रखें 20 हजार रुपए नगद, 2 जोड़ा चांदी पायल, दो जोड़ा चांदी बिछिया, एक सोने का मंगलसूत्र, एक चांदी, कान के टॉप सोने का एक जोड़ा, नाक का नथिया सोने का दो पीस गायब है। जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। उक्त चोरी में लगभग 1 लाख रुपए के आभूषण और नगद की चोरी हुई है। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई।जहां थाना के एसआई उपेंद्र पाठक घटनास्थल पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए ।सबसे खास बात यह है कि दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम अज्ञात चोरों द्वारा दी जा रही है। जिससे लोग लोगों में डर व्याप्त है।आखिरकार रात के अंधेरे में तो चोरों द्वारा चोरी की जाती थी अब दिन के उजाले में भी चोरी कर ली जा रही है जो पुलिस के लिए एक चैलेंज साबित हो रही है।

## सिसई के देव कॉम्प्लेक्स में खुला डेंटल क्लिनिक : ग्रामीणों को होगी सुविधा



सिसई (गुमला)। सिसई देव कांप्लेक्स स्टेट बैंक परिसर में मंगलवार को सिसई डेन्टल क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। डेन्टल क्लिनिक का उद्घाटन जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा व पूर्व प्राधानाध्यापक पितम्बर झा ने संयुक्त रुप से फीता काट कर की। इसके पूर्व दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज साहु ने पूजा अर्चना की। मौके पर किरण बाड़ा ने कहा कि आज के समय में सिसई में देव मेडिकल सिसई की ओर से आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था दिया जा रहा है। जिसका उदाहरण यह डेन्टल क्लिनिक है। डॉ पंकज साहु व डॉ शुभम मिश्रा जैसे दन्त रोग विशेषज्ञ यहां रोगियों का इलाज करेंगे। उसी तरह यहां हड्डी रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ,जेनरल फिजिशियन के चिकित्सक रोगियों का इलाज कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। डॉ पंकज साहु ने कहा कि लोगों को डेन्टल एक्स-रे सुविधा, पायरिया, दांतों की साफ-सफाई, दांत के नसों का इलाज, कृत्रिम दांत लगाने आड़े तिरछे दांतों का इलाज किया जायेगा। जो आधुनिक चिकित्सा से युक्त होगा। मौके पर डॉ कृष्णा प्रसाद साहु, डॉ आदित्य विक्रम देव, प्रो साहु प्रकाश लाल, सुरेश साहु, धनीराम यादव, विजय साहु, हरिश्चंद्र साहु, अशोक साहु सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पंचायत समिति की बैठक में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

भरनो (गुमला)। प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रखंड स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बैंक, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, बाल विकास, ब्लॉक, अंचल सहित अन्य विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और क्रमवार अपने-अपने विभागों की अद्यतन जानकारी दी। उन्होंने संबंधित योजनाओं की उपलब्धियों के साथ-साथ वर्तमान में आ रही समस्याओं को भी बैठक में साझा किया। इस दौरान नवनिर्मित प्रखंड स्तरीय स्टेडियम के हैंडओवर को लेकर विशेष चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि स्टेडियम के हस्तांतरण में कुछ प्रशासनिक अड़चनें आ रही हैं, जिन्हें जल्द सुलझाकर स्टेडियम को उपयोग में लाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, चिकित्सा प्रभारी डॉ. जाहिद अख्तर, अंचल निरीक्षक शाहीद अनवर, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामकृष्ण ओहदार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलम केरकेट्टा, बीपीएम नीलकंठ कच्छप, रविंद्र कुमार सहित पंचायत समिति सदस्य जहांगीर आलम, पिंकी देवी, फूलकुमारी केरकेट्टा, राजेश्वरी, शांति उरांव, भरत उरांव, बैंककर्मी, प्रखंडकर्मी, आंचलकर्मी एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## बीएन जालान कॉलेज में आज संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन

सिसई (गुमला)। बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई मे 30 जुलाई बुधवार को संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती करेंगे। मुख्य अतिथि डॉ धनंजय वासुदेव द्विवेदी- कुलसचिव श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची, विशिष्ट अतिथि प्रो अर्चना कुमारी दुबे - मानविकी संकाय अध्यक्ष रांची विश्वविद्यालय रांची, मुख्य वक्ता डॉ राजा पाठक - सहायक प्राध्यापक बी एच यू बनारस, विशिष्ट वक्ता डॉ शैलेश कुमार - राजकीय संस्कृत महाविद्यालय रांची सहित कई अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी पुरी कर ली गयी है।

# घाघरा में हाथी का तांडव जारी, रात्रि में घर तोड़े व अनाज किया चट

नवीन मेल संवाददाता



घाघरा (गुमला)। घाघरा में हाथी का तांडव जारी रात्रि दो बजे दो घर तोड़े, अनाज किया चट घाघरा थाना क्षेत्र के हापामुनी गांव में जंगली हाथी का आतंक दूसरे दिन भी जारी रहा, जिसने दो और घरों को भारी नुकसान पहुंचाया और उनमें रखा सारा अनाज चट कर गया। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और वे वन विभाग से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, यह हाथी सोमवार देर रात गांव में घुस आया। इसने सबसे पहले सुनील उरांव और फिर महादेव उरांव के घर को निशाना बनाया। पीड़ित के मुताबिक, हाथी ने दोनों घरों की दीवारों को तोड़ दिया और भीतर घुसकर बड़ी मात्रा में रखे धान, गेहूं और अन्य अनाज को खा गया या बर्बाद कर दिया। परिवार वाले किसी तरह अपना जान बचाकर जैसे तैसे भागे। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह वही हाथी है जिसने एक दिन पहले भी घाघरा और उसके आस पास के इलाके में उत्पात मचाया था। लगातार दूसरे दिन हाथी के दहशत से ग्रामीण रात भर जागने को मजबूर हैं और उन्हें अपनी जान-माल की चिंता सता रही है। प्रभावित परिवारों का कहना है कि उन्होंने अपनी साल भर की मेहनत से जमा किया हुआ अनाज खो दिया है और अब उनके सामने पेट भरने का संकट खड़ा हो गया है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि अभी भी हाथी आसपास के इलाके में मौजूद है जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द हाथी को आबादी वाले क्षेत्र से दूर करने और प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### गुमला में इंटरनेट और आधार सेवाओं को मजबूत बनाने की कवायद तेज, डीसी ने कहा

# सभी पंचायत भवनों में इंटरनेट व ब्रॉडबैंड संपर्क सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जाए

● जिन सत्रह संकुल संसाधन केंद्र (बीआरसी) अभी तक कार्यशील नहीं हुए हैं, उन्हें एक सप्ताह के भीतर सक्रिय किया जाए

नवीन मेल संवाददाता



गुमला। जिले में डिजिटल संपर्क और आधार सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में एक विशेष समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आधार पहचान प्रणाली और मोबाइल नेटवर्क सुदृढ़ीकरण से संबंधित विभिन्न मुद्दों की गहन समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट व समय-सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सभी पंचायत भवनों में इंटरनेट और ब्रॉडबैंड संपर्क सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जाए। जानकारी दी गई कि गुमला जिले में वर्तमान में कुल चार सौ छियासी मोबाइल टावर कार्यरत हैं, जिनमें भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के पचासी, एयरटेल के एक सौ छियासी और जियो के दो सौ पंद्रह टावर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त बारह नेटवर्क-विहीन क्षेत्रों में मोबाइल टावर की स्थापना के लिए स्थान चयनित किए गए हैं, वहीं ग्यारह नए क्षेत्रों में टावर लगाने की प्रक्रिया प्रगति में है। वर्तमान में सात स्थानों पर टावर निर्माण कार्य चल रहा है, जिन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिन सत्रह पंचायत भवनों में अभी नेटवर्क अथवा ब्रॉडबैंड की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां एक सप्ताह के भीतर कनेक्शन प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन आठ पंचायतों में कनेक्शन कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां सेवा को सक्रिय करने और सभी पंचायतों में ब्रॉडबैंड का वार्षिक पुनर्भरण कराने के लिए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (डीपीआरओ) को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने भारत नेट परियोजना को पंद्रह अगस्त दो हजार पच्चीस तक पूर्णतः सक्रिय करने और सभी पंचायतों में इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने हेतु समन्वय पर विशेष बल देने की बात कही।

## डुमरी टांगरडीह में 100 शैय्या वाले छात्रावास भवन का शिलान्यास

गुमला (डुमरी)। डुमरी प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, टांगरडीह में प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत 100 शैय्या वाले छात्रावास भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। यह योजना विशेष रूप से जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गुमला जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार महतो सहित अन्य ने भाग लिया।

# विद्यालय की छत को स्कूली बच्चों से कराया जा रहा साफ-सफाई

नवीन मेल संवाददाता



सिसई (गुमला)। प्रखंड क्षेत्र के बालक मध्य विद्यालय में स्कूली बच्चों से स्कूल की छत की साफ सफाई कराया जा रहा है। जब इस बात की जानकारी स्थानीय लोगों से मिली तो मीडिया बंधु विद्यालय पहुंचकर विद्यालय के एचएम विनय गुप्ता से पूछताछ किए, कि आप बच्चों से काम क्यों करवा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि साफ सफाई के लिए हमारे पास कोई सफाईकर्मी नहीं है। इसलिए, बच्चों से साफ सफाई करवा रहे हैं। आगे उनसे पूछा गया कि आपको सरकार की तरफ से विद्यालय के रखरखाव व साफ सफाई के लिए, मेंटेनेंस खर्च 75 हजार रुपए का फंड दिया जाता है तो उस पैसे से एक सफाईकर्मी रखकर साफ सफाई क्यूं नहीं कराते है? इसपर उनका कहना था कि मेंटेनेंस का पैसा बाथरूम का साफ सफाई करने हेतु सर्फ साबुन और ऑफिस के काम के साथ पठन पाठन सामग्री खरीदने में खत्म हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय में बच्चे पढ़ने जाते हैं काम करने नहीं। किसी भी विद्यार्थी से काम कराना नहीं है ये सरकार का सख्त आदेश है बावजूद बच्चों से काम कराया जाता है। जो एक तरह से बच्चों के ऊपर शोषण है यदि कोई बच्चा छत से गिर जाए और कोई दुर्घटना हो जाती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। इसपर प्रशासन द्वारा जल्द ही जांच कर उचित कार्रवाई किया जाना चाहिए।

## विद्यालय निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने दी चेतावनी व दिशा-निर्देश

भरनो (गुमला)। प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को भरनो प्रखंड के डुड़िया गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डुड़िया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक स्थिति और आधारभूत संरचना की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्रों से बातचीत की और शैक्षणिक प्रश्न पूछे। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन भी दिया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया। इसके उपरांत उन्होंने विद्यालय परिसर में शौचालय, किचन शेड तथा कक्षा-कक्षों का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जब बीडीओ ने कक्षा 1 और 2 के बच्चों को टूटे हुए फर्श पर बैठा देखा तो उन्होंने इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुदेश्वर उरांव को कड़ी फटकार लगाई।

## सड़क किनारे सूखे पेड़ों की डालियां बन रही है खतरा

गुमला। गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गुमला जिला प्रशासन और वन विभाग से नगर क्षेत्र की सड़कों पर स्थित पुराने और सूखे पेड़ों की टहनियों की तत्काल छंटनी कराने की मांग की है। राजेश सिंह ने कहा कि नगर की कई प्रमुख सड़कों पर वर्षों पुराने पेड़ खड़े हैं, जिनकी सूखी टहनियां अचानक गिरने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने जानकारी दी कि आज सिसई रोड पर एक सूखी डाली गिरने से दो राहगीरों को हल्की चोटें आईं। सौभाग्यवश कोई बड़ी घटना नहीं हुई, लेकिन यह भविष्य के लिए एक गंभीर संकेत है। उन्होंने यह भी बताया कि इन मार्गों से बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, महिलाएं और आम नागरिक रोजाना गुजरते हैं। ऐसे में किसी भी समय कोई दुर्घटना या जनहानि हो सकती है। इस स्थिति को देखते हुए उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि वन विभाग को स्पष्ट निर्देश देकर सभी सूखी डालियों की शीघ्र छंटनी कराई जाए, ताकि किसी अनहोनी की आशंका को रोका जा सके। राजेश सिंह ने प्रशासन से अपील की है कि इस विषय पर गंभीरता से विचार कर पूर्व-एहतियाती कदम उठाए जाएं, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।


**समाहरणालय, चतरा**
**(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
sport.chatra@gmail.com
**शुद्धि पत्र–01**

इस कार्यालय के निविदा सूचना संख्या–320/खेल, दिनांक–22.07.2025 द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या–PR. No. 357937 (Tourism, Art Culture Sports and Youth Affairs) (25-26):D के संदर्भ में आंशिक संशोधन करते हुए निम्नलिखित शर्तों को जोड़ा जा रहा है। यह शुद्धि पत्र निविदा का अभिन्न अंग होगा।

1. निर्धारित मासिक किराया वाहन, चालक, ईंधन एवं सभी कर सहित अधिकतम राशि 39,500/–(उनचालिस हजार पाँच सौ रूपये) मात्र एकमुश्त प्रतिमाह निर्धारित होगी।
2. वाहन सफेद रंग की महिन्द्रा बोलेरो/बोलेरो नियो वाहन ही होगी।
3. वाहन का प्रतिमाह परिचालन 1300 कि०मी० होगा अर्थात एक वर्ष में कुल परिचालन 15,600 कि०मी० होगा। वाहन परिचालन की तिथि के एक वर्ष पूर्ण होने पर परिचालन यदि 15,600 कि०मी० से अधिक होगा तो अधिक परिचालन किए गए वाहन का रू० 11/–प्रति किलोमीटर की दर से राशि का भुगतान कार्यालय द्वारा विभागीय अनुमति के उपरांत किया जायेगा।
4. पूर्व में प्रकाशित निविदा के पेज सं०–03 में प्रतिभूति की धनराशि रूपये–1,00,000/–(एक लाख) के जगह रूपये–10,000/–(दस हजार) मात्र होगी।

नोट :–1. पूर्व में प्रकाशित निविदा में शेष शर्तें यथावत रहेगी तथा तत्काल प्रभाव से निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।
2. अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय चतरा का संपर्क संख्या 7870238999 पर संपर्क किया जा सकता है।

ह०/–
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा।

PR 358523 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (25-26)D



**कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।**
**(अभियंत्रण कोषांग)**
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

**ई–निविदा**
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
निविदा संख्या – 02/2025–26(DE) दिनांक 23.07.2025

| क्र०/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | लोहरदगा | आ०ज०जा० बलदेव साहु महाविद्यालय छात्रावास संख्या–01 एवं 03 में किचन एवं डायनिंग हॉल का जीर्णोद्धार तथा छात्रावास संख्या 03 में शौचालय का जीर्णोद्धार कार्य | 6177000.00 | 10000.00 | 123600.00 | 08(आठ) माह |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05.08.2025/10:00 बजे पूर्वाह्न से
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :–13.08.2025/10:00 बजे पूर्वाह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि व समय :–14.08.2025/10:00 बजे पूर्वाह्न
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तद्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
2. कार्य की मात्रा अाव क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा
PR.NO.358462 Lohardaga(25-26):D



**कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, (I.T.D.A) लातेहार।**
(अ०ज०जा०,अ०जा०,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)
**सूचना**

PR-357643 (Welfare) 25-26.D इस कार्यालय के ज्ञापांक 1532 दिनांक 18.07.2025 के द्वारा लातेहार जिलान्तर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं अन्य आवासीय विद्यालयों के लिये बंक बेड, गद्दा, बेडशीट, ताकिया का क्रय हेतु निविदा दिनांक 01.08.2025 को 12:30 बजे तक आमंत्रित किया गया था।
उक्त आमंत्रित निविदा अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार।
PR 358517 Welfare(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**
**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No. 357668 Building(25-26):D, Tender Reference No.-.-12/ E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj /2025-26, DATE -18.07.2025 कार्य से संबंधित है, के कुछ तिथियों में तकनीकी एवं अपरिहार्य कारण वश संशोधन किया जा रहा हैं जिसका विवरणी निम्नवत है:–

| क्रमांक | मद | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 31.08.2025 03:00 PM | 31.07.2025 03:00 PM |
| 2. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 02.08.2025 3:00 PM | 02.08.2025 3:00 PM |

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Building division ,daltonganj.
PR.NO.358473 Building(25-26):D



**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू**

**पलामू जिला के किसान भाई/बहनों के लिए आवश्यक सूचना**

पलामू जिला के सभी किसान भाईयों/बहनों को सूचित करना है कि श्रीअन्न (मिलेट फसल) योजना को बढ़ावा देने हेतु राज्य में झारखण्ड मिलेट मिशन योजना कार्यान्वित की जा रही है। योजना के तहत जिले में मिलेट फसलों की खेती करने वाले सभी किसानों को प्रति एकड़ 3000 रू0 (एक किसान को अधिकतम 5 एकड़ तक) की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक किसान अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

**किसानों के लिए पात्रता मानदंड:-**
1. वैसे किसान जो अपने खेत में मिलेट की खेती कर रहे हों।
2. जो किसान पट्टे की भूमि पर मिलेट की खेती कर रहे हों।
3. किसान झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी हों।
4. किसान के पास वैध आधार नम्बर हो।
5. किसान के पास वैध मोबाईल नम्बर हो।
6. किसान के पास वैध बैंक पासबुक हो।
7. न्यूनतम 10 डिसमिल से 5 एकड़ भूमि में मिलेट की खेती करने वाले किसान।

**किसान पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज**
1. भूमि दस्तावेज।
2. मुखिया द्वारा सत्यापित वंशावली।
3. आधार कार्ड।
4. बैंक खाता पासबुक
5. बटाईदार के मामले में भूमि मालिक का अनापत्ति प्रमाण पत्र।

के साथ अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र पर जाकर 30 अगस्त 2025 से पहले योजना के पोर्टल https://jhmm.jharkhand.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू
PR 358448 (District) 25-26 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

परमात्मा का वास सभी इंसानों में है। लेकिन, सभी इंसानों में परमात्मा का भाव भी हो, ये जरूरी नहीं है। इसलिए व्यक्ति अपने कर्मों की वजह से दुखी है। - **स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी**

## संपादकीय

# स्वच्छता के मापदंड और हम

झारखंड की राजधानी रांची स्वच्छता की सूची में शामिल नहीं हो पा रही है ऐसे में उन शहरों के तौर तरीकों को जानना चाहिए केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने इस बार कई बरसों से स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल रहने वाले शहरों के लिए सुपर स्वच्छता लीग की शुरुआत की, ताकि जो शहर हर बार टॉप कर रहे हैं, वे आदतन बदल चुके हैं और इनका मुकाबला स्वच्छ सर्वेक्षण में दूसरे शहरों से होगा, तो और सुधार होगा। लेकिन सुपर स्वच्छता लीग में भी इंदौर ने ही टॉप किया। इंदौर की यह उपलब्धि महज प्रशासनिक प्रयास नहीं है, बल्कि वहां के प्रत्येक नागरिक की भी सामूहिक जिम्मेदारी की दौड़ है। दरअसल, मालवा के इस शहर की फितरत ही ऐसी है कि जो ठाना उसे पाना। इंदौर ने तीन-आर पर काम किया। रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकल, लेकिन अब एक और आर यानी रिप्रोड्यूस पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इंदौर में कचरे से नई उपयोगी चीजें बनेंगी। जैविक कचरे से खाद, प्लास्टिक और अन्य अनुपयोगी वस्तुओं को रिसाइकल कर नए उत्पाद बन रहे हैं। इंदौर में कचरा अब कचरा नहीं, कमाई का जरिया भी बन गया है। इंदौर ने अभी से आगे भी अपनी बादशाहत बरकरार रखने की तैयारी भी शुरू कर दी है। नगर निगम ने जीरो लैंड फ्री सिटी की ओर भी कदम बढ़ा दिए हैं। इसके जरिए न केवल प्रोसेसिंग के बाद बचने वाले करीब पांच प्रतिशत अनुपयोगी सूखे कचरे को जमीन के नीचे दबाकर एक लेयर तैयार की जाएगी, इससे जमीन में लैंड फिलिंग का काम होगा। नगर निगम की कोशिश वेस्ट मैटेरियल से बिजली बनाने की भी है। अभी इंदौर में ट्रीटेड सीवर वाटर के जरिए भवन निर्माण के क्षेत्र में इसका उपयोग कर अच्छी शुरुआत की गई है, जिसके बेहतर नतीजों के साथ कमाई भी हो रही है। इस तरह इंदौर में घरों के बाथरूम और किचन के खराब पानी का सदुपयोग भी बड़ा कामयाब रहा। इंदौर का स्वच्छता में परचम फहराने के पीछे आज की मेहनत तो है, पर असल शुरुआत 1913 में होलकर राज्य में तभी हो गई थी, जब शहर में गंदगी करने वालों पर जुर्माना लगने लगा था। 1970-80 के दशक में जब इंदौर नया आकार ले रहा था और कॉलोनियों की शुरुआत हुई, तब भी सफाई को खूब तवज्जो दी गई। बेशक इंदौर की कॉलोनियों का चकाचक होना 2014 के बाद सफाई को लेकर शुरू हुए राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बन गया है, जब पहली बार देश में इसको लेकर स्वच्छ शहर अवॉर्ड की शुरुआत हुई। भारत में पहली बार घर-घर डस्टबिनों में कचरा संग्रह कराने की मुहिम इंदौर से ही शुरू हुई, जो मील का पत्थर भी साबित हुई। बाद में गीले-सूखे कचरे संग्रह की शुरुआत हुई। गीले कचरे के शोधन के लिए आसपास संयंत्र लगाए गए। दिल्ली समेत दूसरे कई महानगरों सरीखे इंदौर में भी देवगुराड़िया गांव के पास कचरे के ढेर मुंह चिढ़ाते थे। वहां पंद्रह लाख टन कचरे को खत्म करने की शुरुआती पहल से सभी का ध्यान इंदौर की ओर गया और पहली बार 2017 में इंदौर ने देश के स्वच्छ शहर का खिताब न केवल अपने नाम किया, बल्कि आज तक बरकरार भी रखा। इंदौर नगर निगम का वार्षिक बजट आठ हजार करोड़ रुपयों से ज्यादा है। इसमें दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा स्वच्छता के लिए बताए जा रहे हैं। इसी में वेतन एवं अन्य विविध व्यय भी शामिल हैं। यहां के लोगों से उपयोगकर्ता यानी यूजर चार्ज शुल्क भी बहुत मामूली वसूला जाता है। झुग्गी-झोपड़ियों से 60 रुपए, मध्यम वर्ग से 90 रुपए और संपन्नों से 150 रुपए हर घर का मासिक शुल्क लिया जाता है। निश्चित रूप से यह न केवल जनभागीदारी है, बल्कि इससे जिम्मेदारी भी बनती है।

*इंदौर की यह उपलब्धि महज प्रशासनिक प्रयास नहीं है, बल्कि वहां के प्रत्येक नागरिक की भी सामूहिक जिम्मेदारी की दौड़ है।*

## बच्चों की प्रतियोगिताएं

# मार्कशीट-कैसी हो, अंक कैसे दें और जूरी का वक्तव्य कैसा होना चाहिए



शिक्षण संस्थानों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन प्रतियोगिताओं में मार्कशीट की आवश्यकता होती है। मार्कशीट बनाना अपने आप में एक बड़ा कला-कौशल है, जिस पर अधिकांश संस्थान ध्यान नहीं देते। एक ही प्रकार का फॉर्मेट हर प्रतियोगिता पर लागू कर देते हैं। उदाहरण के तौर पर, हर मार्कशीट पर निम्नलिखित कॉलम देखने को मिलते हैं —

उच्चारण और स्वर उतार-चढ़ाव, अभिव्यक्ति और शारीरिक भाषा, भाषा और विषयवस्तु, प्रस्तुति का स्तर समग्र प्रदर्शन, प्रत्येक के लिए 10-10 अंक निर्धारित किए जाते हैं।

देखने में तो यह बिल्कुल ठीक लगता है, है ना?

**समस्या क्या है?**

समस्या यह है कि हर प्रतियोगिता में आप एक ही मूल्यांकन पद्धति नहीं रख सकते।

टी-20 वाले नियम आप टेस्ट मैच में लागू नहीं कर सकते। हर प्रतियोगिता के लिए कॉलम अलग होने चाहिए, और कॉलम की संख्या भी अलग होनी चाहिए। इसे इस उदाहरण से समझते हैं-भाषण प्रतियोगिता में वक्ता को मात्र 3 मिनट मिलते हैं।

इस दौरान जूरी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रतिभागियों की पूरी बात सुने, उन्हें देखे और परखे। इसके लिए हर वक्ता के बाद उन्हें अतिरिक्त समय मिलना चाहिए, जो उन्हें मिल नहीं पाता। पाँच कॉलम में 10-10 अंक देना कोई आसान काम नहीं। जब तक जूरी पहले वक्ता को अंक देने का काम पूरा करती है, तब तक दूसरा वक्ता अपना आधा वक्तव्य पूरा कर चुका होता है। इस तरह अधिकतर प्रतिभागियों को न्यायपूर्ण अंक नहीं मिल पाते।

होना क्या चाहिए?

जितना कम समय, उतने ही कम कॉलम। अगर प्रतियोगिता का समय 3 मिनट है, तो केवल दो कॉलम होने चाहिए-तथ्य और प्रस्तुति। दो कॉलम में अंक देने से मूल्यांकन सरल हो जाएगा और प्रतिभागियों का आकलन भी स्पष्ट रूप से हो सकेगा। बच्चे मंच पर खड़े होकर बोल रहे हैं-यही अपने आप में काबिल-ए-तारीफ है। उन्हें किसी सिविल सेवा साक्षात्कार के मापदंड पर परखना न तो व्यावहारिक है, न ही ज़रूरी।

**सलाह**

प्रतियोगिता की प्रकृति और समय सीमा को ध्यान में रखते हुए कॉलम निर्धारित किए जाने चाहिए।

समय जितना कम हो, कॉलम भी उतने ही कम होने चाहिए।

यदि प्रतियोगिता 3 मिनट से कम की है, तो एक कॉलम रखें; 3 से 5 मिनट की हो, तो दो कॉलम; और यदि प्रतियोगिता 6 से 10 मिनट की है, तो 3 से 5 कॉलम होने चाहिए।

प्रतियोगिता की अवधि जितनी अधिक हो, कॉलमों की संख्या भी उसी अनुसार बढ़ाई जा सकती है।

आज की बात



**कुमार संजय**

**दूसरा ज़रूरी पहलू है — अंक देने का पैमाना**

कई बार देखा गया है कि जूरी बार-बार काटकर नंबर चढ़ाते हैं, जिससे भ्रम की स्थिति बन जाती है।

10 अंकों में मूल्यांकन का एक **सरल उपाय :**

यदि प्रतियोगिता 3 मिनट की है, तो मूल्यांकन इस प्रकार किया जा सकता है :

यदि प्रतिभागी ने 2 से 3 मिनट के भीतर अपनी बात पूरी की है, तो 5 अंक उसका हक है। उसे 5 अंक अवश्य मिलने चाहिए।

यदि उसका प्रदर्शन औसत से बेहतर रहा है, तो 6 या 7 अंक दिए जा सकते हैं।

यदि उसने श्रोताओं को प्रभावित किया और मंच पर आत्मविश्वास के साथ बोला, तो 8 या 9 अंक देना उपयुक्त होगा।

और यदि वह हर दृष्टिकोण से श्रेष्ठ रहा — यानी बाकी सभी से बेहतर प्रदर्शन किया — तो उसे पूरे 10 अंक मिलने चाहिए। कई जूरी मेंबर बहुत कंजूसी से अंक देते हैं, जो उचित नहीं है।

**अब आते हैं जूरी के वक्तव्य पर**

जूरी का संबोधन किसी भी प्रतियोगिता का एक अहम हिस्सा होता है। लेकिन अक्सर देखा गया है कि जूरी सदस्य बच्चों के प्रदर्शन पर बोलने के बजाय अपना पांडित्य दिखाने लगते हैं।

### मूल बातें

- जितना कम समय, उतने ही कम कॉलम।
- बच्चों को मंच पर बोलते देखना ही बड़ी बात है — सूक्ष्म जांच की ज़रूरत नहीं।
- अंक देने का पैमाना स्पष्ट और व्यावहारिक होना चाहिए — 5 औसत के लिए, 10 श्रेष्ठतम के लिए।
- बच्चों को सलाह नहीं, सार्वजनिक सराहना और प्रोत्साहन अधिक प्रेरित करता है।
- तारीफ से बड़ा मोटिवेशन कोई नहीं होता — उसे खुलकर दीजिए।
- मंच का उपयोग ज्ञान दिखाने के लिए नहीं, उत्साह बढ़ाने के लिए कीजिए।

वे मंच को उपदेश का माध्यम बना देते हैं और यह भूल जाते हैं कि सामने बैठे बच्चे 1 - 2 घंटे से बैठे हैं, थके हुए हैं और अब केवल परिणाम जानना चाहते हैं।

ऐसे में लंबे प्रवचन उनके लिए बोझिल हो जाते हैं।

याद रखें, यह मंच पांडित्य दिखाने का नहीं, बल्कि बच्चों को प्रोत्साहित करने का है।

आपको प्रतिभागियों की तारीफ़ कर, उनका उत्साहवर्धन करना चाहिए।

उन शिक्षकों के प्रति भी आभार व्यक्त करें, जो छात्रों को मार्गदर्शन देते हैं और उन्हें मंच पर खड़े होने का आत्मबल प्रदान करते हैं।

अंत में, सलाह के तौर पर दो संक्षिप्त वाक्य जोड़ें और मंच से सम्मानपूर्वक विदा लें।

आप सराहे जाएंगे, याद रखे जाएंगे।

हर प्रतियोगी की मेहनत की कद्र कीजिए — वह दिन उसका है, आपका नहीं।

अगली बार जब आप जूरी बनें, तो इस कलात्मक जिम्मेदारी को भावनात्मक समझदारी के साथ निभाइए। आप सिर्फ अंक नहीं दे रहे — आप आत्मविश्वास गढ़ रहे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# हवाई यात्रा में सब कुछ ठीक नहीं

हवाई उड़ान को लेकर तमाम ऐसी खबरें अखबारों की सुर्खियां बन रही हैं कि जिससे आम लोगों के मन में हवाई यात्रा को लेकर असुरक्षा बोध पनपा है। यह स्वाभाविक है क्योंकि हवाई यात्रा के साथ तमाम तरह के जोखिम जुड़े हैं। गत बारह जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के भयावह विमान हादसे के बाद, जिसमें 260 लोग मारे गए थे, भारत का नागरिक उड्डयन क्षेत्र गहन जांच के घेरे में है। यद्यपि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कई तरह की व्याख्याएं और निष्कर्ष सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद आम धारणा यही है कि भारत की हवाई यात्रा व्यवस्था में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हाल ही में हुए एक राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन सर्वेक्षण में लगभग 76 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि भारत में कई एयरलाइनें यात्रियों की सुरक्षा की तुलना में प्रचार पर ज़्यादा धन खर्च कर रही हैं। निस्संदेह यह गलत प्राथमिकताओं का एक ज्वलंत प्रसंग है, जो यही दर्शाता है कि हवाई यातायात व्यवस्था को पारदर्शी व जवाबदेह बनाने की सख्त जरूरत है। यह भी कि यात्रियों की सुरक्षा और कुशल हवाई संचालन में किसी चूक के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति सख्ती से अपनाई जानी चाहिए। निस्संदेह इस बाबत सख्त कार्रवाई कुशल व सुरक्षित हवाई यातायात का मार्ग सुनिश्चित करेगी। विडंबना यह है कि विगत के हवाई हादसों से कोई गंभीर सबक नहीं सीखे गए। 'सब चलता है' की नीतियां ही क्रियान्वित होती रही हैं। एक के बाद एक हादसों के लिए जांच आयोग तो कई बैठे, लेकिन सुधार के प्रयास तार्किक परिणति तक नहीं पहुंचे। हमारी राजनीतिक अक्षमताएं और निगरानी करने वाले संस्थानों में राजनीतिक हस्तक्षेप से अनुभवहीन लोगों को बैठाना भी हवाई परिचालन में अव्यवस्था का सबब बना। जिसके चलते हमारी हवाई व्यवस्था असुरक्षा के भय से मुक्त न हो पा रही है। साथ ही हमारी हवाई सेवाएं वैश्विक मानकों की कसौटी पर खरी न उतर पायीं। जिसका खमियाजा देश के हवाई यात्री भी भुगत रहे हैं। निस्संदेह विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बने भारत में नागरिक सेवाओं में यह गुणवत्तापूर्ण झलक नजर आनी चाहिए। यह गुणवत्ता विदेशी निवेशकों के लिए भी जरूरी है लेकिन फिलहाल हमारा नागरिक सेवाओं के प्रति अपेक्षित भरोसा नहीं बन पा रहा है। उल्लेखनीय है कि नागरिक सहभागिता मंच, लोकल सर्किल्स द्वारा किए गए सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि सर्वे में शामिल 64 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार उन्होंने कठिन उड़ान का अनुभव किया था, जिसमें टेकऑफ़, लैंडिंग या उड़ान के दौरान कठिन परिस्थितियां शामिल थीं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**राकेश दुबे**

# बचपन से आत्मनिर्भरता तक : बच्चों के संपूर्ण विकास की एक योजना

जब एक बच्चा इस संसार में आता है, वह केवल एक शरीर नहीं होता, बल्कि वह एक पूर्ण जीवन परियोजना होता है। उसके भविष्य की नींव, उसके विचार, मूल्य और आत्मनिर्भरता का निर्माण उसी क्षण से आरंभ हो जाता है जब वह पहला श्वास लेता है। यदि हम उसके जीवन के विभिन्न चरणों को पहचानें और समय पर उचित शिक्षा, मूल्य और कौशल दें, तो वह न केवल एक सफल नागरिक बनता है, बल्कि समाज और देश का गौरव भी बन सकता है। आज की शिक्षा और पालन-पोषण की सबसे बड़ी भूल यह है कि हम बच्चों को समय पर वह नहीं दे पाते जो उन्हें जीवन की दौड़ के लिए तैयार करता है। जीवन के पाँच महत्वपूर्ण चरणों को यदि हम सुनियोजित तरीके से अपनाएं, तो बच्चा अद्भुत ऊँचाइयों को छू सकता है।

आपकी बात



**वीणा देवांगन**

**पहला चरण (0 से 7 वर्ष): शारीरिक विकास की नींव**

इस चरण में Gross Motor Skills (जैसे दौड़ना, कूदना) और Fine Motor Skills (जैसे लिखना, काटना, बटन लगाना) का विकास अत्यंत आवश्यक होता है। यह वह उम्र है जहाँ बच्चा अपने शरीर को समझता है और नियंत्रित करना सीखता है। यदि इस समय उसे सही वातावरण, खेल, गतिविधियां और आहार मिले तो उसका मस्तिष्क तेज़ी से विकसित होता है।

**दूसरा चरण (7 से 13 वर्ष) : तार्किक सोच और नैतिकता की शिक्षा**

इस समय बच्चे का मस्तिष्क तर्क, विश्लेषण और ज्ञान ग्रहण करने के लिए तैयार होता है। यही समय है जब उसे नैतिक शिक्षा, सही-गलत की समझ, ज्ञान-विज्ञान, और सामाजिक व्यवहार की जानकारी दी जानी चाहिए। इस उम्र में दिया गया संस्कार जीवन भर साथ चलता है।

**तीसरा चरण (14 से 21 वर्ष): आत्मनिर्भरता और लक्ष्य निर्धारण**

युवावस्था की शुरुआत के साथ बच्चा अपनी पहचान ढूंढने लगता है। यह समय है उसे अपने विषय का चयन, स्वावलंबन, और जीवन के लक्ष्य तय करने की स्वतंत्रता देने का। अगर इस समय सही मार्गदर्शन मिले तो वह एक आत्मनिर्भर और दृढ़ निश्चयी युवा बन सकता है।

**चौथा चरण (22 से 30 वर्ष) : प्रयास, परिश्रम और सफलता की दिशा**

यह वह समय होता है जब बच्चा अपने चुने हुए लक्ष्य की दिशा में लगातार प्रयास करता है। कभी असफल होता है, कभी सीखता है और अंततः जीवन में वह मुकाम हासिल करता है जो उसे संतोष और स्थायित्व देता है। यही वह समय होता है जब वह एक सफल इंसान बनकर अपने लिए पर्याप्त जीवन यापन के साधन अर्जित करता है।

**पांचवां चरण (30 वर्ष से जीवन पर्यंत) : समाज और देश की सेवा**

जब बच्चा अब एक व्यक्ति बन चुका होता है, तब उसका कर्तव्य होता है कि वह समाज और राष्ट्र के लिए कुछ करे। वह अपने अनुभव, ज्ञान और संसाधनों का उपयोग दूसरों को ऊपर उठाने के लिए करे। यही एक सच्चे नागरिक की पहचान है।


आज के दौर में हमें यह समझने की आवश्यकता है कि यदि किसी बच्चे को सही समय पर ज्ञान, संस्कार, और समझ दी जाए तो वह अपने जीवन में असंभव को संभव बना सकता है। दुनिया में ऐसे अनेकों उदाहरण हैं जहाँ युवाओं ने कम उम्र में ही बिलेनियर और यंग एंटरप्रेन्योर बनकर मिसाल कायम की है। लेकिन इसके लिए सबसे ज़रूरी है - पालक और शिक्षक की जागरूकता।

हर बच्चे का निर्णय तभी लें जब आप उसके लिए समर्पित, जिम्मेदार और अपनी खुशी का त्याग करने को तैयार हों। क्योंकि एक बच्चा सिर्फ एक इंसान नहीं, एक संभावनाओं की दुनिया होता है।


यदि हम बच्चों के जीवन के प्रत्येक चरण में सही शिक्षा, मूल्य और कौशल का सिंचन करें, तो वे न केवल खुद के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए प्रकाश स्तंभ बन सकते हैं। सही मार्गदर्शन और समय पर निर्णय ही बच्चों को संभव से भी आगे ले जाता है। यदि माता-पिता जीवन के पहले दो चरणों - (0 से 7 वर्ष) और (7 से 13 वर्ष) तक अपने बच्चे को पूरा समय, स्नेह, ध्यान और दिशा दें, तो समझ लीजिए कि उन्होंने बच्चे को जीवन की सबसे मजबूत नींव दे दी। यह वही समय है जब बच्चे का मन-मस्तिष्क एक कोरे कागज़ की तरह होता है - जो आप लिखेंगे, वही जीवनभर पढ़ा जाएगा। जो बीज आप बोएंगे, वही पेड़ बनेगा। यदि इन 10–12 वर्षों में माता या पिता में से कोई एक भी निरंतर भाव से बच्चे के साथ जुड़ा रहे, तो उस बच्चे को आगे चलकर जीवन में किसी भी दिशा भटकने, टूटने या असफल होने का डर नहीं होता। लेकिन यदि इस समय ध्यान नहीं दिया गया, तो जैसे किसी बग़ीचे में खरपतवार (weeds) उग आती है - वैसे ही बच्चे के मन में अवांछित सोच, आदतें और व्यवहार पनपने लगते हैं। फिर जीवनभर माता-पिता को उसी "बग़ीचे" की सफ़ाई में लगे रहना पड़ता है - डाँटना, समझाना, रोकना, टोकना - जो कभी समय पर प्यार और समझ से दिया जा सकता था, अब वह संघर्ष और पछतावे में बदल जाता है।

(veenavlogs@gmail.com)

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बड़े अनोखे से लगे, किन्तु न समझे हाय!
'त्रिजटा' थी तो क्या हुआ, सीता बोलीं 'माय'।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# डिजिटल क्रांति बनाम पारंपरिक शिक्षा

विश्व आज तकनीकी युग की तीव्रतम रफ्तार पर दौड़ रहा है। हर देश शिक्षा को डिजिटल करने की होड़ में शामिल हो चुका है। हाल ही में स्वीडन सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक साहसी और विचारोत्तेजक निर्णय लिया है। उन्होंने डिजिटल माध्यमों की अति-निर्भरता को त्याग कर कक्षा में पाठ्यपुस्तक, पेन-पेपर और पारंपरिक शिक्षण प्रणाली की वापसी का मार्ग प्रशस्त किया है। यह कदम न केवल शिक्षा की गुणवत्ता पर पुनर्विचार का आग्रह करता है, बल्कि वैश्विक संदर्भ में भारत जैसे देश को भी यह सोचने पर विवश करता है कि क्या हम अंधाधुंध डिजिटल दौड़ में अपनी मौलिकता, परंपरा और गुणवत्ता को कहीं खो तो नहीं रहे? स्वीडन सरकार ने यह स्वीकार किया है कि अत्यधिक डिजिटल संसाधनों के उपयोग ने छात्रों की संज्ञानात्मक क्षमता, पाठ समझने की शक्ति और भावनात्मक जुड़ाव को क्षीण किया है। इसीलिए उन्होंने प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की शिक्षा में किताबों, हाथ से लेखन और शिक्षक-छात्र संवाद को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल उपकरणों का प्रयोग सीमित और आवश्यकता आधारित होना चाहिए, न कि पूर्णतया शिक्षण का माध्यम बन जाना चाहिए। यह निर्णय शिक्षा में "संवेदना की पुनर्स्थापना" की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। भारत ने भी पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल शिक्षा को तेजी से अपनाया है। स्मार्ट क्लासरूम, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म्स, एनआईओएस, डिजिटल बोर्ड, पीएम ई-विद्या, दीक्षा पोर्टल, और एनईपी-2020 के तहत आईसीटी का समावेश इन सब ने शिक्षा में आधुनिकता की एक नई तस्वीर प्रस्तुत की है। कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन शिक्षा जीवनरेखा बनी, लेकिन इसके प्रभाव और दुष्परिणाम दोनों ही देखने को मिले। आज स्थिति यह है कि छोटे बच्चों की लिखने-पढ़ने की मूल क्षमता कमजोर हो रही है कक्षा में आत्मीय संवाद की जगह रिकॉर्डिंग और स्क्रीन शेयरिंग ने ले ली है। विद्यार्थियों का ध्यान संक्षिप्त और सतही ज्ञान की ओर जा रहा है। आलोचनात्मक सोच, मनन, और सृजनात्मकता का ह्रास हो रहा है। भारत की पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में 'गुरु-शिष्य परंपरा','श्रवण-मनन-निदिध्यानजैसी अवधारणाएं थीं, जो केवल ज्ञान हस्तांतरण तक सीमित नहीं थीं, बल्कि जीवन निर्माण का हिस्सा था। ऋषि-मुनियों की कक्षाएं जंगलों में वृक्षों की छांव में होती थीं, वहां कोई डिजिटल तकनीक नहीं थी, लेकिन वहाँ से चार्वाक से लेकर चाणक्य तक, आर्यभट्ट से लेकर पतंजलि तक, कौटिल्य से लेकर कालिदास तक, ऐसे विद्वान उत्पन्न हुए जिनका ज्ञान आज भी वैश्विक संदर्भों में प्रासंगिक है। शब्दों का उच्चारण, लिखित अभ्यास, ध्यान, चिंतन, तर्कशक्ति—इन सबका अभ्यास भारतीय शिक्षा का मूल था। मस्तिष्क में सवाल यह उठता है कि क्या केवल डिजिटल क्लासरूम से शिक्षा का भविष्य उज्ज्वल होगा? निश्चित ही तकनीक एक सशक्त सहायक हो सकती है, लेकिन मुख्य आधार नहीं। यदि कक्षा में शिक्षक केवल मोबाइल या लैपटॉप पर स्लाइड दिखाकर व्याख्यान कर रहा है और छात्र केवल स्क्रीन देख रहा है, तो वह संवाद, जो एक शिक्षक और छात्र के बीच आत्मा से आत्मा का सेतु बनाता है, समाप्त हो जाएगा और यह देखा भी जा रहा है। छात्र अपने शिक्षकों का आदर करना भूल गए हैं। अगर पारंपरिक व्यवस्था को संजोया जाए तो हाथ से लिखना मस्तिष्क की सक्रियता को बढ़ाता है। शब्दों का उच्चारण, अभ्यास और संवाद से स्मृति पक्की होती है। आँखों का एक सीधा संवाद, शिक्षक की भाव-भंगिमा, उदाहरणों की जीवंतता ये सभी डिजिटल माध्यम में लुप्त हो जाते हैं।

एनईपी-2020 डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहन देती है, लेकिन साथ ही "लोकलाइज्ड पेडागॉजी", "फाउंडेशनल लर्निंग", "मल्टीमोडल लर्निंग" की बात भी करती है। यदि हम इस नीति को सही ढंग से व्याख्यायित करें, तो यह तकनीक और पारंपरिक मूल्यों के संतुलन की वकालत करती है, न कि केवल तकनीक आधारित शिक्षा की। तो फिर सवाल यह उठता है कि आखिर हम क्या करें! मेरा सुझाव है कि डिजिटल और पारंपरिक शिक्षा के बीच संतुलन साधें। स्मार्ट बोर्ड के साथ ब्लैकबोर्ड का भी प्रयोग करें। ई-कंटेंट के साथ पुस्तकों का पुनरागमन भी सुनिश्चित करें। प्रोजेक्ट के साथ हैंडराइटिंग अभ्यास को भी अनिवार्य करें। प्राथमिक शिक्षा में डिजिटल को सीमित करें। छोटे बच्चों को टैब, मोबाइल और आधुनिक गैजेट से दूर रखें। कहानियों, चित्रों, कलात्मक तरीकों, नाटकों, शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाना प्रभावी रहेगा। शिक्षकों को डिजिटल लर्निंग का सीमित उपयोग करना चाहिए। शिक्षक अपनी अनुभूति से पढ़ाएं, न कि यूट्यूब या प्रेजेंटेशन से। 'प्रश्नोत्तर संवाद' को पुनर्जीवित करें। विद्यार्थियों में श्रवण शक्ति, लेखन शक्ति, संवाद शक्ति को विकसित करने को लेकर विचार करें। वाद-विवाद, निबंध, पत्र लेखन की नियमित प्रतियोगिता कराए। हस्तलिखित नोट्स की अनिवार्यता सुनिश्चित करें। इस ओर अगर हम देखें तो स्वीडन सरकार का निर्णय आज पूरे विश्व के लिए एक आईना है। यह सिर्फ किताबों की वापसी नहीं है, यह मानवता की वापसी है, शिक्षा में संवेदना की वापसी है। भारत को भी यह समझने की आवश्यकता है कि तकनीक सुविधा है, समाधान नहीं। शिक्षा केवल सूचना नहीं है। यह संस्कार है, संवाद है, सृजन है। सहिष्णुता है। यदि हमें भारत को ज्ञान की वैश्विक राजधानी बनाना है, तो हमें अपने ऋषि-परंपरा के मूल्यों के साथ समकालीन तकनीक का संतुलन साधना होगा। डिजिटल पथ पर चलें, परंतु हाथों में कलम और हृदय में गुरु की बातों की गूंज बनी रहे। यह सुनिश्चित करना आज समय की सबसे बड़ी मांग है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 3 लाख 83 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने की अमरनाथ यात्रा

- सेना द्वारा 8,000 से अधिक विशेष कमांडो तैनात
- यात्रा दो मार्गों से: पहलगाम (46 किमी) और बालटाल (14 किमी)
- पहलगाम मार्ग से यात्रा में लगते हैं चार दिन
- बालटाल मार्ग पर दर्शन कर उसी दिन लौट सकते हैं



### यात्रा के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू

पवित्र गुफा मंदिर की ओर छड़ी मुबारक की अंतिम यात्रा 4 अगस्त को शुरू होगी। 'छड़ी मुबारक' को पारंपरिक रूप से श्रीनगर शहर के बुद्धशाह चौक क्षेत्र में दशनामी अखाड़ा भवन में अमरेश्वर मंदिर के अंदर रखा जाता है। छड़ी मुबारक की यात्रा ही अमरनाथ यात्रा के स्थलों का निर्धारण करती है। यह 4 अगस्त को श्रीनगर के अमरेश्वर मंदिर से अमरनाथ गुफा मंदिर की ओर अपनी अंतिम यात्रा शुरू करेगी और 9 अगस्त को पवित्र गुफा मंदिर पहुँचेगी, जो यात्रा का आधिकारिक समापन होगा। अपने मुख्य स्थान से पवित्र गुफा मंदिर तक की यात्रा के दौरान, छड़ी मुबारक के अपने अंतिम गंतव्य, पवित्र गुफा मंदिर पहुंचने से पहले, रास्ते में पंपोर, बिजबेहरा, मट्टन और पहलगाम में पारंपरिक पूजा आयोजित की जाएगी। अधिकारियों ने इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा के लिए व्यापक बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है, क्योंकि यह यात्रा 22 अप्रैल के कायराना पहलगाम हमले के बाद हो रही है, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने बैसरन मैदान में 26 निहत्थे लोगों की हत्या कर दी थी।

**एजेंसी। श्रीनगर**

अमरनाथ यात्रा में अब तक 3.83 लाख से अधिक तीर्थयात्री शामिल हो चुके हैं। इस वार्षिक तीर्थयात्रा के समापन में अब 12 दिन शेष रह गए हैं। इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा में अत्यधिक सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सुचारू वातावरण में हो रही है। श्रद्धालु काफी उत्साहित हैं। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को 1,490 श्रद्धालुओं का एक और जत्था जम्मू से दो सुरक्षा काफिलों में कश्मीर के लिए रवाना हुआ। इनमें से, 327 तीर्थयात्रियों को लेकर 16 वाहनों का पहला काफिला सुबह 3.25 बजे बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ, जबकि 1,163 यात्रियों को लेकर 45 वाहनों का दूसरा काफिला सुबह 3.57 बजे पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। इस दिन, 'नाग पंचमी' के अवसर पर, श्रीनगर के अमरेश्वर मंदिर में भगवान शिव की पवित्र छड़ी (छड़ी मुबारक) का 'छड़ी पूजन' मनाया जा रहा है। सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा संख्या बढ़ाने के लिए सीएपीएफ की 180 अतिरिक्त कंपनियाँ तैनात की गई हैं। सेना ने इस वर्ष तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए 8,000 से ज्यादा विशेष कमांडो तैनात किए हैं। यह यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी और 38 दिनों के बाद 9 अगस्त को समाप्त होगी। यात्री कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3888 मीटर ऊपर स्थित पवित्र गुफा मंदिर तक या तो पारंपरिक पहलगाम मार्ग से या छोटे बालटाल मार्ग से पहुंचते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वाले लोग चंदनवाड़ी, शेषनाग और पंचतरणी से होकर गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं, और 46 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करते हैं।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' पर राज्यसभा में बोले राजनाथ सिंह

# जल्द ही पीओके के लोग भारतीय शासन व्यवस्था के हिस्सा होंगे

- विपक्ष ने पीओके पर क जे की बात उठाई : रक्षा मंत्री ने सवाल खड़े किए
- राजनाथ सिंह ने विपक्ष की मंशा पर जताया संदेह : मन की बात या दिखावा?
- भाजपा का पुराना स्टैंड : पीओके का भारत में विलय निश्चित
- पूर्व सरकारें आतंकी हमलों पर पाकिस्तान से डरती थीं : परमाणु भय का हवाला
- आज भारत आतंकवाद पर निर्णायक कार्रवाई कर रहा है : राजनाथ सिंह

### पीओके को लेकर विपक्ष पर तीखा राजनीतिक व्यंग्य




रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की कहानी ऐसी ही है. वह हमेशा किसी न किसी बाहरी शक्ति के दबाव में आता रहता है। आज पाकिस्तान की पीठ पर एक नहीं, अनेक बेताल बैठे हुए हैं, जो उसे प्रगति की राह पर जाने ही नहीं दे रहे। भारत चाहता है कि आतंकवाद पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया से खत्म हो, क्योंकि यह पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा, 'आज विपक्ष के हमारे साथियों का पीओके प्रेम देखकर मुझे एक गजल भी याद आ रही है, जिसका एक शब्द बदलकर मैं सुना रहा हूं। पीओके लुटने का सबब, पूछो न सबके सामने, नाम आएगा तुम्हारा, ये कहानी फिर सही। रक्षा मंत्री ने कहा कि देर से ही सही, अगर विपक्ष के हमारे साथियों को सद्बुद्धि आई है, तो मैं उन्हें आश्वस्त करता हूं कि यदि देश की जनता का आशीर्वाद रहा और ईश्वर की इच्छा रही, तो वह दिन दूर नहीं जब पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों की भी घर वापसी होगी। मुझे विपक्ष के अपने साथियों की इस मांग पर इसलिए आश्चर्य हो रहा है क्योंकि विपक्ष में जो लोग आज बैठे हैं, जब उनकी सरकार थी, तो इन्होंने जो काम किया, वह आज की मांग के ठीक विपरीत है। मैं उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल का रहने वाला हूं, बनारस का रहने वाला हूं, और हमारी तरफ एक कहावत है कि 'बाप मरा अंधियारे मा, बेटवा क नाम पावर हाउस। यानी बाप जीवन भर अंधेरे में रहा और बेटे ने अपना नाम पावर हाउस रख लिया है।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

'ऑपरेशन सिंदूर' पर राज्यसभा में चर्चा करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे विपक्ष के कुछ मित्र यह भी कह रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके पर कब्जा कर लेना चाहिए था। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसे लेकर उन्हें हैरानी होती है कि विपक्ष के सदस्य अपने मन की बात कह रहे हैं या सिर्फ दिखावा कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा, "जब मैं विपक्ष के अपने साथियों से यह बातें सुनता हूं, तो मुझे आश्चर्य होता है कि ये लोग मन से यह बातें कर रहे हैं या फिर सिर्फ दिखावा कर रहे हैं। जो भी हो, हमेशा से ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का और खुद मेरा भी यह स्टैंड रहा है कि वह दिन दूर नहीं जब पीओके के लोगों को भारतीय शासन व्यवस्था का अंग बनने का सौभाग्य प्राप्त होगा।" रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब विपक्ष के हमारे मित्र देश की शासन व्यवस्था चला रहे थे, तो उन्होंने और उनके पॉलिटिकल सीनियर्स ने भारत में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान पर कोई कार्रवाई नहीं की क्योंकि उन्हें डर था कि पाकिस्तान एक परमाणु हथियार वाला देश है। उन्होंने कहा, ''आज जब हम पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं, तो मुझे इस अंधेरे और पावर हाउस वाली बाप-बेटे की कहानी याद आ रही है। आज जब वे देश के अलग-अलग हिस्से में जाते हैं, तो उन्हें भारत की जनता का, भारतीय जनता पार्टी के इस विजन के प्रति अटूट विश्वास दिखाई पड़ता है। उन्होंने कहा कि पर विपक्ष क्या चाहता है, यह अभी भी समझ के बाहर है। जब आप सत्ता में थे तो आपकी नीति पैरालिसिस ने देश को नुकसान पहुंचाया और आज जब आप विपक्ष में हैं तो आपकी पॉलिसी बैंकरप्सी देश के लिए और लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय बन चुकी है। जब हम आतंकवाद के खतरे से मुक्त होंगे, तभी हम पूरी दुनिया में सही मायनों में शांति और प्रगति के साथ-साथ समृद्धि के लक्ष्य की तरफ बढ़ सकेंगे। यह सब तो पाकिस्तान की आम जनता भी चाहती है, मगर वहां के हुक्मरानों ने पाकिस्तान को तबाही के रास्ते पर डाला हुआ है। कोई भी इंसान अपनी जड़ों को उजाड़ना नहीं चाहता, लेकिन चूँकि उनके पास कोई स्पष्ट दिशा नहीं है, कोई रोडमैप नहीं है, इसलिए पाकिस्तान में आतंकवाद एक धंधा बन चुका है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' क्यों सरकार ने बीच में रोका? गृह मंत्री ने सदन को बताया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के पीछे की वजह बताई। लोकसभा को बताया कि आतंकवादियों को जवाब देने के लिए भारत पड़ोसी देश में 100 किलोमीटर अंदर गया। वहां जाकर 9 अड्डों और 100 से अधिक आतंकियों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। गृह मंत्री ने 'संघर्ष विराम' पर उठते सवालों का भी जवाब दिया। विपक्ष ने सवाल उठाया कि हम अच्छी स्थिति में थे, तो फिर युद्ध क्यों नहीं किया? अमित शाह ने जवाब दिया, "युद्ध के कई परिणाम होते हैं। युद्ध सोच समझकर करना पड़ता है। गृह मंत्री ने कांग्रेस को 1948 के युद्ध की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि उस समय लड़ाई निर्णायक पड़ाव पर थी, लेकिन जवाहर लाल नेहरू ने एकतरफा युद्धविराम किया। इसी युद्धविराम के कारण पीओके अस्तित्व में है। इसके जिम्मेदार जवाहर लाल नेहरू हैं। अमित शाह ने सिंधु जल संधि के फैसले की याद दिलाई, जिसमें 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को दिया गया था। उन्होंने 1965 में जीते हाजी पीर को वापस लौटाने और 1971 की जीत के बाद शिमला समझौते में पीओके को नहीं मांगने पर कांग्रेस को घेरा। गृह मंत्री ने "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया। इन हमलों में कोई आम नागरिक नहीं मारा गया, सिर्फ आतंकवादी इस हमले में मारे गए। बहावलपुर में मरकज शुभानअल्लाह, मुरीदके में मरकज तैयबा, सियालकोट में मेहमूना जोया कैंप और सरजल कैंप, मुजफ्फराबाद में सवाईनाला और सैयदना बिलाल कैंप, कोटली में गुलपुर और अब्बास कैंप के साथ बरनाला कैंप भीमबर को भारतीय सेना ने टारगेट किया। अमित शाह ने कहा कि पाकिस्तान ने खुद गलतियां कीं। भारत ने आतंकियों पर हमला किया, लेकिन पाकिस्तान ने इसे अपने ऊपर हमला माना। आतंकवादियों के जनाजे को पाकिस्तान की सेना ने कंधा दिया, लेकिन वे भूल गए थे कि यह सब पूरी दुनिया देखेगी।

### सीजफायर पर अखिलेश का सवाल सरकार दबाव में क्यों?



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख और लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने मंगलवार को सदन में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने पाकिस्तान को जवाब देने के लिए भारतीय सेना की प्रशंसा की। साथ ही, अखिलेश यादव ने पहलगाम में पर्यटकों की सुरक्षा और 'संघर्ष विराम' जैसे विषयों पर सवाल खड़े किए। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर अखिलेश यादव ने भारतीय सेना का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि सेना ने अपना ऑपरेशन शुरू किया और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह किया। सपा प्रमुख ने लोकसभा में कहा, "दुनिया की साहसी फौजों की गिनती में हमारी सेना सबसे आगे दिखाई देगी। हमें सेना के पराक्रम, वीरता और अदम्य शौर्य पर गर्व है।

### क्रिकेट नहीं पाक चाहिए, गोली और गेंद साथ नहीं चल सकते: प्रमोद तिवारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने मंगलवार को सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संघर्ष विराम समझौते के लिए कौन ज़िम्मेदार था और किन परिस्थितियों में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बावजूद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंध क्यों जारी हैं। उन्होंने कहा कि गोली और गेंद एक साथ नहीं चल सकते।" एएनआई से बात करते हुए, तिवारी ने कहा कि मैं किसी का नाम नहीं लूँगा, लेकिन एक बात स्पष्ट रूप से कहूँगा कि ऑपरेशन सिंदूर या संसद में किसी भी अन्य मुद्दे को लेकर कांग्रेस में कोई विरोधाभास नहीं है। हमारी बात स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री को ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए और जवाब देना चाहिए कि संघर्ष विराम के लिए कौन ज़िम्मेदार था। उन्हें ट्रंप द्वारा 28 बार किए गए दावों पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। पहलगाम में हुई 26 मौतों के लिए कौन ज़िम्मेदार है? उन्होंने सरकार द्वारा स्थिति से निपटने पर सवाल उठाते हुए कहा कि किन परिस्थितियों में हम पीछे हटे?

# एसआईआर के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई, 12-13 को

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह 12 और 13 अगस्त को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के भारत निर्वाचन आयोग के कदम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ताओं की इस आशंका पर कि 1 अगस्त को मसौदा सूची के प्रकाशन के बाद कुछ लोगों के नाम सूची से छूट गए हैं, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम एक न्यायिक प्राधिकारी के रूप में इस मामले की समीक्षा कर रहे हैं। अगर बड़े पैमाने पर लोगों को बाहर रखा गया है, तो हम तुरंत कार्रवाई करेंगे।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में सामूहिक बहिष्कार के बजाय सामूहिक समावेश होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से आधार और मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज़ स्वीकार करना जारी रखने को भी कहा। दोनों दस्तावेज़ों की वास्तविकता की धारणा पर ज़ोर देते हुए, शीर्ष अदालत ने बिहार में मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन पर रोक लगाने से भी इनकार कर दिया। मसौदा मतदाता सूची 1 अगस्त को और अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली है, जबकि विपक्ष का दावा है कि इस प्रक्रिया से करोड़ों पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे।

शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी ऐसे दिन आई है जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई सांसदों ने संसद भवन परिसर में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में संशोधन का विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की।

### किस मजबूरी में पाकिस्तान-आतंकवाद के आगे झुकी कांग्रेस?

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी और सीमा पार आतंकवाद को रोकने के उसके प्रयासों पर निशाना साधते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस पर बार-बार आत्मसमर्पण करने और आतंकवाद विरोधी प्रयासों पर समझौता करने का आरोप लगाया। उन्होंने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का हवाला दिया और पूछा कि इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस क्यों नहीं लिया। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने इतिहास में कई आत्मसमर्पण और 'बवंडर' देखे हैं। 1971 के युद्ध में 93 हज़ार पाकिस्तानी सैनिकों को घुटने टेकने के लिए कहा गया था, लेकिन इंदिरा गांधी ने पीओके वापस नहीं लिया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# असम के लिए कलंक, किसी भी समय छोड़ सकते हैं देश, सीएम

**एजेंसी। असम**



असम के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर दिए गए जोरहाट के सांसद गौरव गोगोई के भाषण को लेकर उन पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता पाकिस्तान की ओर से काम कर रहे हैं और राज्य के लिए अपमानजनक हैं। सरमा ने कांग्रेस नेता गोगोई के पाकिस्तान से कथित संबंधों के दावे को भी दोहराया और कहा कि गोगोई अपनी पत्नी के विदेशी नागरिकता के साथ किसी भी समय भारत छोड़ सकते हैं। गोगोई का नाम लिए बिना, सरमा ने एक्स पर पोस्ट किया, "कल संसद में जोरहाट से हमारे सांसद द्वारा दिए गए भाषण से यह संदेह से परे साबित हो गया कि वह पाकिस्तान की ओर से काम करते हैं। उनकी गुप्त यात्रा और पाकिस्तानी प्रतिष्ठान के साथ घनिष्ठ संबंध बहुत कुछ कहते हैं।" गोगोई को असम के लिए कलंक और राज्य के गौरव के साथ विश्वासघात बताते हुए, सरमा ने कहा, "उनकी पत्नी और दोनों बच्चों के पास विदेशी नागरिकता होने के कारण, वह कभी भी भारत छोड़ सकते हैं। वह असम के लिए कलंक हैं और एक गौरवान्वित भारतीय के रूप में हमारे गौरव के साथ विश्वासघात हैं। कल लोकसभा में विपक्ष के उपनेता और कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बार-बार इस दावे को लेकर केंद्र पर निशाना साधा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता समाप्त करने में मध्यस्थता की थी। लोकसभा में 'पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत का सशक्त, सफल और निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर' पर बहस में भाग लेते हुए।

# उप्र में 105 प्राइमरी स्कूलों को बंद करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उप्र सरकार के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें कम नामांकन वाले 105 प्राथमिक स्कूलों को बंद करने व 3 किलोमीटर के दायरे में नजदीकी स्कूलों में विलय करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय अप्रयुक्त स्कूलों को समेकित करने की नीति के तहत लिया गया है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, संजय सिंह ने उप्र सरकार के इस कदम को मनमाना, असंवैधानिक व बच्चों को मुफ्त तथा अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई), 2009 के खिलाफ बताया है। उनकी याचिका में 16 जून के सरकारी आदेश व 24 जून को जारी की गई परिणामी सूची को चुनौती दी गई है, जिसमें पेयरिंग स्कूलों की पहचान की गई है।याचिका के अनुसार, कार्यरत पड़ोस के स्कूलों को बिना किसी वैधानिक आधार के बंद कर दिया गया है और उनका विलय कर दिया गया है, जिससे बच्चों, विशेष रूप से हाशिए की पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चों को संविधान के अनुच्छेद 21ए (6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार) का उल्लंघन करते हुए अनुचित दूरी तय करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। याचिका में तर्क दिया गया है कि उप्र आरटीई नियमावली के नियम 4(1)(ए) के साथ आरटीई अधिनियम की धारा 6 के अनुसार, कम से कम 300 की आबादी वाली बस्तियों के एक किलोमीटर के दायरे में प्राथमिक विद्यालय उपलब्ध होना आवश्यक है। नियम 4(2) के तहत अपवाद केवल तभी विचलन की अनुमति देते हैं, जब परिवहन या आवासीय सुविधाओं जैसे प्रतिपूरक उपाय प्रदान किए जाते हैं, जो याचिका में कहा गया है कि उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं।संजय सिंह के अनुसार, इस नीति में विधायी मंजूरी का अभाव है तथा इसमें आरटीई अधिनियम की धारा 21 के तहत स्कूल प्रबंधन समितियों के साथ अनिवार्य परामर्श की भी अनदेखी की गई है।याचिका में दावा किया गया है कि यह निर्णय शैक्षणिक वर्ष के मध्य में बिना किसी सार्वजनिक सूचना, हितधारकों की राय या एकसमान मानदंड के लागू किया गया, जिसके परिणामस्वरूप कक्षाओं में भीड़भाड़, बुनियादी ढांचे में कमी और पढ़ाई बीच में ही छोड़ देने की समस्या उत्पन्न हो गई।याचिका में आगे कहा गया है कि विकलांग बच्चे, लड़कियां, और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चे असमान रूप से प्रभावित हुए हैं। सिंह ने तर्क दिया है कि कई परिवारों ने सुरक्षा चिंताओं और रसद संबंधी कठिनाइयों के कारण अपने बच्चों को वापस बुला लिया है, विशेषकर जहां स्कूल अब राजमार्गों, नदियों या जंगलों के पार स्थित हैं। सांसद संजय सिंह का कहना है कि 16 जून का आदेश कई संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करने के अलावा, बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (यूएनसीआरसी) के तहत भारत के दायित्वों के भी विपरीत है।

**राज्यसभा हंगामा** | ऑपरेशन सिंदूर बहस में सरकार-विपक्ष के बीच तीखी तकरार

# राज्यसभा में खड़गे पर 'मानसिक संतुलन खोने' का आरोप

- नड्डा ने खड़गे पर भावनाओं में बह जाने का आरोप लगाया

**एजेंसी। पटना**





### खड़गे ने पहलगाम हमले पर केंद्र से जवाब मांगा

खड़गे ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान ऊपरी सदन में बोलते हुए पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों के ठिकाने के बारे में केंद्र से सवाल किया। खड़गे ने सबसे पहले कहा कि पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। मैं उनके परिवारों के प्रति भी अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं कहना चाहूंगा - मेहंदी वाले हाथों ने पति की लाश उठाई है, बेबस रोते बच्चों ने पापा की जान गंवाई है, अश्रु भरे लाचार खादी बेबस नारी को देखा है, पहलगाम घाटी में हमने अपनों को मरते देखा है।

मंगलवार को राज्यसभा में उस समय भारी हंगामा हुआ जब केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। संसद के उच्च सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष बहस के दौरान बोलते हुए, नड्डा ने 83 वर्षीय खड़गे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए विवादास्पद शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। राज्यसभा में सदन के नेता ने कहा कि वह (राज्यसभा नेता मल्लिकार्जुन खड़गे) बहुत वरिष्ठ नेता हैं, लेकिन जिस तरह से उन्होंने प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की। मैं उनका दर्द समझ सकता हूँ। वह (प्रधानमंत्री मोदी) 11 साल से वहाँ हैं। वह दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। लेकिन आपको अपनी पार्टी से इतना प्यार है कि आप अपना मानसिक संतुलन खोकर इतनी पीड़ा में हैं, ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करें। हालांकि, विपक्षी सांसदों के हंगामे के बाद नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से माफी मांगी और अपनी टिप्पणी वापस ले ली। नड्डा के बयान के बाद खड़गे ने कहा कि इस सदन में कुछ नेता हैं जिनका मैं बहुत सम्मान करता हूँ। नड्डा जी उनमें से एक हैं। राजनाथ जी और वह ऐसे मंत्री हैं जो बिना अपना संतुलन खोए बोलते हैं। वह आज मुझे बता रहे हैं। यह शर्म की बात है। उन्हें माफ़ी मांगनी चाहिए, मैं इसे ऐसे ही नहीं छोड़ने वाला। इसके बाद नड्डा ने कहा कि हम विपक्ष के नेता का सम्मान करते हैं। मैंने अपने शब्द वापस ले लिए। अगर आपको ठेस पहुँची हो तो मैं क्षमा चाहता हूँ। लेकिन आप भी भावनाओं में बह गए थे। आप इतने बहक गए थे कि आपको प्रधानमंत्री की गरिमा का भी ध्यान नहीं रहा, यह दुखद है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पूरे देश और इस सदन के साथ, मैं (पहलगाम में) हुए बर्बर हमले और पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को लगातार दिए जा रहे समर्थन की निंदा करता हूं।

## मैनहट्टन: गगनचुंबी इमारत में ताबड़तोड़ फायरिंग, हमलावर समेत पांच की मौत

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)।** मैनहट्टन में स्थित एक गगनचुंबी इमारत में गोलीबारी की घटना सामने आई है, जिसमें हमलावर समेत पांच की मौत हो गई। सोमवार शाम एक बंदूकधारी ने 36 वर्षीय पुलिस अधिकारी और तीन अन्य लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य शख्स इस घटना में घायल हो गया। बंदूकधारी ने खुद को भी गोली मार ली। पुलिस और कानून प्रवर्तन सूत्रों ने 'द पोस्ट' को बताया कि 27 वर्षीय हमलावर की पहचान शेन तमुरा के रूप में की है। यह शख्स 44 मंजिला इमारत में घुस गया, जहां ब्लैकस्टोन और नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) मुख्यालय है। इस शख्स ने शाम साढ़े छह बजे राइफल से गोलीबारी शुरू कर दी। एनवाईपीडी कमिश्नर जेसिका टिश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शेन तमुरा ने लॉबी में कदम रखते ही लोगों पर हमला शुरू कर दिया। सबसे पहले उसने अधिकारी दिदारुल इस्लाम को गोली मारी। हमलावर की 'मेंटल हेल्थ हिस्ट्री' रही है। सूत्रों के अनुसार दिदारुल इस्लाम को पीठ में गोली लगी और अस्पताल में उनकी मौत हो गई। चार नागरिकों को भी गोली मारी गई, जिनमें से तीन की मौत हो गई।

## दक्षिण कोरिया : पत्नी से जुड़े मामले की पूछताछ में नहीं पेश हुए पूर्व राष्ट्रपति योल

**सोल (आईएएनएस)।** गिरफ्तार दक्षिण कोरिया के पूर्व



राष्ट्रपति यून सुक योल मंगलवार को विशेष जांच दल के सामने पेश नहीं हुए। यह पेशी उनकी पत्नी किम क्योन ही से जुड़े विभिन्न आरोपों के जांच के सिलसिले में होनी थी। पूर्व राष्ट्रपति यून और उनकी पत्नी पर चुनावी नामांकनों में हस्तक्षेप करने के आरोप हैं। इस मामले में उन्हें विशेष वकील मिन जुंग-की के ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वे निर्धारित समय पर नहीं पहुंचे। यून की ओर से उनकी गैर-हाजिरी को लेकर अभी तक कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति इससे पहले मार्शल लॉ डिक्री की जांच कर रही एक अन्य विशेष जांच टीम की पूछताछ से भी कन्नी काट चुके हैं।

## कनाडा के न्यूफाउंडलैंड में विमान दुर्घटना, एक भारतीय की मौत

**कनाडा (आईएएनएस)।** टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को एक बयान में



कहा कि कनाडा के न्यूफाउंडलैंड में एक वाणिज्यिक सर्वेक्षण विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 26 जुलाई की शाम को कनाडा के न्यूफाउंडलैंड स्थित डियर लेक हवाई अड्डे के पास एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को बताया कि इस दुर्घटना में एक भारतीय नागरिक गौतम संतोष की मौत हो गई। भारतीय दूतावास ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की और मृतक के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। 'एक्स' पर लिखे पत्र में, महावाणिज्य दूतावास ने लिखा, "हम इस कठिन समय में उनके परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। वाणिज्य दूतावास कनाडा में शोक संतप्त परिवार और स्थानीय अधिकारियों के साथ सभी आवश्यक सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए निरंतर संपर्क में है।"

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल व सीरियाई विदेश मंत्री की मुलाकात



**दमिश्क (आईएएनएस)।** सीरिया की यात्रा पर गए भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने दमिश्क में सीरिया के विदेश और प्रवासी मामलों के मंत्री असआद हसन अल-शाइबानी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के आपसी हितों को ध्यान में रखते हुए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की गई। सीरियाई विदेश मंत्रालय ने कहा, "विदेश और प्रवासी मामलों के मंत्री असआद हसन अल-शाइबानी ने भारतीय विदेश मंत्रालय के पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका विभाग के निदेशक सुरेश कुमार के नेतृत्व में आए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का दमिश्क में स्वागत किया।" बयान में कहा गया कि बैठक में दोनों देशों के साझा हितों से जुड़े मुद्दों और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई, जिससे दोनों देशों की जनता को लाभ मिल सके। भारत ने लंबे समय से सीरियाई शासन से सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखे हैं।

# वजन घटाने वाली दवाओं की मांग हद से ज्यादा होती जा रही है

-ब्यूरो



**नई दिल्ली।** यूरोप व अमेरिकी फार्मासिस्टों ने चेतावनी दी है कि वज़न घटाने वाली दवाओं की मांग इतनी बढ़ती जा रही है कि जल्द ही माँग आपूर्ति से ज्यादा हो सकती है। नेशनल फार्मेसी एसोसिएशन (एनपीए) ने कहा कि आपूर्ति की समस्याएँ लोगों को जोखिम के बावजूद, अनियमित ऑनलाइन स्त्रोतों से खरीद को प्रोत्साहित कर सकती हैं।ब्रिटेन में वेगोवी व मौंजारो जैसी दवाओं का इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या दस लाख से भी ज्यादा हो गई है, और ज्यादातर मरीज़ इन्हें निजी तौर पर खरीदने के लिए पैसे दे रहे हैं। अप्रैल के दौरान, ब्रिटेन में मौंजारो व वेगोवी के 16 लाख पैकेट खरीदे गए, माना जा रहा है कि यह संख्या इनका इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या से काफ़ी हद तक संबंधित है।एनपीए ने कहा, "वजन घटाने वाली दवाओं की बढ़ती माँग के जोखिम चिकित्सकीय रूप से उपलब्ध होने की सीमा से कहीं ज़्यादा हैं।" इसमें आगे कहा गया है कि इन दवाओं को उन लोगों के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए जिन्हें सबसे ज़्यादा ज़रूरत है क्योंकि वे बहुत ज़्यादा वज़न वाले हैं, बजाय इसके कि इन्हें "चिंतित स्वस्थ" लोगों को दिया जाए। नए सर्वेक्षण में पाया गया है कि बीते एक साल में 21% ब्रिटिश नागरिकों ने इन दवाओं को हासिल करने की कोशिश की है, यह आंकड़ा 18 से 34 वर्ष के लोगों में बढ़कर 35% हो जाता है।इसी सर्वेक्षण में पाया गया कि अगर एनएचएस पर ये दवाएं मुफ़्त में उपलब्ध होतीं, तो सभी आयु वर्ग के 41% लोग इनका इस्तेमाल करते। 25-34 आयु वर्ग के लोगों में यह आंकड़ा बढ़कर 64% हो गया।सावंता ने 20-23 जून के बीच एनपीए के लिए 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के 2,002 वयस्कों के प्रतिनिधि नमूने का ऑनलाइन साक्षात्कार लिया, जो 6,000 स्वतंत्र फ़ार्मेसियों का प्रतिनिधित्व करता है। एनपीए के अध्यक्ष ओलिवियर पिकार्ड ने कहा, "वजन घटाने वाले टीके इस सदी के सबसे बड़े दवा आविष्कारों में से एक हैं, लेकिन वजन घटाने के इलाज की बढ़ती माँग इस बात को सुनिश्चित करने की ज़रूरत पर ज़ोर देती है कि यह उन लोगों के लिए उपयुक्त हो जो इसे चाहते हैं।" "इस सर्वेक्षण से यह स्पष्ट है कि वज़न घटाने वाली दवाओं से ज्यादा लोग वजन घटाने वाले टीके लगवाने में रुचि रखते हैं।"एनपीए ने कहा कि ब्रिटेन के कुछ हिस्सों में, जिसमें मौंजारो की उच्च खुराक भी शामिल है, दवाओं की कमी के कारण इन दवाओं की आपूर्ति प्रभावित हुई है। आपूर्ति कुछ दवा दुकानों तक ही सीमित कर दी गई है, जिससे कुछ नए मरीज़ इन दवाओं का सेवन नहीं कर पा रहे हैं।

ब्रिटेन की दवा नियामक संस्था, मेडिसिन्स एंड हेल्थ केयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी ने मरीजों को चेतावनी दी है कि वे ये दवाएँ केवल डॉक्टर के पर्चे से ही लें, ब्यूटी पार्लर या वेबसाइटों से नहीं।स्वास्थ्य विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में ज़्यादा लोग "क्रांतिकारी" वजन घटाने वाले टीके लगवा पाएँगे। उन्होंने आगे कहा, "वजन घटाने वाली दवाएँ हमारी 10-वर्षीय स्वास्थ्य योजना के तहत मोटापे की समस्या से निपटने में एक शक्तिशाली उपकरण हैं।" "यह सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि जरूरत पड़ने पर ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को इन क्रांतिकारी दवाओं तक पहुँच मिले, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि वे ऐसा सुरक्षित व नियंत्रित तरीके से कर सकें। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सबसे ज्यादा जरूरतमंद लोगों को सबसे पहले इलाज मिले।" पिकार्ड ने कहा कि फ़ार्मेसियां पहले से ही वजन घटाने वाली लगभग 85% दवाएं उपलब्ध कराती हैं और उन्हें इस पहुँच के विस्तार में बारीकी से शामिल होने की ज़रूरत है।उन्होंने कहा, "सरकार को फार्मासिस्टों की विशाल अप्रयुक्त विशेषज्ञता व कौशल का उपयोग एनएचएस के वजन घटाने वाली दवा कार्यक्रम को लाखों सबसे ज्यादा जरूरतमंद मरीजों तक तेज़ी से पहुँचाने में मदद करने के लिए करना चाहिए।"

# पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले आतंकी ढेर किए गए : शाह

नई दिल्ली (आईएएनएस)

गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले तीन आतंकवादी 'ऑपरेशन महादेव' के तहत मारे जा चुके हैं। उन्होंने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में भाग लेते हुए यह जानकारी दी। शाह ने कहा, ''मैं सदन के माध्यम से, कल हुए 'ऑपरेशन महादेव' की जानकारी पूरे देश को देना चाहता हूं। कल 'ऑपरेशन महादेव' में सुलेमान, अफगान और जिब्रान नाम के तीन आतंकवादी... सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में मारे गए।'' उन्होंने बताया, ''सुलेमान, लश्कर-ए-तैयबा का ए श्रेणी का कमांडर था। पहलगाम और गगनगीर आतंकी हमले में वह लिप्त था, इसके बहुत सारे सबूत हमारी एजेंसियों के पास हैं। अफगान और जिब्रान भी ए श्रेणी के आतंकवादी थे।'' गृह मंत्री ने कहा, ''जिन्होंने पहलगाम की बैसरन घाटी में हमारे निर्दोष नागरिकों को मारा था, उनमें ये तीनों आतंकवादी शामिल थे और कल तीनों ही मारे गए। मैं सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के सभी जवानों को सदन और पूरे देश की ओर से बहुत-बहुत साधुवाद देता हूं।'' गृह मंत्री के अनुसार, बीते 22 अप्रैल को दिन में एक बजे पहलगाम की बैसरन घाटी में हमला हुआ था और वह शाम 5.30 बजे श्रीनगर पहुंच गए थे तथा 23 अप्रैल को एक सुरक्षा बैठक की गई और इसकी पुख्ता व्यवस्था की गई कि नृशंस हत्या करने वाले हत्यारे देश छोड़कर भागने न पाएं।

उन्होंने बताया कि पूरी छानबीन के बाद यह पुष्टि की गई कि इन तीनों आतंकवादियों ने ही 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में 26 निर्दोष लोगों की जान ली थी। गृह मंत्री ने कहा, ''आज मैं सदन को यह बताते हुए बहुत खुश हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों के आकाओं को जमीन में मिलाने का काम किया था और सेना एवं सीआरपीएफ ने उन आतंकवादियों को भी समाप्त कर दिया।'' उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, ''मुझे अपेक्षा थी कि जब ये (विपक्ष) पहलगाम हमले के आतंकवादियों के मारे जाने की खबर सुनेंगे तो खुश होंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि ये (विपक्ष) इससे खुश नहीं हैं। यह किस तरह की राजनीति है?''

### पीएम ने लोस में दिए शाह के 'उल्लेखनीय' भाषण की सराहना की



पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर पर गृह मंत्री के लोस में भाषण की मंगलवार को सराहना की और कहा कि उनका संबोधन देश को सुरक्षित रखने की दिशा में सरकार के प्रयासों पर केंद्रित है। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, "लोकसभा में दिए गए इस उल्लेखनीय भाषण में गृह मंत्री अमित शाह जी ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जिसने कायर आतंकवादियों का सफाया करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका संबोधन हमारे देश को सुरक्षित रखने की दिशा में हमारी सरकार के प्रयासों पर भी केंद्रित है। शाह ने संसद के निचले सदन में कहा कि पहलगाम नरसंहार को अंजाम देने वाले तीन आतंकवादियों को श्रीनगर के पास सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में सुरक्षा बलों ने मार गिराया है।

### पहलगाम में मारे गए लोगों के परिवार के प्रति हमारी जवाबदेही, उन्हें भी सच जानने का हक : प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** 'ऑपरेशन सिंदूर' पर लोकसभा में जारी चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के नामों को गिनाया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में मारे गए 26 लोगों में 25 भारतीय थे। यह सरकार की ओर से सुरक्षा खामी थी। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पहलगाम हमले को दुखद बताया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो हुआ, उससे हर एक भारतीय के दिलों को चोट पहुंची है। मैं सदन में बताना चाहती हूं कि यहां मौजूद हर किसी के पास सुरक्षा है। हम जहां भी जाते हैं, हमारे साथ सुरक्षाकर्मी जाते हैं, लेकिन उस दिन पहलगाम में 26 परिवार उजड़ गए। उनके परिवार के सदस्यों को मारा गया, जिनमें 25 भारतीय भी थे। कांग्रेस सांसद ने सरकार से सवाल किया। उन्होंने कहा, "पहलगाम की बैसरन घाटी में जितने भी लोग मारे गए, उनके लिए वहां कोई सुरक्षा नहीं थी। आप कितने भी ऑपरेशन कर लें, इस सच से नहीं छिप सकते कि उन 25 भारतीयों को आपने कोई सुरक्षा नहीं दी।" सदन में प्रियंका गांधी वाड्रा ने आतंकी हमले में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के नामों को गिनाया और कहा, "मैं 25 भारतीयों के नाम इस सदन में पढ़ना चाहती हूं, ताकि यहां बैठे हर सदस्य को यह अहसास हो कि वह भी हमारे तरह इंसान थे। वह किसी राजनीतिक बिसात के मोहरे नहीं थे। वह भी इस देश के बेटे थे और इस देश के शहीद हैं।

# 'कानूनी सलाह देने वाले वकीलों को समन नहीं किया जाना चाहिए'

- **'यदि कोई वकील "अपराध में मुवक्किल की मदद कर रहा है," तो उसे तलब किया जा सकता है'**
- **'यदि समन जारी करने की आवश्यकता है, तो केवल ईडी निदेशक की पूर्व स्वीकृति के बाद ही जारी किया जाएगा'**

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई व न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति केवल वकील के तौर पर काम कर रहा है, तो उसे मुवक्किल को कानूनी सलाह देने के लिए जांच एजेंसियों(ईडी,सीबीआई आदि) द्वारा समन नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन यदि कोई वकील "अपराध में मुवक्किल की मदद कर रहा है," तो उसे तलब किया जा सकता है। इस पीठ ने यह टिप्पणी जांच एजेंसियों(ईडी) द्वारा जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करने के लिए वकीलों को तलब किए जाने से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान की।पीठ ने कहा, हमने शुरू में ही कहा था कि यदि कोई (वकील) अपराध में मुवक्किल की मदद कर रहा है, तो उसे तलब किया जा सकता है... लेकिन केवल कानूनी सलाह देने के लिए नहीं। पीठ ने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) व सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) जैसे बार निकायों की दलीलें सुनीं, जिनका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह व वकील विपिन नायर ने किया। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि यदि वकीलों को केवल सलाह देने के लिए नियमित रूप से तलब किया जाने लगा, तो कोई भी संवेदनशील आपराधिक मामलों में सलाह देने की हिम्मत नहीं करेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि इस पर नियंत्रण के लिए उसी तरह की सावधानियां अपनाई जानी चाहिए जैसी कि सीबीआई अपनाती है। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि किसी वकील को तलब करने के लिए पहले जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक की अनुमति ली जाए और फिर न्यायिक मजिस्ट्रेट की अनुमति के बाद ही समन जारी हो। पीठ ने संकेत दिया कि न्यायिक निगरानी जांच के अतिक्रमण पर एक महत्वपूर्ण जांच के रूप में काम कर सकती है। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता इस मूल आधार से सहमत थे कि वकीलों को केवल कानूनी सलाह देने पर नहीं बुलाया जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक वकील और मुवक्किल के बीच संवाद के विशेषाधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए। यह पेशा स्वयं संविधान व कानून के तहत संरक्षित है। लेकिन उन्होंने ऐसे उपाय लागू करने के प्रति आगाह किया जिनसे असमानता पैदा हो सकती है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि सिर्फ वकीलों को मजिस्ट्रेट की अनुमति से तलब करने की व्यवस्था करना संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन हो सकता है। पीठ ने निर्देश दिया कि एससीबीए व एससीएओआरए की ओर से पेश लिखित सुझाव तीन दिन के भीतर सॉलिसिटर जनरल व अटॉर्नी जनरल को भेजे जाएं। मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तारीख तय की गई है, जब केंद्र अपना पक्ष रखेगा।मालूम हो कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में वरिष्ठ वकील अरविंद दातार व प्रताप वेणुगोपाल को तलब किया था। इसे लेकर ईडी ने कहा कि उसने अपने जांच अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने मुवक्किलों के खिलाफ चल रही जांच में किसी भी वकील को समन जारी न करें। मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की जांच कर रही ईडी ने एक आदेश जारी किया है।

## पाकिस्तानी गोलीबारी में अनाथ हुए 22 बच्चे, राहुल गांधी ले रहे गोद



-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उन 22 बच्चों को गोद लेने जा रहे हैं ,जिनके माता-पिता पाक गोलीबारी में मारे गये।इस बारे में जम्मू-कश्मीर कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा का कहना है कि राहुल गांधी पुंछ के उन 22 बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्चा उठाएंगे जिन्होंने अपने दोनों माता-पिता पाक गोलीबारी में गंवा दिए थे। तारिक के मुताबिक पहली किस्त जारी भी कर दी गई है, जब तक बच्चे ग्रेजुएट नहीं हो जाएंगे, मदद जारी रहेगी। मालूम हो कि राहुल गांधी ने इस साल मई में पुंछ का दौरा किया था, तब उन्होंने अपने स्थानीय नेताओं से अपील की थी कि वे प्रभावित बच्चों की एक सूची तैयार करें, उसके बाद ही सरकारी रिकॉर्ड खंगाले गए और फिर सर्वे कर एक सूची बनी। राहुल गांधी जब पुंछ गए थे, उन्होंने क्राइस्ट पब्लिक स्कूल का भी दौरा किया था, वहां पर 12 साल के ट्विन उर्बा फातिमा व जैन अल की मौत हो गई थी, पाक गोलीबारी में ही दोनों ने जान गंवाई थी। वहां पहुंच राहुल गांधी ने बच्चों से कहा था कि आप अपने दोस्तों को बहुत याद कर रहे होंगे, इस बात का मुझे दुख है। आपको थोड़ा डर भी लग रहा होगा, इस स्थिति से निपटने का आपका एक ही तरीका होना चाहिए- और ज्यादा पढ़ाई करें।

# बॉक्स ऑफिस पर 'महावतार नरसिम्हा' की बंपर कमाई हुई

## वीकेंड में 400% का जबरदस्त उछाल!


कहानी फिल्म जगत की



होम्बले फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत और क्लीम प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित एनिमेटेड फीचर फिल्म महावतार नरसिम्हा, हिंदी में शानदार शुरुआत के साथ बॉक्स ऑफिस की उम्मीदों को नई दिशा दे रही है। निर्माताओं के अनुसार, अपने शुरुआती सप्ताहांत में, फिल्म ने शुक्रवार को अपनी शुरुआत से लेकर रविवार को अपने पहले सप्ताहांत के अंत तक, कमाई में 400% की जबरदस्त वृद्धि दर्ज की।

**महावतार नरसिम्हा ने हिंदी दर्शकों को प्रभावित किया :** फिल्म ने शुक्रवार को ₹1.35 करोड़ की कमाई की, जिसके बाद शनिवार को 150% की वृद्धि के साथ ₹3.25 करोड़ और फिर रविवार को 110% की वृद्धि के साथ ₹6.50 करोड़ से ₹7.00 करोड़ के बीच कमाई की। निर्माताओं के अनुसार, हिंदी में महावतार नरसिम्हा की तीन दिनों की कुल कमाई अब ₹11.35 करोड़ हो गई है।

**महावतार नरसिम्हा ने लोगों का टेस्ट बदला :** महावतार नरसिम्हा ने शुक्रवार को 1.35 करोड़ रुपये के साथ भले ही मामूली शुरुआत की हो, लेकिन सप्ताहांत में इसने उल्लेखनीय गति पकड़ी। शनिवार को 4.6 करोड़ रुपये की ज़बरदस्त उछाल देखी गई, जो 150 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जबकि रविवार को और भी बड़ी छलांग देखी गई जब फिल्म ने 9.5 करोड़ रुपये कमाए, जो अपने पहले दिन से 600 प्रतिशत की भारी वृद्धि थी। यह गति सोमवार तक जारी रही, जहाँ फिल्म ने 6.15 करोड़ रुपये की प्रभावशाली कमाई की, और सोमवार की महत्वपूर्ण परीक्षा को आसानी से पार कर लिया। इसके साथ ही, अश्विन कुमार अभिनीत इस फिल्म ने अब चार दिनों में 22 करोड़ रुपये की मजबूत कमाई कर ली है।



# एंबुलेंस कर्मचारियों की मांगों पर विचार करें मुख्यमंत्री : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता



## बलात्कारी की मौत पर 3 लाख मुआवजा व कांवरियों की मौत पर एक लाख : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अभी हाल ही में रामगढ़ के एक आफताब अंसारी की मौत का हौआ खड़ा कर स्वास्थ्य मंत्री ने उसके परिजन को 3 लाख रुपए की मुआवजा राशि घोषित की। आज तो इस संबंध में सरकार की पोल खुल गई। स्वास्थ्य मंत्री जिसे मॉब लिंचिंग बता रहे थे उन्हीं के विभाग ने पोस्टमार्टम कर मौत को पानी में डूबने से बताया है। अब तो स्वास्थ्य मंत्री की डिग्री भी संदेह के घेरे में है। बावजूद इसके मंत्री ने वोटबैंक के लिए सब कुछ तख्त पर रखते हुए तीन लाख मुआवजा की घोषणा की ।दुर्भाग्य जनक स्थित यह है कि आज जब बाबा बैजनाथ की पूजा कर लौट रहे कावंरियों की दुर्घटना में मौत होने पर यह सरकार मात्र एक लाख रुपए मुआवजा की घोषणा करती है। स्पष्ट है कि राज्य सरकार की नजरों में एक कांवरिया का कितना महत्व है।

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा।श्री मरांडी ने कहा कि समय पर वेतन का भुगतान न होने के कारण एंबुलेंस कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हुए हैं। हर जगह मरीज़ परेशान हैं, परंतु सरकार को कोई फ़र्क नहीं पड़ता, और स्वास्थ्य मंत्री तो पहले ही कह चुके हैं कि खाट पर मरीज़ों को अस्पताल ले जाना आम बात है। श्री मरांडी ने तंज कसते हुए कहा कि ऐसे 'प्रगतिशील एवं अति संवेदनशील' व्यक्ति को स्वास्थ्य मंत्री का पद प्राप्त होगा तो झारखंडवासी सुचारू स्वास्थ्य सुविधाओं की उम्मीद किससे करेंगे?कहा कि इससे पहले भी एम्बुलेंस चालकों ने हड़ताल की थी। तब सरकार व सरकार द्वारा "नव-नियुक्त" एम्बुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी ने कर्मचारियों की मांगें मानने का केवल दिखावा किया, अभी तक उस त्रिपक्षीय समझौते पर अमल नहीं हुआ है।
जिसमें एम्बुलेंस कर्मियों को श्रम विभाग द्वारा तय वेतनमान दिया जाए,सेवातर कर्मचारियों का सेवा काल 60 वर्ष किया जाए,कर्मचारियों की पूर्व में की गई वेतन कटौती का भुगतान हो,सेवा प्रदाता कंपनी या ठेकेदारों की जगह एनएचएम से भुगतान हो, उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से जानना चाहा कि आख़िर इन माँगों में ऐसा क्या है जिसे नहीं माना जाना चाहिए? कहा कि हर दिन स्वास्थ्य व्यवस्था में लापरवाही के किस्से सामने आते हैं, लेकिन राज्य में ख़राब पड़ी एम्बुलेंसेज़ की तरह शायद स्वास्थ्य विभाग को भी जंग लग गया है। अनर्गल बयानबाज़ी से ना तो व्यवस्था सुधरेगी, ना मरीज़ों का स्वास्थ्य, ये समझना स्वास्थ्य मंत्री जी के लिए इतना मुश्किल क्यों है?

## आंखों देखा प्रखंड दिवस


# कहीं पूरे दिन काम तो कहीं आधा बेला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रखंड दिवस का इंतजार ग्रामीण बड़ी बेसब्री से करते हैं क्योंकि इन्हें पता है कि प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को प्रखंड दिवस होता है और इस दिन प्रखंड एवं अंचल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहते हैं। इस दिन जो भी समस्या लेकर जाया जाए उसका त्वरित समाधान निकलता है और आगे की प्रक्रिया के बारे में जानकारी मिलती है। यह दिवस गांव-गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है और बड़ी संख्या में ग्रामीण इसका लाभ लेने के लिए आते हैं। दो अंचलों में पाया गया कि कहीं पूरे दिन काम हो रहा है तो कहीं आधा बेला। राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने हेहल अंचल और शहर अंचल में जाकर यह जानने का प्रयास किया कि यहां प्रखंड दिवस किस प्रकार से मनाया जा रहा है। आईए जानते हैं इन अंचलों में क्या है हाल।
हेहल अंचल में पाया गया कि पूरे दिन भर प्रखंड दिवस मनाया गया। अंचल अधिकारी घनश्याम कुमार के कार्यालय में कोई भी आसानी से प्रवेश कर सकते थे प्रवेश में किसी प्रकार का रोक-टोक नहीं था। अंचल अधिकारी दिन भर जनता की समस्याओं का समाधान करते हुए पाए गए। शहर के अंचल में एक कागज पर लिखकर चिपकाया गया है कि प्रत्येक मंगलवार को अंचल अधिकारी 11:00 से 2:00 बजे तक ही मिल सकते हैं। दिवस पूरे दिन का होता है लेकिन मिलने का समय यहां मात्र 3 घंटे ही दिया जाता है। लोगों का कहना है कि इन तीन घंटों में समस्या का समाधान नहीं हो पाता कई लोगों ने तो यहां तक सवाल उठाया कि 11:00 बजे से है क्यों 10:00 से क्यों नहीं मिल सकते है अंचल अधिकारी।




## कुलाधिपति के 'एक व्यक्ति एक पद' सिद्धांत के लिए आभार : अभिषेक झा



**रांची।** राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों में 'एक व्यक्ति एक पद' सिद्धांत को सख्ती से लागू करने के लिए राज्यपाल सह कुलाधिपति द्वारा प्रदत्त निर्देश का अबुआ अधिकार मंच ने स्वागत किया है। यह निर्देश विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक पदों के केंद्रीकरण, दायित्वों के दुरुपयोग तथा पदों के अवांछित एकीकरण की प्रवृत्तियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दृष्टि से एक महत्त्वपूर्ण और दूरगामी निर्णय माना जा रहा है। छात्र प्रतिनिधि अभिषेक झा ने कहा कि राज्यपाल सह कुलाधिपति ने 'एक व्यक्ति – एक पद' नीति के क्रियान्वयन का निर्देश उच्च शिक्षा में प्रशासनिक संतुलन, नैतिक जवाबदेही और अवसर की समानता सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

## इनफोर्समेंट टीम ने अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया



रांची। रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने वार्ड नंबर 12, स्थित कार्मेल स्कूल, संत फ्रांसिस स्कूल व असीसी स्कूल के मुख्य गेट एवं चारदीवारी पर दुकानों/ठेला इत्यादि के द्वारा किए अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही साथ पुराने लोआडीह चौक से लेकर हाइटेंशन ग्राउंड अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया।

## राज्यपाल संतोष गंगवार से अमेरिकी महावाणिज्य दूत ने की शिष्टाचार भेंट



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास, कोलकाता की महावाणिज्य दूत कैथी जाइल्स-डियाज़ ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान दोनों के मध्य विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने जाइल्स-डियाज को झारखंड की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विशेषताओं से अवगत कराते हुए कहा कि यह राज्य प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है तथा यहां प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा उपलब्ध है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि झारखंड में अनेक विश्वप्रसिद्ध धार्मिक स्थल स्थित हैं, जो राज्य की आध्यात्मिक समृद्धि के प्रतीक हैं।

## दक्षिणी छोटानागपुर बस मालिक समन्वय समिति ने प्रमंडलीय आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर बस मालिक समन्वय समिति का प्रतिनिधिमंडल दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने समिति के संयोजक किशोर मंत्री के नेतृत्व में प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि बड़ी बस को 10 मिनट और छोटी बस को 5 मिनट के अंतराल रखते हुए मंतव्य देने के पूर्व की भांति बस मालिक समन्वय समिति को सलाहकार बनने का अनुरोध किया गया। साथ ही दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार रांची के क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी बस को समय सारणी पर 10 मिनट एवं छोटी बस को 5 मिनट के अंतराल पर स्वीकृत किए जाने का भी अनुरोध किया गया।प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि नवीन मार्ग का निर्धारण करने की जरूरत है क्योंकि पूर्व में वर्ष 2016 में मार्गो का निर्धारण हुआ था। इस बीच बहुत सारी सड़कों का निर्माण हो चुका है। नवीन मार्गो का निर्धारण हेतु प्राधिकार अपने स्तर से पहल करें। इसमें समन्वय समिति हर तरह का सहयोग करेगी। प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि सरकारी बस स्टैंड की स्थिति नरकीय हो गई है। स्टैंड का टोल टैक्स डीटीओ रांची के द्वारा प्राप्त किया जाता है। कृपया बस स्टैंड का रखरखाव को सुचारू ढंग से करने के लिए कार्रवाई की जाए। प्रतिनिधि मंडल में अरुण कुमार बुधिया, अशफाक आजम, संजय यादव, बसंत प्रसाद शामिल थे।

# स्वास्थ्य व्यवस्था आईसीयू से निकल चुकी है भाजपा को बर्दाश्त नहीं हो रहा : डॉ इरफान

- बाबूलाल केवल आलोचना के विशेषज्ञ हैं, समाधान की न नीयत है न क्षमता : मंत्री

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के बयानों पर कड़ा जवाब देते हुए कहा है कि "झूठी बयानबाज़ी और खोखली राजनीति से झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था का मज़ाक न उड़ाएं।" डॉ अंसारी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के पास ना कोई ठोस तथ्य है, ना समाधान की नीयत। डॉ अंसारी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जब मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की ओर देखने की भी ज़हमत नहीं उठाई। उनके कार्यकाल में झारखंड के अस्पताल सिर्फ नाम के रह गए थे। आज जब सरकार दिन-रात मेहनत कर बदलाव ला रही है, तो इनको तकलीफ हो रही है।
मेरे कार्यकाल में झारखंड के स्वास्थ्य तंत्र ने जितनी ऊंचाई छुई है, उतनी पिछले 20 वर्षों में नहीं हुई। मंत्री ने साफ किया कि एम्बुलेंस कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर एनएचएम और सेवा प्रदाता एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। सरकार बातचीत के जरिए समाधान की दिशा में बढ़ रही है। त्रिपक्षीय समझौते का क्रियान्वयन प्राथमिकता में है। कर्मचारियों को समय पर वेतन और स्थायीत्व मिले, इसके लिए नीति बनाई जा रही है।भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शी और ठेकेदार-मुक्त किया जाएगा।
डॉ. अंसारी ने कहा कि उन्हें मंत्री पद का नहीं, जनता के जीवन की जिम्मेदारी का अहसास है। भाजपा के शासनकाल में जिस स्वास्थ्य व्यवस्था को गर्त में डाला गया, आज उसे आईसीयू से निकालकर रिकवरी रूम तक लाया गया है।
डॉ. अंसारी ने भाजपा पर सीधा हमला करते हुए कहा कि
"कोरोना काल में जब लाखों लोग ऑक्सीजन के बिना तड़प-तड़प कर मरे, तब केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही। तब न दवा थी, न इलाज था, न संवेदना थी — सिर्फ़ शवों की कतारें और गंगा में तैरती लाशें थीं। बाबूलाल जी तब मौन थे, क्योंकि सवाल उनकी पार्टी से था। आज जब झारखंड में सुधार हो रहा है, तो इनकी नींद खुली है।" मंत्री ने कहा कि वर्तमान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार अपने कार्यों का सफलतापूर्वक संपादन कर रही है, जिसका परिणाम केवल कागज़ों पर नहीं बल्कि जमीन पर साफ दिख रहा है।

# राज्य समन्वय समिति बनी राजनीतिक उपहार योजना : प्रतुल शाह देव

- 2 वर्ष से कोई बैठक नहीं, लेकिन कई करोड़ खर्च हो गए
- जनता की गाढ़ी कमाई का हो रहा दुरुपयोग

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर पड़ा हमला करते हुए झारखंड राज्य समन्वय समिति को पूरी तरह से औचित्यहीन और निष्क्रिय बताया है।प्रतुल शाहदेव ने जोर देते हुए कहा कि इस समिति का गठन विकास कार्यों में समन्वय के नाम पर किया गया था, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह महज सत्ताधारी दलों के नेताओं को राज्य मंत्री का दर्जा देकर उपकृत करने का एक राजनीतिक उपहार योजना बनकर रह गई है।
प्रतुल शाहदेव ने कहा कि 2022 के अंत में इस समिति का गठन बड़े उद्देश्य और दावों के साथ किया गया था। लेकिन आज ढाई वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद समिति की केवल एक औपचारिक बैठक – वह भी 10 जून, 2023 में आयोजित हुई है। वर्ष 2024 और अब 2025 में कोई भी बैठक नहीं हुई है। ऐसे में इस समिति के अस्तित्व का क्या औचित्य रह जाता है? प्रतुल ने कहा समिति की बैठक ना हो रही हो लेकिन समिति के नाम पर राजनीतिक रेवड़िया बांटना जारी है। 9 अक्टूबर,2024 को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को भी इस समन्वय समिति का सदस्य बना कर राज्य मंत्री का दर्जा दे दिया गया।
प्रतुल शाह देव ने कहा कि जब बैठकें ही नहीं हो रही हैं, तो क्या राज्य सरकार यह बताएगी कि समिति के सदस्यों को राज्य मंत्री का दर्जा देने के नाम पर अब तक जनता के गाढ़ी कमाई के कई करोड़ रुपये फूकने का क्या औचित्य है? प्रतुल ने कहा इस समन्वय समिति में कुल 9 सदस्य हैं और अधिकांश को राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है।प्रतुल ने कहा कि यह समिति जनता की भलाई के लिए ना बन कर सिर्फ राजनीतिक समझौतों की पूर्ति के लिए बनी है।प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अब इस समिति का एकमात्र उद्देश्य रह गया है – सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं को सरकारी वाहन, आवास, स्टाफ, और अन्य सरकारी सुविधाएं देना, जबकि झारखंड के आम लोग बिजली, पानी, सड़क, और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं।कांग्रेस के कई नेता इस समिति के सदस्य हैं। ऐसे तो कांग्रेस की इस सरकार में रत्ती भर पूछ नहीं रही है। लेकिन मलाईदार पदों को लेकर कांग्रेसी भी चुपचाप रबर स्टांप की भूमिका में है।

# राजनीतिक स्वार्थ के लिए हेमंत सरकार का राज्यपाल के अधिकारों पर प्रहार : सुदेश

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार की प्राथमिकता शिक्षा में गुणात्मक सुधार करने की नहीं है, बल्कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए राज्यपाल के अधिकारों पर प्रहार किया जा रहा है। यह लोकतांत्रिक परंपराओं और संविधान की मूल भावना का अपमान है। श्री महतो ने आज पार्टी कार्यालय में आजसू छात्र संघ द्वारा आयोजित मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार ने युवाओं और छात्रों को ठगा है। राज्य में बेरोजगारी चरम पर है, नौकरियां सिर्फ कागजों पर हैं। सरकार की प्राथमिकता शराब की दुकानों का समय तय करना है, न कि युवाओं का भविष्य। श्री महतो ने कहा कि कुलपति का चयन अब सरकार करेगी, जो युवाओं के अधिकारों पर कुठाराघात है। इससे पूर्व जनजातीय सलाहकार परिषद के मामले में भी राज्यपाल के अधिकारों की कटौती की गई है, जबकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान ने राज्यपाल को कुछ मामलों में विशेषाधिकार प्रदान किया है।

## पृष्ठ एक के शेष

**बेतला में भव्य रूप से मना 16वां विश्व...**

यदि एक पेड़ काटना अनिवार्य हो, तो उसके बदले कम से कम पांच पेड़ लगाए जाएं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संकल्प दिलाते हुए उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग जैसी आपदाओं से बचाव तभी संभव है जब हर व्यक्ति पर्यावरण के प्रति सजग हो। सरकार और प्रशासन अपनी भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन जन भागीदारी के बिना प्रकृति की रक्षा अधूरी है।

**वन्यजीवों और पक्षियों की बहुलता :** यह उद्यान साल और बाँस के वृक्षों, औषधीय पौधों और घास के मैदानों से आच्छादित है। यहां हाथी, बाघ, तेंदुआ, चीतल, गौर, और कई दुर्लभ प्रजातियां पाई जाती हैं। बेतला नाम भी बाइसन, हाथी, टाइगर, लेपर्ड और चीतल के पहले अक्षरों से बना है। यहां शुष्क पर्णपाती वनों में हॉर्नबिल, मोर, काला तीतर, सारस, और कमलदाह झील में जलपक्षियों की दर्जनों प्रजातियां पर्यटकों को आकर्षित करती हैं।

**पर्यटकों के लिए सुविधाएं और घूमने का आदर्श समय :** पार्क में हाथी सफारी, गाइड के साथ जीप सफारी, वॉच टावर और जमीनी आश्रय स्थल जैसे कई अवलोकन केंद्र बनाए गए हैं। नवंबर से मार्च तक का मौसम यहां घूमने के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। इस कार्यक्रम में रेंजर उमेश दुबे, वनपाल, वनकर्मी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**बस की ट्रक से टक्कर में...**

स्थानीय लोगों और पुलिस ने राहत-बचाव का काम शुरू किया। सदर एसडीओ रवि कुमार ने कहा, 'सुबह 4-5 बजे के बीच हमें सूचना मिली कि देवघर से बासुकीनाथ कांवरियों को ले जा रही 32 सीटर बस अनियंत्रित होकर एक ट्रक से टकरा गई, फिर असंतुलित होकर ईंटों से टकरा गई। हादसे में अब तक 6 कांवरियों की मौत हो चुकी है तो 30 से ज्यादा जख्मी हैं। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी मृतक और जख्मी कांवड़िये बिहार के बेतिया और गया निवासी बताए जा रहे हैं। झारखंड के प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में इन दिनों श्रावणी मेले की वजह से हर दिन लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं। झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश समेत देश-विदेश से श्रद्धालु सावन में बाबा की पूजा के लिए आते हैं। देवघर आने वाले अधिकतर श्रद्धालु बासुकीनाथ भी जाते हैं। इस वजह से रास्ते पर काफी भीड़-भाड़ होती है।

**झारखंड के कई क्षेत्रों में निवेश...**

महिलाओं का आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण से लेकर श्रम का पलायन रोक कर झारखंड की आर्थिक-सामाजिक परिदृश्य को बदला जा रहा है। उन्होंने ऊच्च शिक्षा के क्षेत्र में अमेरिकी विश्वविद्यालयों के साथ संभावनाओं पर भी चर्चा की। अमेरिकी काउंसलेट जेनरल कैली जाइल डियाज ने चर्चा के दौरान चिह्नित क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रक्रिया शुरू करने पर बल दिया। खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा ने अमेरिकी काउंसलेट जेनरल को बताया कि खनन के क्षेत्र में कोयला समेत विभिन्न खनिजों के खनन, खनन उपकरण कारखाना स्थापना में ज्वायंट वेंचर की अपार संभावनाएं हैं। वहीं लिथियम, ग्रेफाइट और टेटानियम के प्रसंस्करण में भी आपसी सहयोग से आगे बढ़ा जा सकता है। टास्क फोर्स-सस्टनेबल जस्ट ट्रांजिशन के चेयरमैन एके रस्तोगी ने पर्यावरण संरक्षण में सहयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि झारखंड पूरे भारत में सर्वाधिक 33 प्रतिशत वन क्षेत्र वाला राज्य है। उन्होंने कहा कि कार्बन क्रेडिट के क्षेत्र में आपसी सहयोग की बड़ी संभावना है। इसके अतिरिक्त झारखंड के पर्यटन स्थलों का उल्लेख करते हुए बताया कि इस क्षेत्र में भी निवेश और सहयोग की प्रचुर संभावना है। राज्य में लगभग 70 प्रतिशत लोग कृषि कार्य से जुड़े हैं, यह क्षेत्र भी सहयोग और निवेश के लिए आकर्षक क्षेत्र है। अमेरिकी काउंसलेट जेनरल के साथ बैठक के दौरान मुख्य सचिव के अतिरिक्त टास्क फोर्स-सस्टनेबल जस्ट ट्रांजिशन के चेयरमैन एके रस्तोगी और अमेरिकी काउंसलेट जेनरल की सहयोगी संगीता डे चंदा उपस्थित थे।

## मोटो अनाज का बाजार का उपयुक्त समय मांग ज्यादा पूर्ति कम

# मोटे अनाज की पैदावार से पीछे हटते किसान



मनोज मिश्रा

- मड़ुआ की सबसे ज्यादा मांग

**रांची।** आजकल अनाज दो भागों में बट गया है, एक सामान्य अनाज जिसमें गेहू चावल आते हैं दूसरे मोटे अनाज जिसमें ज्वार, बाजरा, मड़ुआ, मक्का जैसे अनाज आते हैं। हरित क्रांति आने से हमारी थाली में गेहू और चावल घुसते चले गए और मोटा अनाज दूर होता चला गया और इतना दूर हो गया की पूरी दो पीढ़ी के बहुत से लोगों ने तो बहुत से मोटे अनाजों का नाम सुना भी नहीं होगा। हर क्षेत्र के अपने मोटे अनाज होते हैं कहीं ज्वार तो कहीं बाजार कहीं मड़ुआ तो कहीं मक्का लेकिन उगाए सभी जगह जाते हैं।
हमारे झारखंड में मोटे अनाज का उत्पादन सांस्कृतिक विरासत रहा है यहां के गांवो के हर खेत खलियान में कम बेसी मोटे अनाज की पैदावार की जाती है बेचने के लिए नहीं तो खाने के लिए ग्रामीण इसका उत्पादन करते हैं। लोगों को यह जानकारी नहीं है कि मोटे अनाज की कीमत आसमान छू रही है और उसके बने प्रोडक्ट बड़े-बड़े मॉल में यहां तक की ऑनलाइन बड़े बड़े प्लेटफार्म में ऊंची कीमत पर बेचे जाते हैं। मोटे अनाज की मांग इतनी ज्यादा है कि इसकी पूर्ति नहीं हो पा रही है। वहीं किसानों को मोटे अनाज का बाजार नहीं मिल रहा है जिस कारण से मोटे अनाज की खेती करने में किसानों की दिलचस्पी खत्म हो गई है। आईए जानते हैं किस तरह के हालात है और मोटे अनाज के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम किस प्रकार से उठाया जा सकता है जिससे ग्रामीण खेती को बल मिलेगा और आर्थिक कृषि व्यवस्था सुदृढ़ हो।

### मोटे अनाज का बाजार नहीं: दिलेश्वर साहू



पिठोरिया गांव निवासी दिलेश्वर साहू बताते हैं कि मोटे अनाज के उत्पादन में 4 से 5 महीने का समय लगता है और इसका बाजार भी उपलब्ध नहीं हो पाता है जिस कारण से किसानों ने मोटे अनाज के बदले नगदी फसल के रूप में सब्जी को चुना है।

### धान की तर्ज पर मोटे अनाज की खरीद करे सरकार: आदित्य मल्होत्रा



चेंबर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा है कि मोटे अनाज की उत्पादकता झारखंड के खेती अर्थव्यवस्था की रीढ़ साबित हो सकती है। इसकी मांग बाजार में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है वहीं इसकी पूर्ति या उत्पादन में कमी पाई जा रही है। आज सभी लोग जागरुक हो गए हैं चाहे देश हो या विदेश सभी मोटे अनाज की जरूरत और स्वास्थ्य में इसके अच्छे प्रभाव को समझ रहे हैं। झारखंड सरकार को एक पहल करनी चाहिए जिस प्रकार से धान की खरीद की जाती है उसी प्रकार से मोटे अनाज की खरीद करें ताकि मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा मिले।

### मोटे अनाज के उत्पादन के लिए सरकार प्रयासरत : कृषि निदेशक



कृषि निदेशक भोर सिंह यादव बताते हैं कि मोटे अनाज की बाजार में मांग बढ़ी है लेकिन आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं हो पा रही है। विशेष कर मड़ुआ की मांग ज्यादा बढ़ी है जरूरत है कि मोटे अनाज उत्पादकों को बढ़ावा मिले और इसके लिए सरकार प्रयास कर रही है।




# 'हमारे पास एक आखिरी मौका',

## पांचवें टेस्ट से पहले गौतम गंभीर ने भरा खिलाड़ियों में जोश

**लंदन।** एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज का चौथा टेस्ट बेहद रोमांचक रहा, जो आखिरकार ड्रॉ पर समाप्त हुआ। 31 जुलाई से दोनों देश पांचवां टेस्ट खेलेंगे, जिससे पहले भारतीय टीम ने मंगलवार को लंदन स्थित 'भारतीय उच्चायोग' का दौरा किया। इस दौरान खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ ने अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की, जिसमें आत्मचिंतन, गर्व और संकल्प की भावना देखने को मिली। सभी ने यूके दौरे पर मिले अटूट समर्थन के लिए आभार जताया। हेड कोच गौतम गंभीर ने इस कार्यक्रम में भारत-इंग्लैंड मुकाबलों के ऐतिहासिक महत्व और सीरीज की इंटेंसिटी पर प्रकाश डाला। गंभीर ने कहा, "इंग्लैंड का दौरा हमेशा रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहा है। दोनों देशों के बीच का इतिहास कभी नहीं भुलाया जा सकता। हमने हर बार ब्रिटेन दौरे पर मिले समर्थन की सराहना की है।" इंग्लैंड ने टेस्ट सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से अपने नाम किया था, जिसके बाद टीम इंडिया ने पलटवार करते हुए दूसरे मुकाबले को 336 रन से जीता। इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट को 22 रन के करीबी अंतर से जीतकर सीरीज में 2-1 से लीड बना ली, जिसके बाद चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा।

गौतम गंभीर ने कहा, "पिछले पांच हफ्ते दोनों देशों के लिए बेहद रोमांचक रहे। मुझे यकीन है कि जिस तरह का क्रिकेट खेला गया, उसने हर क्रिकेट प्रेमी को गौरवान्वित किया है। दोनों टीमों ने दमदार खेल दिखाया।" भारत के पास अंतिम टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म करने का मौका है। आखिरी टेस्ट को लेकर गंभीर ने एकजुट प्रयास की अपील की। उन्होंने कहा, "हमारे पास एक हफ्ता और है। एक आखिरी कोशिश करनी है। यह अपने देश को गौरवान्वित करने का एक आखिरी मौका है। जय हिंद।"

# तुम नहीं बताओगे कि हमें क्या करना है : गौतम गंभीर

**एजेंसी। लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज काफी रोमांचक हो चली है। इस सीरीज के 4 मुकाबले खत्म होने के बाद इंग्लैंड की टीम 2-1 से आगे है। वहीं इस सीरीज के आखिरी मैच में टीम इंडिया सीरीज बचाने के लिए इंग्लैंड का सामना करेगी। हालांकि इस मैच से पहले एक बड़ी खबर सामने आई है। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर मंगलवार को ओवल के चीफ क्यूरेटर ली फोर्टिस के साथ बहस में उलझ गए। खबरों के अनुसार गंभीर को ग्राउंड स्टाफ पर उंगली उठाते हुए यह कहते हुए सुना गया, 'आप हमें यह नहीं बताएंगे कि हमें क्या करने की जरूरत है।'

1



2



### सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में साफ दिख रहा है कि गंभीर क्यूरेटर के साथ बहस कर रहे हैं। भारत के बैटिंग कोच सितांशु कोटक को बीच-बचाव करना पड़ा और उन्होंने स्थिति को शांत किया। फोर्टिस ने गंभीर से कहा, 'मुझे इसकी रिपोर्ट करनी होगी।' इस पर भारतीय हेड कोच ने तीखे स्वर में जवाब दिया, 'आप जाकर जो चाहें रिपोर्ट कर सकते हैं।' कोटक ने इस मामले में हस्तक्षेप किया और क्यूरेटर को एक अलग कोने में ले जाकर कहा, 'हम कुछ भी नुकसान नहीं पहुंचाएंगे।'

### हमें मत बताइए क्या करना है: गंभीर

वीडियो में देखने पर पता चल रहा है कि गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और सहायक कोच रयान टेन डोशेट जैसे अन्य भारतीय सहयोगी स्टाफ भी इस बहस को ध्यान से सुनते हुए दिखाई दिए। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि दोनों के बीच बहस क्यों हुई, लेकिन गंभीर और फोर्टिस अभ्यास के लिए पिचों की स्थिति को लेकर बहस करते दिखाई दिए। हालांकि, गंभीर ने फिर से फोर्टिस से कहा कि उन्हें यह नहीं बताना चाहिए

### क्यूरेटर ने मीडिया से क्या कहा?

इसके बाद फोर्टिस और गंभीर अपने-अपने रास्ते चले गए और भारतीय कोच नेट सत्र की देखरेख के लिए वापस लौट आए। बाद में मैदान से अपने कमरे की ओर जाते हुए फोर्टिस ने बाद में मीडिया से कहा- यह एक बड़ा मैच है और वह (गंभीर) थोड़ा चिड़चिड़े हैं। इस बीच मैनचेस्टर टेस्ट में अर्धशतक और शून्य बनाने वाले साई सुदर्शन अभ्यास के लिए मैदान पर सबसे पहले पहुंचे, जहां बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी कड़ी मेहनत करते हुए दिखाई दिए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी मोर्केल की निगरानी में गेंदबाजी करते नजर आए।

## सौरव गांगुली ने पंत की सराहना की

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इंग्लैंड में चल रही टेस्ट सीरीज में शानदार और साहसिक प्रदर्शन के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की प्रशंसा की। हालांकि, 27 वर्षीय पंत के पैर में फ्रैक्चर के कारण वह निर्णायक अंतिम टेस्ट से बाहर हो गए हैं। पंत इस दौरे पर भारत के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे। उन्होंने सात पारियों में 479 रन बनाए, जिसमें हेडिंग्ले में सीरीज के पहले मैच में दो शतक और लॉर्ड्स टेस्ट में हाथ में चोट लगने के बावजूद 74 रनों की साहसिक पारी शामिल है। उनकी फॉर्म और दृढ़ता भारत के अभियान की एक अहम विशेषता बन गई, क्योंकि उन्होंने पांच मैचों की सीरीज बराबर करने के लिए संघर्ष किया, जिसमें वर्तमान में इंग्लैंड 2-1 से आगे है।

## वानखेड़े स्टेडियम से 6.52 लाख की आईपीएल जर्सी चोरी, एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस ने वानखेड़े स्टेडियम में स्थित बीसीसीआई के आधिकारिक मर्चेंडाइज स्टोर से 6.52 लाख रुपए की 261 आईपीएल जर्सी चोरी करने के आरोप में सुरक्षा प्रबंधक फारुख असलम खान (46) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 306 के तहत की गई है।

पुलिस के अनुसार, बीसीसीआई कर्मचारी हेमंग भारत कुमार अमीन (44) ने शिकायत दर्ज कराई। अमीन ने आरोप लगाया कि फारुख ने स्टोर में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी आईपीएल टीमों की आधिकारिक जर्सी चुराईं। चोरी की गई 261 जर्सी की कुल कीमत 6,52,500 रुपये बताई गई है।

## भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव ने उज्जैन में श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के दर्शन किए



**उज्जैन।** इंडियन क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज उमेश यादव ने नाग पंचमी के अवसर पर मंगलवार को श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के दर्शन किए और भस्म आरती में भी शामिल हुए। महाकालेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इसके सबसे निचले हिस्से में महाकालेश्वर, बीच में ओंकारेश्वर और सबसे ऊपर नागचंद्रेश्वर के लिंग स्थापित हैं। तीर्थयात्री और दर्शनार्थी केवल नाग पंचमी के पर्व पर ही नागचंद्रेश्वर के दर्शन कर सकते हैं। हजारों भक्त भस्म आरती और जलाभिषेक के लिए इकट्ठा होते हैं, जहां घंटियों की आवाज के साथ भक्तिपूर्ण मंत्र गूंजते हैं। श्रावण (सावन) सभी महीनों में सबसे शुभ माना जाता है। तमिल धर्मग्रंथों में इसे अवानी कहा जाता है और यह सौर वर्ष का पांचवां महीना है। इस दौरान प्रत्येक दिन भगवान शिव की पूजा के लिए शुभ होता है और भक्त आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए शिव मंदिरों में पूजा और वैदिक अनुष्ठान करते हैं। यादव ने 2010 में भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और तीनों प्रारूपों में देश का प्रतिनिधित्व किया है। 141 अंतरराष्ट्रीय मैचों में, उन्होंने 31.62 की औसत से 288 विकेट लिए हैं, जिसमें 88 रन देकर 6 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। उनके करियर में तीन बार पारी में पांच विकेट और एक बार मैच में दस विकेट शामिल हैं।

## आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग : एक पायदान नीचे फिसलीं मंधाना

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम करने के बावजूद, भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजों की नवीनतम रैंकिंग में एक स्थान गिरकर दूसरे स्थान पर आ गईं। वहीं, इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट एक बार फिर टॉप पायदान अपने नाम कर चुकी हैं। नैट साइवर-ब्रंट ने सीरीज के अंतिम मैच में 105 गेंदों पर 98 रनों की शानदार पारी खेली थी, जिससे उन्हें जबरदस्त फायदा हुआ। साइवर-ब्रंट ने भारत के खिलाफ तीन मुकाबलों की सीरीज में 53.33 की औसत के साथ 160 रन बनाए। वह सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं, जबकि स्मृति मंधाना तीन मैचों में 38.33 की औसत के साथ 115 रन बना सकीं।,हालांकि, रैंकिंग अपडेट होने के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को फायदा मिला, जो मध्यक्रम में अपने संयमित योगदान की बदौलत 10 स्थान ऊपर चढ़कर 11वें पायदान पर पहुंच गईं। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स भी दो स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गईं। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन ने वनडे गेंदबाजों में शीर्ष स्थान बरकरार रखा, जबकि ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर दूसरे पायदान पर बनी हुई हैं। हालांकि, आयरलैंड की ओरला प्रेंडरगैस्ट सभी विभागों में सबसे बेहतरीन रहीं। 22 वर्षीय आयरिश खिलाड़ी ओरला प्रेंडरगैस्ट ने जिम्बाब्वे के खिलाफ बेलफास्ट में दूसरे वनडे में नाबाद 67 रनों की पारी खेली। इस पारी ने उन्हें वनडे बल्लेबाजी चार्ट में 12 स्थान ऊपर चढ़ाकर संयुक्त 22वें स्थान पर पहुंचा दिया। वह गेंदबाजों की फेहरिस्त में 10 स्थान ऊपर चढ़कर 33वें पायदान पर पहुंच गईं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मेमोरियल अवार्ड 2025 से सम्मानित हुए चन्द्रेश बजाज

- रियल एस्टेट क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य तथा रमादा होटल के सफल संचालन के लिए मिला सम्मान

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** शाकंबरी बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, रांची के निदेशक पवन बजाज के पुत्र चन्द्रेश बजाज को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मेमोरियल अवार्ड 2025 से मुंबई के प्रतिष्ठित ताज होटल में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा वर्तमान सांसद नारायण राणे तथा बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने प्रदान किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान बिहार और झारखंड में शाकंबरी ग्रुप द्वारा रियल एस्टेट क्षेत्र में किए गए विश्वसनीय और उल्लेखनीय कार्य तथा उत्कृष्ट शुद्ध शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराने वाली रमादा होटल की रांची शाखा के सफल संचालन के लिए दिया गया।

गौरतलब है कि रमादा की विश्वभर में 9000 से अधिक शाखाएं हैं, परंतु रांची स्थित रमादा होटल, जिसे पवन बजाज ने स्थापित किया है, झारखंड का पहला पूर्णतः शाकाहारी रमादा होटल है, जो अपनी गुणवत्ता, स्वाद और सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। विदित हो कि शाकंबरी ग्रुप के संस्थापक पवन बजाज को वर्ष 1996 में इंदिरा गांधी प्रियदर्शिनी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। यह पुरस्कार उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती की स्मृति में, उनके कार्यक्षेत्र में दिए गए महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया था। इस प्रकार यह उपलब्धियां न केवल रांची और झारखंड बल्कि पूरे पूर्वी भारत के लिए गर्व का विषय हैं।

## ब्लैक मनी : सरकार ने 10 वर्षों में 35,104 करोड़ रुपए की कर मांग और जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** केंद्र ने 1 जुलाई, 2015 से 31 मार्च, 2025 के दौरान काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत किए गए आकलन के परिणामस्वरूप 21,719 करोड़ रुपए की कर मांग उठाई है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 की विभिन्न धाराओं के तहत लगाए गए जुर्माने के कारण 13,385 करोड़ रुपए की मांग 31 मार्च, 2025 तक की गई है। उन्होंने कहा, "1 जून 2015 से 31 मार्च 2025 तक, काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के अंतर्गत कर, जुर्माना और ब्याज की मांग के विरुद्ध 338 करोड़ रुपए की वसूली की गई है। हालांकि, क्योंकि संग्रह विशिष्ट देशों या विदेशी होल्डिंग्स के प्रकारों से संबंधित नहीं हैं, इसलिए स्विस जमा या विदेशी खातों से संबंधित वसूली के लिए अलग से आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।" इसके अलावा, उन्होंने बताया कि 31 मार्च, 2025 तक, काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 163 अभियोजन शिकायतें दर्ज की गई हैं। इस प्रकार की जांच क्षेत्राधिकार प्राधिकारियों द्वारा मामला-दर-मामला आधार पर की जाती है। राज्य मंत्री के अनुसार, अघोषित विदेशी आय या संपत्ति के मामलों में उत्पन्न कर की मांग कई क्षेत्राधिकारों से संबंधित हो सकती है और ऐसी मांग का देश-वार विभाजन केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाता है।

मोतियाबिन्द
मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम

मोतियाबिन्द के लक्षण
- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता।
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोतरी।
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव, क्योंकि लेंस एक फिल्टर की तरह काम करता है।
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना।
- दिन के समय आँखें चौंधियाना।
- दोहरी दृष्टि (डबल विजन)।
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना।
- उम्र का बढ़ना।

मोतियाबिन्द का उपचार
- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

मोतियाबिन्द की रोकथाम
- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं।
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें।
- रंग-बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें।
- धूम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें।

सभी सरकारी अस्पतालों में नेत्र जाँच एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है

PR No. 358426 (Health Med Edu and Family Welfare)2025-26

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार